दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 151 | जयपुर | रविवार, 06 अप्रैल, 2025 | चैत्र, शुक्ल पक्ष नवमी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## मोदी ने श्रीलंका से मछुआरों की रिहाई की मांग की

### तमिलों को पूरा अधिकार देने को कहा

### विदेशियों को मिलने वाला सबसे बड़ा अवॉर्ड मिला



बढ़ता राजस्थान

**कोलंबो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रीलंका के तीन दिन के दौरे पर हैं। यहां पीएम मोदी और श्रीलंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के बीच द्विपक्षीय बातचीत हुई। इस दौरान मोदी ने भारतीय मछुआरों की गिरफ्तारी पर चर्चा की। मोदी ने कहा कि यह मछुआरों की आजीविका का मुद्दा है। हमने मछुआरों को तुरंत रिहा करने और उनकी नावों को छोड़ने पर बात की है। हम सहमत हैं कि हमें इस मामले में इंसानियत के साथ आगे बढ़ना चाहिए। तमिल मुद्दे पर मोदी ने कहा कि उन्हें यकीन है कि श्रीलंका सरकार तमिलों की उम्मीदों को पूरा करेगी और श्रीलंका के संविधान के तहत मिले पूरे अधिकारों को लागू करेगी।

#### राष्ट्रपति दिसानायके ने कहा

मैंने पीएम मोदी से कहा कि जरूरत के समय भारत की मदद हमारे लिए बेहद अहम रही है। मैंने उन्हें कहा है कि श्रीलंका अपने इलाके का इस्तेमाल भारत के सुरक्षा हितों के खिलाफ नहीं होने देगा।

#### 19 साल से काम रुका हुआ था

सामपुर श्रीलंका के त्रिंकोमाली जिले में स्थित है, जो लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम के प्रभाव वाले क्षेत्रों में शामिल था। 2006 तक सामपुर लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम के नियंत्रण में था। जब श्रीलंकाई सेना ने सैन्य कार्रवाई कर इसे वापस लिया तो कई तमिल परिवार विस्थापित हुए और विवाद शुरू हुआ कि उस जमीन का उपयोग कैसे किया जाए। पहले भारत और श्रीलंका ने मिलकर यहां कोयला आधारित बिजली परियोजना लगाने की योजना बनाई थी, लेकिन तमिल संगठनों और स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया।

उनका कहना था कि यह पर्यावरण को नुकसान पहुंचाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि यह जमीन विस्थापित तमिल परिवारों की है और यहां उन्हें वापस बसाया जाना चाहिए। मोदी को गार्ड ऑफ ऑनर मिला, पहली बार किसी विदेशी नेता का इंडिपेंडेंस स्क्वायर पर स्वागत इससे पहले पीएम मोदी को इंडिपेंडेंस स्क्वायर पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान उन्हें तोपों की सलामी भी दी गई। अधिकारियों के मुताबिक पहली बार श्रीलंका ने किसी मेहमान नेता का इंडिपेंडेंस स्क्वायर पर ऐसा भव्य स्वागत किया गया है। इंडिपेंडेंस स्क्वायर श्रीलंका के ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता हासिल करने की स्मृति में बनाया गया है।

#### भारत-श्रीलंका के बीच मछुआरों का मुद्दा क्या है?

भारत और श्रीलंका के बीच मछुआरों से जुड़ा मुद्दा एक संवेदनशील और लंबे समय से चला आ रहा विवाद है, जो मुख्य रूप से पारंपरिक मछली पकड़ने के अधिकारों और समुद्री सीमा उल्लंघन से जुड़ा है। तमिलनाडु और श्रीलंका के मछुआरे पाक स्ट्रेट और मन्नार की खाड़ी में मछली पकड़ते हैं। यह इलाका समुद्री जैव विविधता से भरपूर है, लेकिन भारत और श्रीलंका की समुद्री सीमाएं निर्धारित हैं, और इनका उल्लंघन करना अंतरराष्ट्रीय अपराध माना जाता है। अक्सर तमिलनाडु के मछुआरे मछली पकड़ने के लिए श्रीलंकाई जल क्षेत्र में घुस जाते हैं।

#### विवाद की 4 बड़ी वजह

1. पारंपरिक रूप से मछली पकड़ने का दावा- भारत के मछुआरे कहते हैं कि वे सदियों से इन जल क्षेत्रों में मछली पकड़ते आ रहे हैं, और यह उनका पारंपरिक अधिकार है।
2. कच्चाथीवू द्वीप- भारत और श्रीलंका के बीच 1974 में एक समझौता हुआ था जिसमें कच्चाथीवू द्वीप श्रीलंका को दिया गया, और दोनों देशों की समुद्री सीमाएं तय की गईं। हालांकि, मछुआरे आज भी उस पर सवाल उठाते हैं।
3. ट्रॉलर का इस्तेमाल- भारतीय मछुआरे मोटर से चलने वाले ट्रॉलरों का इस्तेमाल करते हैं। श्रीलंका के मछुआरे इसका विरोध करते हैं, क्योंकि इससे उनकी आजीविका पर असर पड़ता है।
4. श्रीलंकाई नौसेना की कार्रवाई- जब भारतीय मछुआरे श्रीलंकाई जल सीमा में प्रवेश करते हैं, तो उन्हें श्रीलंकाई नौसेना गिरफ्तार कर लेती है। उनकी नावें जब्त कर ली जाती हैं, और कई बार हिंसा की घटनाएं भी होती हैं।



#### मोदी-दिसानायके ने सामपुर सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया

कोलंबो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और श्रीलंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने संयुक्त रूप से सामपुर सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट का वर्चुअल उद्घाटन किया। सामपुर एक 120 मेगावाट (50 मेगावाट प्रथम चरण + 70 मेगावाट दूसरा चरण) का सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट है, जो श्रीलंका के पूर्वी त्रिंकोमाली जिले में स्थित है। भारत की नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन और श्रीलंका की सेलोन इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड मिलकर इसे डेवलप कर रहे हैं। इस प्रोजेक्ट का मकसद श्रीलंका की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना, जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करना और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना है।

### संक्षिप्त समाचार

#### बेटे कुणाल ने दी मनोज कुमार को मुखाग्नि

**राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार, तिरंगे में लिपटे पार्थिव शरीर को दी गई सलामी**

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एक्टर-डायरेक्टर मनोज कुमार का शनिवार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। मुंबई में जुहू स्थित पवनहंस श्मशान घाट पर उनके पार्थिव शरीर को तिरंगे में लपेटकर लाया गया। यहां उन्हें 21 तोपों की सलामी दी गई। उनके बेटे कुणाल गोस्वामी ने मुखाग्नि दी। उनके अंतिम संस्कार में प्रेम चोपड़ा, सलीम खान, सुभाष घई, अमिताभ बच्चन बेटे अभिषेक के साथ शामिल हुए। बता दें कि शुक्रवार को मनोज कुमार का निधन हो गया था। मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। देशभक्ति की फिल्में बनाने के कारण उन्हें भारत कुमार के नाम से भी जाना जाता है।

#### दिल्ली से श्रीनगर पहुंचकर कटरा में बदलनी होगी ट्रेन

**सुरक्षा कारणों से वंदे भारत के यात्रियों की आईडी जांच होगी, विशेष लाउंज बना रहा रेलवे**

बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर (एजेंसी)।** कश्मीर को शेष भारत से जोड़ने वाली पहली वंदे भारत एक्सप्रेस 19 अप्रैल से कटरा स्टेशन से चलेगी। इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरी झंडी दिखाने जा रहे हैं। यह इस महत्वाकांक्षी रेल प्रोजेक्ट का पहला चरण है। दूसरे चरण में ट्रेन नई दिल्ली से श्रीनगर के बीच चलेगी। रेलवे इसे अगस्त या सितंबर में चलाने की तैयारी कर रहा है। हालांकि, नई दिल्ली से सीधे श्रीनगर एक भी ट्रेन नहीं जाएगी। नॉर्दर्न रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि टिकट नई दिल्ली से श्रीनगर तक का बनेगा, लेकिन यात्रियों को कटरा पहुंचने के बाद ट्रेन बदलनी पड़ेगी। यहीं उनकी सुरक्षा जांच होगी। इस प्रक्रिया में 2-3 घंटे लग सकते हैं। इसके लिए कटरा स्टेशन पर अलग लाउंज बना रहे हैं। यह स्टेशन से बाहर होगा।

#### जयपुर में इंस्टाग्राम फ्रेंड ने किया महिला से रेप

**नशीला पेय पिलाकर बनाया अश्लील वीडियो, ब्लैकमेल कर दो साल में ऐंठे लाखों रुपए**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर एक महिला से रेप करने का मामला सामने आया है। होटल में मिलने बुलाकर नशीला पेय पिलाकर आरोपी इंस्टाग्राम फ्रेंड ने अश्लील वीडियो बनाया। ब्लैकमेल कर दो साल में लाखों रुपए ऐंठ लिए। चित्रकूट थाने में पीड़िता ने आरोपी इंस्टाग्राम फ्रेंड के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच एसआई प्रियंका कर रही हैं। पुलिस ने बताया- चित्रकूट नगर की रहने वाली महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। दिसम्बर-2022 में इंस्टाग्राम पर उसकी दोस्ती पंकज से हुई थी।

## हिंदुओं के मंदिर-पानी और श्मशान एक हों : मोहन भागवत

बढ़ता राजस्थान



**वाराणसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत शनिवार सुबह काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने विधि-विधान से 15 मिनट मंत्रोच्चार के बीच बाबा का दर्शन-पूजन और अभिषेक किया। मंदिर न्यास के पदाधिकारियों के साथ भागवत ने बाबा धाम की भव्यता देखी। उन्हें धाम में चल रही सभी व्यवस्थाओं के बारे में बताया। आज संघ प्रमुख काशी के प्रबुद्धजनों से मुलाकात करेंगे। उनके साथ संघ के विस्तार पर चर्चा करेंगे। वहीं, शुक्रवार शाम मोहन भागवत ने आईआईटी BHU के छात्रों को हिंदुत्व का पाठ पढ़ाया। कहा- हिंदू समाज के सभी पंथ, जाति, समुदाय साथ आएं। श्मशान, मंदिर और पानी सब हिंदुओं के लिए एक होना चाहिए। संघ प्रमुख आईआईटी BHU के जिमखाना मैदान में 70 मिनट तक रहे। उन्होंने आईआईटी के 100 से ज्यादा छात्रों का योग, खेल और वैदिक मंत्रों का उच्चारण देखा। छात्र उन्हें देख कर जय बजरंगी, भारत माता की जय और वंदे मातरम् का उद्घोष करते दिखे। भागवत ने छात्रों से पूछा- क्या आप संघ को समझते हैं, बताइए संघ क्या है? इस पर छात्रों ने कहा- संघ का मतलब हिंदुत्व को बढ़वा देना। सनातन की रक्षा करना। धर्म कोई भी हो, सबकी मदद करना और युवा शक्ति को सही दिशा दिखाना, यही संघ है। मोहन भागवत ने छात्रों से कहा- संघ संगठन का उद्देश्य हिंदू धर्म को मजबूत करने का है। हिंदुत्व की विचारधारा को फैलाना है। भारतीय संस्कृति और उसके सभ्यता के मूल्यों को बनाए रखने के आदर्श को बढ़ावा देना है।

## जितना पाकिस्तान का क्षेत्रफल उससे ज्यादा जमीन वक्फ के पास कुछ बोलो तो देते थे धमकियां,मंडी पहुंची : कंगना

बढ़ता राजस्थान



**मंडी (एजेंसी)।** हिमाचल की मंडी सीट से सांसद एवं बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनोट मंडी पहुंचीं। मंडी के मझवाड़ में एक जनसभा में कंगना ने कहा, जब देश आजाद हुआ, तो ऐसा कहा गया कि पाकिस्तान के हिंदू यहां आ जाए और यहां के मुसलमान पाकिस्तान चले जाएं। हिंदू यहां आएं तो पाकिस्तान सरकार ने उनकी जमीनें जब्त कर दी और जब भारत से मुसलमान पाकिस्तान गए तो उन्होंने सारी जमीन वक्फ को दे दी। कंगना ने कहा, इससे जितना क्षेत्रफल पूरे पाकिस्तान का नहीं है, उतना क्षेत्रफल लेकर बैठें हुए हैं। अगर इनको कुछ कहते हैं तो धमकियां देते हैं, देश जला देंगे। कांग्रेस ने इनको इम्यूनिटी दे रखी थी। इस वजह से कानून और कोर्ट भी इनको न पूछ सका। सांसद ने कहा, क्या कोई संस्था या व्यक्ति कानून से बड़ा हो सकता है। इस तरह का कबाड़ा कांग्रेस ने इस देश का किया हुआ था। कंगना ने कहा, इनके षड्यंत्रों से ग्रसित होकर हमारे देश के कई टुकड़े हो गए।




## पेपरलीक मामले में बाबूलाल कटारा की जमानत खारिज

**निलंबित आरपीएससी मेंबर का तर्क- मुझे झूठा फंसाया; स्पेशल कोर्ट का आदेश- जमानत देना उचित नहीं**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** पेपरलीक मामले में पिछले दो साल से जेल में बंद आरपीएससी के निलंबित सदस्य बाबूलाल कटारा की जमानत याचिका खारिज हो गई है। जयपुर की सीबीआई मामलों की विशेष अदालत ने इस मामले में बाकी आरोपियों की हाईकोर्ट से जमानत खारिज होने और कटारा के खिलाफ सबूतों का हवाला देते हुए जमानत देने से साफ इनकार कर दिया।

कोर्ट ने आदेश में कहा कि इस पूरे मामले में सबूतों को देखते हुए आरोपी जमानत पाने का हकदार नहीं है। मामले में दूसरे आरोपियों की जमानत याचिका हाईकोर्ट खारिज कर चुका है। 24 फरवरी को हाईकोर्ट की एकल पीठ ने जमानत याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान यह साफ कहा था कि सार्वजनिक परीक्षाओं के पेपर लीक होने से समाज पर खराब प्रभाव पड़ता है। इसलिए सारे तथ्यों, परिस्थितियों को देखते हुए और आरोपी के



बाबूलाल कटारा | विजय डामोर

अपराध को देखते हुए जमानत का लाभ दिया जाना उचित नहीं है।

#### कटारा का तर्क- मुझे झूठा फंसाया

बाबूलाल कटारा की ओर से दायर जमानत याचिका में तर्क किया गया कि मामले में झूठा फंसाया गया है और मात्र कयास के आधार पर मुल्जिम बना दिया गया। सेकेंड ग्रेड शिक्षक भर्ती परीक्षा के लीक हुए पेपर से संबंधित कोई भी सबूत उससे बरामद नहीं हुआ है। जिस बस में पेपर सॉल्व हुआ, वहां मौजूद नहीं था, पेपरलीक से संबंधित कोई मामले में वह शामिल नहीं है।

कटारा ने अपनी उम्र का हवाला देते हुए लिखा कि वह 65 साल का बुजुर्ग व्यक्ति है और 2 साल से जेल में है। इस मामले में अभी भी कई संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ जांच लंबित है, ऐसे में इस मामले में समय लगने की संभावना है। इस तर्क पर जमानत आवेदन पेश किया गया था।

#### सरकारी वकीलों की दलील, कटारा पेपरलीक का मुख्य भागीदार

कटारा की जमानत याचिका का विरोध करते हुए सरकारी पक्ष के वकीलों ने कड़ा विरोध जताया। सरकारी वकीलों का तर्क था कि बाबूलाल कटरा ग्रेड सेकेंड टीचर भर्ती पेपरलीक करने का मुख्य भागीदार रहा है और आरपीएससी का मेंबर रहते हुए उनकी भूमिका रही है।

ग्रेड सेकेंड शिक्षक भर्ती परीक्षा के दौरान उसे पेपर बनाने का काम सौंपा गया था। कटारा ने ही पेपर तैयार करवाने के बाद उसे अपने घर लाकर एक रजिस्टर में अपने भांजे विजय डामोर से रजिस्टर में उतरवाया और फिर उस पेपर को फिर से आरपीएससी के दफ्तर में रखवा दिया था। जिस रजिस्टर में पेपर के सवाल लिखे गए, उस रजिस्टर का नकल गिरोह के सरगना अनिल कुमार मीणा ने फोटो खींचकर आगे भेजा।

#### कटारा का अपराध बाकी आरोपियों से भी गंभीर

सरकारी वकीलों ने दलील दी कि इस मामले के आरोपी अनिल कुमार मीणा से कटारा संपर्क में था और उसकी निशानदेही पर ही अनिल मीणा से 51.20 लाख रुपए और 541 ग्राम सोना बरामद किया गया था। कटारा के भांजे से भी पांच तोला सोने का कड़ा और आईफोन बरामद किया गया था, जो पेपर लीक के बदले में मिला था। कटारा के खिलाफ और भी बहुत सारे सबूत हैं। इस मामले के सह आरोपियों की जमानत याचिकाएं हाईकोर्ट खारिज कर चुका है, जबकि कटारा अपराध तो उनसे भी ज्यादा गंभीर प्रकृति का है।

सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# दस दिन पहले डाली गई लाइन में हुए लीकेज

## • हर रोज बेकार बह रहा हजारों लीटर शुद्ध पेयजल
## • घरों में नहीं पहुंच रहा पर्याप्त पानी, लोग परेशान



बढ़ता राजस्थान

**साहवा (कृष्ण कुमार)।** जलदाय विभाग के अधिकारियों की उदासीनता और पेयजल लाइन डालने वाले ठेकेदार की घोर लापरवाही सामने आई, जहां दस बारह दिन पहले डाली गई नई पेयजल लाइन में लीकेज के कारण पिछले 10 दिन से नियमित हजारों लीटर शुद्ध पेयजल बेकार में बह रहा है जिसके चलते मोहल्ले के घरों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंचने के कारण गर्मी में लोगो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है लेकिन इसके बावजूद संबंधित ठेकेदार और जलदाय विभाग अधिकारियों द्वारा की ध्यान नहीं दिया जा रहा।

वार्ड 13 के जागरूक नागरिक महेंद्र सरावगी ने बताया कि वार्ड 13 में एसबीआई बैंक के पीछे के रास्ते पर पुरानी लाइन होने के कारण वर्षो से पेयजल की समस्या बनी हुई थी जिसके चलते पिछले दिनों जलदाय विभाग द्वारा 225 एमएम की नई पेयजल लाइन डाली गई। नई लाइन में घरों के कनेक्शन होने के बाद पिछले 10 दिन से लाइन में किए गए कई कनेक्शन लीकेज हो गए है। जिसके चलते हर रोज हजारों लीटर शुद्ध पेयजल व्यर्थ बह रहा है। लाइन में लीकेज के चलते पानी का पूरा प्रेशर नहीं होने के कारण घरों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा जिसके चलते गर्मी के मौसम में पानी की भारी किल्लत पैदा होने के कारण वार्ड के लोगो को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि हालात इस कदर बने हुए है कि उक्त रास्ते पर लीकेज का पानी बेकार बहने के कारण पूरा रास्ता पानी से लबालब भर जाता है जिसके कारण आमजन का यहां से पैदल गुजरना तक मुश्किल हो जाता है। महेंद्र सरावगी ने बताया कि पिछले 10 दिन से नियमित बेकार बह रहे पेयजल को लेकर जलदाय विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से लेकर संबंधित ठेकेदार को बार बार अवगत करवाने के बाद उनके कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही। वार्ड के लोगो का आरोप है कि विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार द्वारा जानबूझकर अनदेखी की जा रही है एक ओर जहां मोहल्लेवासियों को गर्मी में पानी की कमी के कारण भारी परेशानी उठानी पड़ रही है जबकि दूसरी तरफ हर रोज हजारों लीटर शुद्ध पेयजल बेकार में बह रहा है।

### आवागमन का है मुख्य रास्ता

**वार्ड 13 का यह मुख्य रास्ता तारानगर सड़क से लेकर वार्ड 14, सीएचसी, एसबीआई, बड़ौदा बैंक, उपतहसील कार्यालय आदि स्थानों को मुख्य बाजार को जोड़ने का महत्वपूर्ण रास्ता है जहां दिनभर लोगों का आवागमन बना रहता है लेकिन लीकेज के कारण रास्ते पर पानी भराव के कारण यहां से पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है। मोहल्लेवासियों का कहना है स्थानीय जनप्रतिनिधि भी अक्सर यहां से होकर गुजरते रहते है लेकिन सभी ने समस्या से मुंह फेर रखा है जिसके चलते वार्ड के लोगो में गहरा रोष है।**

### अधिकारी नहीं उठाते फोन

जलदाय विभाग द्वारा डाली गई नई पेयजल लाइन में लीकेज के कारण व्यर्थ बह रहे पेयजल को लेकर बढ़ता राजस्थान प्रतिनिधि ने विभाग के अधिशाषी अभियंता तारानगर और कनिष्ठ अभियंता साहवा से इस संबंध में तीन चार रोज पूर्व दूरभाष पर बात वार्ता करनी चाही। लेकिन दोनों अधिकारियों के कॉल रिसीव नहीं किया।

## गौरव सिंह राठौड़ ने बीटेक राज्य मैरिट में हासिल किया 5 वां स्थान

### 90 प्रतिशत अंकों के साथ किया कॉलेज टॉप




बढ़ता राजस्थान

**साहवा (कृष्ण कुमार)।** जब कुछ कर गुजरने का जुनून सिर पर सवार हो तथा मन में दृढ़ हौंसला हो तो सफलता आपके कदम चूमती है इसी वाक्य को सही साबित कर दिखाया गौरव सिंह राठौड़ ने। हा कुछ ऐसा ही जुनून सवार हुआ दूधवाखारा के निवासी गौरव सिंह राठौड़ के सिर पर। चुरु जिले के एक छोटे से गांव दूधवाखारा का विद्यार्थी जिसने तकनीकी शिक्षा में बड़ी सफलता हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। दूधवाखारा निवासी बजरंग सिंह राठौड़ (हैड कांस्टेबल) के पुत्र गौरव सिंह राठौड़ ने कोटा तकनीकी विश्वविद्यालय की बीटेक अंतिम वर्ष 2024 की परीक्षा में 90 प्रतिशत अंकों के साथ राज्य मैरिट में 5 वां स्थान हासिल करते हुए कॉलेज टॉप किया है। जयपुर के पूर्णिमा इंजीनियरिंग कॉलेज में बीटेक (सूचना तकनीकि) अंतिम वर्ष के विद्यार्थी गौरव सिंह राठौड़ ने कॉलेज टॉप के साथ राज्य मैरिट में 5 वां स्थान प्राप्त करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। राठौड़ की इस उपलब्धि पर उनके परिजनों और गौरव सिंह राठौड़ को बड़ी संख्या में लोगों ने दूरभाष पर बधाई दी। गौरव सिंह राठौड़ ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी कठिन मेहनत और अपने माता- पिता और परिवारजनों के आशीर्वाद को दिया। पूर्णिमा इंजीनियरिंग कॉलेज जयपुर द्वारा आयोजित 10 वें लघु दीक्षांत समारोह में शनिवार को गौरव सिंह राठौड़ को बीटेक की उपाधि, प्रमाण पत्र आदि देकर सम्मानित किया गया। विदित रहे गौरव सिंह राठौड़ साहवा थाने के हैड कांस्टेबल बजरंग सिंह राठौड़ के पुत्र हैं। गौरव की इस उपलब्धि पर साहवा कस्बे से बड़ी संख्या में लोगों ने उनके पिता को बधाई दी। गौरव राठौड़ वर्तमान में सेलेबल टेक्नोलॉजीज कंपनी जयपुर में डाटा इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं।

## केंद्रीय गृह मंत्री, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री एवं मुख्यमंत्री का बावड़ी के बाबा बालनाथ आश्रम में दौरा आज

### चारागाह भूमि, जहां बन रहा हैलीपेड उसे भूमाफिया से खाली कराने में सामाजिक कार्यकर्ता पूरण यादव की विशेष भूमिका



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** राजमार्ग स्थित बाबा बालनाथ आश्रम बावड़ी में प्रस्तावित केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव व राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों को लेकर विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़, संभागीय आयुक्त पूनम, आईजी अजय पाल लांबा, जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल एवं एसपी राजन दुष्यंत समेत सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण सभा स्थल, सुरक्षा प्रबन्ध, यातायात नियंत्रण, पार्किंग, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, चिकित्सा सुविधाओं सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा करने में जूटे हुए है। इस ऐतिहासिक स्थल की जगह को भूमाफिया से खाली कराने में सामाजिक कार्यकर्ता पूरण यादव लाडाकाबास की विशेष भूमिका रही है। जिसके बदौलत आज यहाँ लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं समेत बड़ी संख्या में राजनैतिक हस्तियों का आवागमन होगा। उपखंड क्षेत्र में लोगों की जूबां पर आज केवल यादव का हि नाम चर्चा का विषय बना है, कि यादव के त्याग तपस्या, संघर्ष से सैकड़ों बीघा चारागाह जमीन को भू-माफिया से अतिक्रमण मुक्त कराया गया। जिसमें वर्ष पर्यंत चल रहे 108 कुंडीय महामृत्युंजय यज्ञ के समापन समारोह के लिए हैलीपेड बनाने के उपयुक्त जगह काम आ सकी। भूमाफिया से खाली हुए स्थान की पवित्र जगह यज्ञ में काम आने से क्षेत्र के लोगों को बड़ा सूकून मिला और जनहित में उनका हौसंला भी बढ़ेगा। सामाजिक कार्यकर्ता पूरण यादव ने बताया कि अहीर कि बावड़ी पावटा में 108 कुण्डलीय महामृत्युंजय यज्ञ कि पूर्ण आहुति पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव व राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के लिए चिन्हित बेस किमती जगह पर हैलीपेड बनाया जा रहा है। यह चारागाह भूमि ग्राम पंचायत लाडाकाबास की खसरा नं 3195/ 109 व 3196/ 109 एवं 109 में लगभग 100 बीघा भूमि से अधिक का अतिक्रमण रेवेन्यू विभाग के मुख्य सचिव अर्पणा अरोड़ा सचिवालय के आदेशों से पावटा उपखंड अधिकारी को कारवाई करने के निर्देशित किया था।

## विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया ने सुनी जनसुनवाई

### अधिकारियों को समस्याओं के जल्द निस्तारण के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**तारानगर/साहवा (कृष्ण कुमार )।** स्थानीय विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया ने अपने आवास पर जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनी तथा मौके पर ही अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए।

शुक्रवार को अपने निज आवास तारानगर में जनसुनवाई करते हुए विधायक नरेंद्र बुडानिया आमजन से रूबरू हुए। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों लोग अपनी समस्या लेकर पहुंचे तथा विधायक को अपनी समस्याओं से अवगत करवाया। जिस पर विधायक बुड़ानिया ने समस्यायो से संबधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं के जल्द से जल्द निराकरण के निर्देश दिए। इस मोके पर प्रधान संजय कस्वां, ब्लॉक अध्यक्ष वेद प्रकाश सहारण, बीडीसी सदस्य मोहरसिँह ज्याणी, हरिसिंह बेनीवाल, बाबू हुसैन कुरैशी, मानसिंह सैनी, भागीरथ भामी, भगतसिंह भाकर, कुंदन सैनी, हनुमान कस्वां, रामस्वरूप झाझड़िया, प्रकाश खैरवा, अकरम बिसायती, राजकुमार, श्रवण गडाणा, मोहरसिँह धाणक सहित काफी संख्या लोग मौजूद थे।

## पीएफसी एज्यूकेशन का 17वां केमपस प्लेसमेन्ट ड्राइव आयोजित

### शानदार सफलता-केप्सीटेक ने एसीसीए छात्रों को दिए सुनहरे अवसर, पैकेज ने बनाया रिकॉर्ड

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** पीएफसी एयूकेशन ने एक बार फिर करियर बिल्डिंग की दिशा में एक और बड़ा कदम बढ़ाते हुए अपने 17वें केम्पस प्लेसमेन्ट ड्राइव का भव्य आयोजन किया। इस बार पीएफसी के इन-हाउस एम्प्लॉयर केप्सीटेक ने हमारें एसीसीए सेंटर पर कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में हिस्सा लिया और छात्रों को इंटरव्यू के ज़रिए सिलेक्ट किया।

पीएफसी एज्यूकेशन की निदेशक मिनाक्षी भेरवानी ने बताया कि केप्सीटेक की ओर से इंटरव्यू लेने पहुंचे आनंद सोनी, हुपेन्द्र सिंह, और विजय गांधी ने छात्रों की स्किल्स, कॉन्फिडेंस और नॉलेज का गहराई से मूल्यांकन किया। छात्रों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया और केप्सीटेक में सेलेक्ट हुए। पीएफसी एज्यूकेशन की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही है कि जब से संस्थान की शुरुआत हुई है, तब से हर 3 महीने में कैंपस प्लेसमेंट आयोजित किया जा रहा है। जहां आम छात्रों के मन में होता है सवाल की 卐जॉब मिलेगी या नहीं? वहां पीएफसी एयूकेशन गर्व से कहता है कि 卐हमें तो अब स्टूडेंट्स कम पड़ रहे हैं।अब तक पीएफसी केम्पस प्लेसमेन्ट ड्राईव के ज़रिए एसीसीए कंप्लीट कर चुके स्टूडेंट्स को 3 लाख से 6 लाख तक के पैकेज पर इंटर्न के रूप में हायर किया जा चुका है,वहीं फ्रेश एसीसीए क्वालिफायर्स को सीधे 8 लाख से 12 लाख के पैकेज पर हायर किया गया है और ये सभी सेलेक्शन पीएफसी के माध्यम से हुए हैं।

## प्रागपुरा में सार्वजनिक चौक चौराहे व मुख्य रास्ते भगवा ध्वज से संजे

### श्रीराम जन्मोत्सव व रामनवमीं पर विशाल शोभायात्रा आर्ज



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** नगरपालिका पावटा प्रागपुरा पालिका क्षेत्र के प्रागपुरा कस्बे में श्रीराम नवमी के पावन पर्व पर 06 अप्रैल को भगवान श्रीराम की विशाल शोभायात्रा निकाली जायेगी। इस महोत्सव को लेकर चारों ओर लोगों में उत्साह का माहौल है और कस्बा धर्ममय बना है। हिंदू उत्सव समिति सदस्य नरेश स्वामी ने बताया कि मुख्य बाजार व गली मौहल्लों में निरन्तर सजावट का कार्य जारी है। सार्वजनिक चौक चौराहे व मुख्य रास्ते भगवा ध्वज से संज चुके है। समाजसेवी राजेन्द्र सोनी ने बताया की मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जन्मोत्सव 06 अप्रैल को बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया जायेगा। वहीं प्रागपुरा में प्रभू श्रीराम व अघोरी, राधा-कृष्ण, शंकर-पार्वती की सजीव झांकी नासिक के प्रसिद्ध ढोल की ताल पर निकाली जायेगी। झांकी दोपहर 02 बजे गुजेड़ा धाम से रवाना होकर सांयकाल में मुख्य बाजार स्थित सुभाष चौक पहुंचकर एक सभा में तब्दील हो जायेगी। राजेन्द्र कुमार जांगिड़ ने बताया कि इस मौके पर ग्रामीणों द्वारा भव्य आतिशबाजी व वृन्दावन के कलाकारों द्वारा पट्टाबाजी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कलाकारों द्वारा भी विभिन्न कर्तव्य दिखाये जायेंगे।

### माता के दरबार में रातभर झूमते रहे श्रद्धालु

## साहवा के चामुंडा माता मंदिर में भव्य जागरण का हुआ आयोजन

### रूकनसर धाम के गुलाबनाथ महाराज ने दी भजनों की शानदार प्रस्तुतियां






बढ़ता राजस्थान

### बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने रातभर जमकर उठाया भजनों का लुत्फ

**साहवा (कृष्ण कुमार)।** कस्बे के मुख्य बाजार स्थित चामुंडा माता मंदिर में नवरात्रा के उपलक्ष्य पर जागरण का आयोजन किया गया। जागरण में माता रानी का भव्य दरबार सजाया गया। साथ ही देवी चामुंडा का मनमोहक श्रृंगार भी किया गया। पुजारी दीनदयाल जोशी ने माता रानी की ज्योति जगाकर और पूजा अर्चना करवाकर जागरण की शुरुआत की । शनिवार संध्या को हुए जागरण कार्यक्रम में रूकनसर धाम से आए सुप्रसिद्ध गायक कलाकार गुलाबनाथ महाराज और उनकी टीम द्वारा माता के भक्ति भजन के अतिरिक्त माता के जीवनी आधारित चित्रण किया, जिसे देखने के लिए श्रोताओं व दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी । भजनों की शानदार प्रस्तुतीयो पर मौजूद श्रोता भक्ति भाव से ओतप्रोत हो गये। एक से एक बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति के कारण श्रोता व दर्शक भक्ति रस में गोता लगाते रहे । कार्यकम के आकर्षक गुलाबनाथ महाराज ने चालो चालों ए सखी सत्संग में चाला....,आवो नी आवो म्हारा सतगुरु पावणा.....,नम शिवाय नम शिवाय रटता जाय...,बाईसा घूमर घालो तो राणो ढोल बजाव ..., मोर छडी लहराई रे.... ओ रसिया ओ सांवरा..., झिणो झिणो कजरो सार ले सुहागण... आदि भजनों की एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतीयो से श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। उन्होंने शानदार भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को रातभर थिरकने पर मजबूर कर दिया और भजनों की शमा में श्रोताओं को बांधे रखा। गुलाबनाथ महाराज को सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रोताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम को लेकर विगत तीन चार दिनों धूमधाम से तैयारी चल रही थी।

इस दौरान मंदिर को रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया। कस्बे सहित आस पास के ग्रामीण अंचल से आए श्रोताओं की सेवा में मंदिर कारसेवकों ने रातभर माता के दरबार में अपनी सेवाएं दी। जागरण में पहुंचे सभी श्रद्धालुओं को मातारानी का प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर पुजारी दीनदयाल जोशी ने बताया कि नवरात्रा महोत्सव के तहत चामुंडा माता के दरबार में हुए भव्य जागरण में रूकनसर धाम के सुप्रसिद्ध गायक कलाकार गुलाबनाथ महाराज, कैलाश नाथ महाराज और उनकी टीम के कलाकारों ने माता रानी, हनुमान जी महाराज , बाबा श्याम आदि के भजनों की शानदार प्रस्तुतिया देकर श्रद्धालुओं को रातभर थिरकने को मजबूर कर दिया। माता रानी के जागरण में बड़ी संख्या में शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से श्रद्धालु पहुंचे और माता के दरबार में माथा टेक कर परिवार में खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर देवेंद्र जोशी, एलडीसी विनोद जोशी, रामवतार जोशी, राकेश सांकरोत, अशोक जोशी, महेंद्र सरावगी, मारुति लमानी, राकेश सैनी, छबीलाराम जोशी, विजय उपाध्याय आदि भगतगण मौजूद रहे।

## पनाशे 2025-एसपीएसयू में प्रतिभा और उत्साह का भव्य उत्सव सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** सर पदमपत सिंघानिया विश्वविद्यालय (एसपीएसयू), उदयपुर में दो दिवसीय वार्षिक तकनीकी, प्रबंधन, खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव पनाशे-2025 का आयोजन किया गया। यह दो दिवसीय आयोजन छात्र परिषद एवं छात्र कल्याण विभाग के संयुक्त प्रयास से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

महोत्सव की शुरुआत एक रक्तदान शिविर से हुई, जो विद्यार्थियों की सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक बना। इस शिविर का उद्घाटन कर्नल प्रकाश, कमांडिंग ऑफिसर एनसीसी तथा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. पृथ्वी यादव द्वारा किया गया। दोनों ने छात्रों को इस पुनीत कार्य में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

इसके बाद परिसर में छह तकनीकी प्रतियोगिताएं और दो प्रबंधन गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें न केवल एसपीएसयू बल्कि एमएलएसयू और पेसिफिक यूनिवर्सिटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्रों द्वारा संचालित 'कार्निवल हब' ने उत्सव में अतिरिक्त जीवंतता जोड़ दी। यहाँ फूड स्टॉल, गेम्स और आर्ट एग्ज़िबिशन ने छात्रों की रचनात्मकता और उद्यमशीलता को उजागर किया। कार्यक्रम का समापन एक सम्मान समारोह के साथ हुआ, जिसमें तकनीकी, प्रबंधन, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। आयोजन की सफलता में छात्र कल्याण विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिसमें उप अधिष्ठाता डॉ. डी.एस. चौहान सहित समस्त संकाय सदस्यों एवं छात्र संयोजकों का सराहनीय सहयोग रहा। पनाशे-2025 ने छात्रों को शिक्षा, मनोरंजन और सहभागिता का एक ऐसा मंच दिया, जिसे सभी लंबे समय तक याद रखेंगे।

## जेएसजी लेकसिटी का शपथग्रहण समारोह आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** जैन सोश्यल ग्रुप लेकसिटी उदयपुर का शपथग्रहण समारोह आज सोभागपुरा सौ फीट रोड़ स्थित शुभ केशर गार्डन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मंगलाचरण एवं नवकार महामंत्र से हुआ। आरम्भ में ग्रुप के निवर्तमान अध्यक्ष नरेन्द्र लोढ़ा ने दिया एवं वर्ष 2023 -25 की गतिविधियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। समारोह के मुख्य अथिति एवं शपथ प्रदाता मेवाड़ रिजन के चौयरमेन अरुण मांडोत, विशिष्ट अतिथि जे.एस.जी.आई.एफ के अंतराष्ट्रीय उपाध्यक्ष आर सी मेहता,जे.एस.जी.आईएफ के अंतराष्ट्रीय निदेशक अनिल नाहर एवं रिजन चौयरमेन इलेक्ट पारस ढेलावत, रिजन सचिव आशुतोष सिसोदिया एवं ज़ोन कोर्डिनेटर नितिन सेठ थे जिनका ग्रुप पदाधिकारियों द्वारा पगड़ी ,उपरना एवं प्रतिक चिन्ह भेट कर सम्मान किया गया।

अरुण मांडोत ने वर्ष 2025 -27 की नवगठित टीम के अध्यक्ष अनिल सांखला ,उपाध्यक्ष पंकज पोरवाल, सचिव मनोज सिंघवी,,कोषाध्यक्ष प्रदीप सांखला, सहसचिव कैलाश जैन के कुशल नेतृत्व में कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती संगीता बोहरा ,श्रीमती किरण जैन, श्रीमती नीलिमा सांखला ,महावीर वगेरिया,हितेष पोखरणा, मनीष राटोदिया ,सुशील कावड़िया,मुकेश बोहरा ,संजय जैन,पंकज मांडावत को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष अरुण बोर्दिया,हेमंत ओस्तवाल, पारस जैन उपस्थित थे।

इस अवसर पर अरुण मांडोत ने कहा कि आने वाले दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण रूप से थीम बेस होंगे। फ़ेडरेशन के दो बड़े ऐतिहासिक भव्य राष्ट्रीय कार्यक्रम मेवाड़ रीजन की मेजबानी में होंगे। इसी तरह जे.एस.जी.आई.एफ के अंतराष्ट्रीय उपाध्यक्ष आर सी मेहता ने कहा कि मेवाड़ हमेशा भव्य कार्यक्रमों से फेडरेशन में इतिहास बनाता है। जे.एस.जी.आई.एफ के अंतरास्ट्रीय निदेशक अनिल नाहर ने बताया कि बंधुत्व से प्रेम एवं बधुत्व से सेवा के साथ बंधुत्व से व्यापार को भी प्रथमिकता देनी होगी। नव निर्वाचित ग्रुप अध्यक्ष अनिल सांखला ने कहा कि हमारा ग्रुप सेवा का एक स्थायी सिग्नेचर प्रोजेक्ट लेकर कार्य करेंगे एवं संगठन की थीम बंधुत्व से प्रेम,सेवा सहयोग,व्यापार आधारित कार्यक्रम वर्ष भर किए जाएंगे।

# नामदेव टांक समाज का सामूहिक विवाह आज, 15 जोड़े बंधेंगे वैवाहिक बंधन में

## सामाजिक सरोकार के तहत हुआ रक्तदान शिविर, सीपीआर प्रशिक्षण दिया गया






बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर/ जयपुर।** अखिल भारतीय नामदेव टांक क्षत्रिय महासभा के 17 वें सामूहिक विवाह आ आयोजन के तहत रविवार को 15 युवक युवतियां वैवाहिक गठबंधन में बंधेंगे। रविवार को महर्षि दयानंद सरस्वती भवन में सुबह बारात की निकासी होगी। इसके बाद फेरे होंगे। महासभा के अध्यक्ष राम किशोर अपूर्वा ने बताया कि शनिवार को रातानाडा गणेश मंदिर से गणेश पूजा की शुरूआत की गई। इसके बाद दूल्हा दुल्हन की हल्दी, मेंहदी की रस्म निभाई गई।

मोहित टेलर ने बताया कि माहेश्वरी जनोपयोगी भवन में युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया। आयोजन में महामंत्री देवराज सारण ने बताया कि आयोजन में समाज के भामाशाह सुरेश बाटू (गुलाब चंद प्रिंट्स), महावीर टेलर (रामाज कुर्तीस एंड रिसोर्ट )जगदीशप्रसाद वर्मा, रामगोपाल बरनिया, रमेश तोलम्बिया, रामगोपाल तोलम्बिया,अश्विनी रूणवाल, रामअवतार नागर, मदन चौहान, गोविन्द बेदी, मूलचन्द गहलोत, मोहनलाल सर्वा, बालकिशन नेगी, मंजू वर्मा, रमेश रूणवाल का सम्मान किया गया, संयोजक अमरचंद तोलंबिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### पर्यावरण संरक्षण के वचन के साथ विदाई

महासभा उपाध्यक्ष मोहनलाल तोलंबिया ने बताया कि रविवार को सात फेरों के बाद सभी नवविवाहित युगल और समाज जनों को पर्यावरण संरक्षण करने का वचन दिलाया जाएगा इसके बाद विदाई होगी। इसके बाद उपहार प्रदान कर विदाई होगी।

### 60 यूनिट हुआ रक्तदान

विवाह आयोजन समिति के अध्यक्ष देवकिशन एवं अध्यक्षा सुनीता नेगी ने बताया कि शनिवार को सामाजिक सरोकार के तहत महासभा की और से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। बताया कि शिवर में समाज के युवाओं ने 60 यूनिट रक्तदान किया। इसके महात्मा गांधी अस्पताल ब्लड बैंक की टीम ने अपनी सेवाएं दी। चिकित्सा प्रभारी अरविंद अपूर्वा ने बताया कि समाज की महिलाओं और पुरुषों को डॉ राजेंद्र तातेड ने सीपीआर का प्रशिक्षण दिया।

## होटल में मिलने बुलाकर नशीला पेय पिलाकर महिला से दुष्कर्म

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** चित्रकूट थाना इलाके में इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर एक महिला से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीडिता का आरोप है कि आरोपित ने उसे होटल में मिलने बुलाकर नशीला पेय पिलाकर दुष्कर्म किया और फिर अश्लील वीडियो बना लिया। अब आरोपित अश्लील वीडियो करने की धमकी लाखों रुपए ऐंठ लिए। इस संबंध में पीडिता थाने पहुंची और मामला दर्ज करवाया।

पुलिस ने बताया कि चित्रकूट इलाके की रहने वाली महिला ने मामला दर्ज करवाया है कि दिसम्बर-2022 में इंस्टाग्राम पर उसकी दोस्ती पंकज से हुई थी। इस दौरान आरोपी ने उसके मोबाइल नंबर ले लिए। दोनों की आपस में बातचीत होने लगी। आरोप है कि साल-2023 में मिलने के बहाने आरोपी ने उसे होटल में बुलाया। होटल में मिलने जाने पर धोखे से नशीला पेय पिला दिया। बेहोशी की हालत में आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बना लिया। अश्लील वीडियो से ब्लैकमेल कर पिछले दो साल में आरोपी ने लाखों रुपए ऐंठ लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी है।

### मिलने के बहाने बुलाकर युवती से जबरदस्ती

वहीं सदर थाना इलाके में होटल में मिलने के बहाने बुलाकर एक युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि जालोर की रहने वाली 22 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया है कि कुछ समय पहले उसकी मुलाकात बाड़मेर निवासी आरोपी से हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी ने दोस्ती कर ली। मिलने के बहाने आरोपी ने बुलाकर उसके साथ जबरदस्ती की। विरोध करने पर डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। अपने मोबाइल में उसका अश्लील वीडियो बना लिया। अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर मिलने बुलाकर देह शोषण करने लगा। वीडियो डिलीट करने की बजाय उसके और वीडियो बना लिए। दिसम्बर-2024 में ब्लैकमेल कर धमकाकर जयपुर बुलाया। रेलवे स्टेशन के पास स्थित एक होटल में उसके साथ दुष्कर्म किया। ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर पीड़िता ने थाने में मामला दर्ज करवाया।

## वाणिज्य के क्षेत्र में रोजगार के अवसर विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।

कस्बे के राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में शनिवार को वाणिज्य संकाय द्वारा वाणिज्य के क्षेत्र में रोजगार के अवसर विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए प्राचार्य डॉ. आर. के. सिंह ने विद्यार्थियों को कैरियर के प्रति जागरूक रहते हुये मार्गदर्शन का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया। संगोष्ठी में रिसोर्स पर्सन डॉ. प्रभात शर्मा ने एनसीएस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की। डॉ. खेमचंद गुर्जर ने वाणिज्य के विद्यार्थियों हेतु सरकारी क्षेत्र में रोजगार के अवसर विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। व्यवसाय प्रशासन विभाग के सहायक आचार्य मुकेश कुमार अग्रवाल ने सिविल सर्विसेज की तैयारी के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया एवं अपने अनुभवों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। एबीएसटी विषय के सहायक आचार्य आलेख कौडिन्य ने वाणिज्य विषय के विद्यार्थियों के लिये सीए, एमबीए आदि प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। ईएएफएम विषय के सहायक आचार्य डॉ. सुधीर यादव ने बैंकिंग एवं बीमा क्षेत्र में रोजगार के अवसर पर प्रकाश डाला। संचालन डॉ. प्रभात शर्मा ने किया। इस दौरान एमकॉम के विद्यार्थी संदीप सैनी ने एनसीएस पोर्टल पर स्वयं का रजिस्ट्रेशन कर पंजीकरण प्रक्रिया की पूर्ण जानकारी प्रदान की। सहायक आचार्य नरेंद्र कुमार मीणा ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। सह आचार्य कपूर चंद वर्मा ने आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

## लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी कर ले गए चोर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** श्याम नगर थाना इलाके में दिनदहाड़े सूने मकान में चोरी का मामला सामने आया है। जानकारी में सामने आया कि परिवार के लोग तीये की बैठक में गए हुए थे,इस दौरान बदमाश लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस ने पीड़ित के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

पुलिस ने बताया कि चोरी की वारदात किशन नगर श्याम नगर निवासी संजीव कुमार माथुर (54) के घर हुई। जो तीन अप्रैल को छोटी बहन की तीये की बैठक में वह परिवार के साथ गए थे। पीछे से बदमाशों ने दिन-दहाड़े सूने मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी में रखे लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी कर ले गए। वारदात का पता वापस लौटने पर चलने पर पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर वारदात स्थल के आस-पास सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर चोरों की तलाश कर रही है।

## जनसमिति सैनी सभा संस्था द्वारा आमसभा का आयोजन

### महात्मा ज्योतिबा फुले संस्थान का अध्यक्ष हनुमान प्रसाद सैनी(नेताजी)बने




बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )** । स्थानीय सैनी सभा भवन नंबर एक(सैनी छात्रावास)में जनसमिति सैनी सभा संस्था द्वारा आम सभा का आयोजन किया गया।जिसकीअध्यक्षता जनप्रमुख रामौतार सैनी द्वारा की गई।जिसमें महात्मा ज्योतिबा फुले संस्थान का अध्यक्ष हनुमान प्रसादसैनी(नेताजी)को सर्वसम्मति से चुना गया तथा11अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती मनाने के लिए समाज की आम मिटिंग में विचार विमर्श कर महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर नगर भ्रमण झांकी एवं रैली निकाल कर बड़ी धूम-धाम से मनाने का निर्णय लिया गया इस अवसर पर जगदीश प्रसाद खेमजी,बिडदीचन्द हवलदार, जगदीश प्रसाद सैनी पूर्व मंडी अध्यक्ष, राजेन्द्र सैनी पूर्व पार्षद,कैलाश कपड़े वाले,ओमप्रकाश सैनी,दिलावर सैनी, पप्पूराम बायलान,महेश कुमार सैनी,रामजीलालसैनी,भीखाराम सैनी, सत्यनारायण सैनी,फूलचंद नेताजी,पत्रकार बिल्लूराम सैनी,प्रमोद पार्षद,पूर्व अध्यक्ष राकेश सैनी,योगेश सैनी,कमल सैनी,रामसिंह

सैनी,रोहिताश,लीलाराम सैनी,मोनु सैनी,बिन्टू सैनी,मोहनलाल सैनी, प्रकाश तोंदवाल एवं जनसमिति कार्यकारिणी प्रहलाद सैनी,सुन्दर लाल पार्षद,रणजीत सैनी,मंच संचालन नत्थूराम सैनी ने किया इस अवसर पर समाज के सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे ।

## नवम पाटोत्सव का आयोजन, श्री निंबार्क कृष्ण बिहारी जी भगवान के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम







बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। श्री निंबार्क कृष्ण बिहारी जी भगवान के नवम पाटोत्सव के उपलक्ष्य में राधा गोविंद मंदिर, गोल्डन डोम से कलश शोभा यात्रा प्रारंभ होकर सेवाकुंज आश्रम, जगतपुरा स्थित भागवत स्थल तक पहुंची। इस भव्य आयोजन का नेतृत्व संत बाबा श्री कृष्ण शरण (कल्याण दास जी) द्वारा किया गया। इस शुभ अवसर पर श्री निंबार्क पीठाधीश्वर श्री श्री जी महाराज का स्वागत किया गया। इसके बाद, दोपहर 1 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक श्री भागवत कथा का रसपान कराया गया। व्यास पीठ पर श्री रमेश चंद जी शास्त्री ने भागवत के महत्व और इसे सुनने के कारणों पर विस्तार से प्रकाश डाला। रात्रि 8 बजे से वृंदावन के भुवनेश्वर जी वशिष्ठ द्वारा रासलीला का आयोजन किया गया, साथ ही श्री राधाकांत दास जी मंडली द्वारा अखंड हरी नाम संकीर्तन भी किया गया।जैसा कि मीडियाकर्मी बनवारी लाल विजय ने बताया।

## त्वचा के काले व भद्दे निशानों को यूनानी चिकित्सा द्वारा कैसे हटाये - डॉ. लियाक़त अली मंसूरी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** शरीर पर कुछ ऐसे हिस्से होते है जो बाकी हिस्सों से काले और भद्दे दिखाई देते हैं । जैसे निचले होठ के नीचे,गर्दन,नाभि, घुटने,मुआँसे वाले हिस्से , गर्भावस्था के दौरान बनने वाली लाइन (लिनिया निग्रा) , रांग और उसके आसपास के हिस्से और हिप्स पर । यह काले निशान ख़राब रखरखाव या ख़राब स्वच्छता की वजह से हो सकते हैं । ऐसे काले निशानों लेकर कई बार चिन्ता होने लगती हैं ख़ास कर महिलायें को ।

**यूनानी चिकित्सा—ऐसे काले व भद्दे निशानों को हटाने के लिये निम्न प्रयोग करें**

1 . इसके लिए रात को सोने से पहले नींबू , ग्लिसरीन ,काफूरी मरहम ( यूनानी) और ज़ैतून तेल को मिक्स करके पेस्ट तैयार करें फिर काले निशानों पर लगा कर छोड़ दीजिये सुबह उठ कर नहा लें ।
2 . सुबह नहाने से पहले दही, नींबू रस और खाने का सोडा सभी को मिक्स करके पेस्ट तैयार करें फिर नहाने से दस मिनट पहले इस पेस्ट को निशानों पर लगाये फिर धो कर नहा लें ।
3 . तुर्की स्नान भी करें ।
4 . अर्क शाहतरा बीस बीस मिली लीटर सुबह शाम पिए ।
5 . माजून उशबा को एक एक चम्मच चाट लें ।
6 . ज्वारिश आमला एक एक चम्मच सुबह शाम लें ।



**डॉ .लियाक़त अली मंसूरी**
**(यूनानी चिकित्सक एवं हिजामा थेरेपी स्पेशियलिस्ट)**
**एस.एम.एस.अस्पताल, जयपुर (राज.)**

## विधवा एवं जरुरतमंद महिलाओं को खाद्य सामग्री किट किए वितरित

### हर महिने वितरित की जाएगी खाद्य सामग्री - सिद्धांत शर्मा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( बाबू अंसारी )।** ज्योति नगर स्थित कठपुतली नगर में सेवा मिशन संस्था की ओर से पूर्व की भांति शनिवार को भी खाद्य सामग्री किट का वितरण किया गया। जिसमें विधवा, असहाय एवं जरुरतमंद महिलाओं को खाद्य सामग्री के किट वितरित कर सामाजिक सरोकार निभाए।

कार्यक्रम आयोजक एवं राजस्थान कच्ची बस्ती महासंघ के संस्थापक उपाध्यक्ष डॉ. ओपी टांक के अनुसार 11 परिवारों से शुभारंभ किए गए इस आयोजन के तहत आज 20 परिवारों को खाद्य सामग्री के किट वितरित किए गए। इस मौके पर उपस्थित अतिथि सेवा मिशन संस्था के अध्यक्ष एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एंटी टास्क फोर्स) सिद्धांत शर्मा, डॉ. ओपी टांक, नीरज टांक, विकास समिति के उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, विनोद भाट आदि ने जरुरतमंद महिलाओं को खाद्य सामग्री के किट वितरित किए। संस्था अध्यक्ष एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धांत शर्मा के अनुसार ये किट हर महिने दिए जा रहे है। जिसमें प्रतिमाह विधवा महिलाओं की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। उक्त सेवा कार्य निरंतर जारी रहेगा।

### सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे -डॉ. ओपी टांक

वहीं भाजपा कच्ची बस्ती प्रकोष्ठ के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ . ओपी टांक ने कहा कि कच्ची बस्ती में बैठकर गरीब महिलाओं के प्रति जिनका समाज व परिवार में ध्यान नहीं रखने वाले लोगों को जागरूक करके उन्हें एक महीने की खाद्य सामग्री का वितरण किया गया और उनकी देखभाल का जिम्मा लिया। ऐसे सेवा कार्यक्रम निरंतर जारी रहेंगे।

## जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर फील्ड में उतरे अधिकारी

- शनिवार को छात्रावासों एवं पीएम श्री विद्यालयों में लिया व्यवस्थाओं का जायजा
- स्वास्थ्य केन्द्रों का भी किया निरीक्षण, मौके पर जाकर जांची मनरेगा की प्रगति



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर जिले के प्रशासनिक अधिकारियों ने शनिवार को फील्ड में मोर्चा संभाला। उपखण्ड अधिकारियों, खण्ड विकास अधिकारियों एवं तहसीलदार सहित अन्य उच्चाधिकारियों ने क्षेत्र का दौरा कर कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावासों, पीएम श्री विद्यालयों, स्वास्थ्य केन्द्रों में व्यवस्थाओं का जायजा लिया साथ ही मौके पर जाकर महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के तहत जारी कार्यों का भी निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर अपने उपखण्ड क्षेत्र के पीएम श्री विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति, शिक्षण व्यवस्था, साफ-सफाई, मिड डे मील की गुणवत्ता, खेल मैदान, शौचालय, कंप्यूटर लैब, वाचनालय सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान कई पीएम श्री विद्यालयों में जारी निमार्ण कार्य की गुणवत्ता जांच भी की।

जिला कलक्टर के निर्देश पर अधिकारियों ने जिलें में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावासों का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने छात्रावास में भवन की स्थिति, साथ सफाई, भोजन की गुणवत्ता, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल की उपलब्धता सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं एवं इंतजामों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्रा प्रवेश पंजिका, स्टाफ उपस्थिति पंजिका, राशन एवं रोकड़ पंजिका, भंडार पंजिका एवं मैस समिति बैठक पंजिका सहित अन्य पंजिकाओं एवं दस्तावेजों की जांच की। साथ ही उन्होंने मौके पर मौजूद छात्रावास में रह रहे विद्यार्थियों से संवाद कर व्यवस्थाओं को लेकर फीडबैक भी लिया।

वहीं, अधिकारियों ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का भी औचक निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों, चिकित्सा कर्मियों एवं सहित अन्य कार्मिकों की उपस्थिति, स्वास्थ्य केंद्र में दवाओं, जांचों, चिकित्सकीय उपकरणों सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता की जांच की। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र में मौजूद मरीजों एवं तीमारदारों से संवाद कर फीडबैक भी लिया। जिला कलक्टर के निर्देशों की अनुपालना में अधिकारियों ने मौके पर जाकर महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के तहत जारी कार्यों का भी निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। साथ ही, फार्मर रजिस्ट्री शिविरों के फॉलोअप कैंप में भी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने निर्धारित प्रारूप में अपनी रिपोर्ट जिला कलक्टर को सौंपी है।

## डाबला रोड पर क्षतिग्रस्त सड़क से आमजन परेशान, लोगों ने स्वयं भरे गड्ढे

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )** । कस्बे के डाबला रोड की क्षतिग्रस्त सड़क आमजन और व्यापारियों के लिए मुसीबत बन गई है। राजस्थान ब्रिज कॉरपोरेशन कंपनी द्वारा मरम्मत कार्य न किए जाने के कारण सड़क पर गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है।समाजसेवी रतनलाल शर्मा के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए स्वयं के खर्च पर गड्ढों को भरने का कार्य किया। सड़क पर 24 घंटे उड़ती धूल से आसपास के लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में कई बार आंदोलन किए गए, लेकिन प्रशासन की ओर से सिर्फ आश्वासन ही मिले।क्षेत्र की जनता ने समाजसेवी रतनलाल शर्मा के इस कार्य की सराहना की और हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।

## सम्पादकीय

# राजनीति का केंद्र बिंदु और देश की उम्मीदों का प्रतिबिंब भाजपा

भारतीय जनता पार्टी की साढ़े चार दशकों से अधिक की यात्रा भारतीय राजनीति के इतिहास में एक संघर्षशील, प्रेरणादायी और गौरवशाली अध्याय के रूप में दर्ज है। हर वर्ष 6 अप्रैल को पार्टी कार्यकर्ता देश भर में स्थापना दिवस को एक संकल्प के रूप में मनाते हैं। यह एक ऐसी यात्रा है जो दृढ़ संकल्प, निष्ठा, निरंतरता और जनसेवा के प्रति अटूट समर्पण के साथ आगे बढ़ती जा रही है। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को इस बात का गर्व होता है कि वह अपनी पार्टी के माध्यम से एक ऐसी विचारधारा को लेकर आगे बढ़ रहा है, जिसका मात्र एक उद्देश्य 'राष्ट्र प्रथम' है।

यह विचार का वह बीज था, जिसने पहले भारतीय जनसंघ और बाद में भारतीय जनता पार्टी की इस ऐतिहासिक यात्रा की मजबूत नींव रखी। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत के बहुमुखी विकास की यह यात्रा अनवरत आगे बढ़ रही है। आजादी मिलने के बाद जब राष्ट्रवादी दृष्टिकोण रखने वाले डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और कांग्रेस के बीच वैचारिक मतभेद उभरे तो इन मतभेदों ने एक नई राह को जन्म दिया, जिसने देश के सामने एक मजबूत विकल्प प्रदान किया। उस दौर से आज तक कई अन्य राजनीतिक दल परिवारवाद, भ्रष्टाचार, विचारशून्यता और दिशाहीनता के शिकार होकर कमजोर पड़ते गए, लेकिन अपने विचारों के प्रति कटिबद्ध भारतीय जनता पार्टी आज देश के जनमानस में अमिट छाप छोड़ रही है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के दर्शन ने हमें मानवता और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा दी। तमाम राजनीतिक उतार-चढ़ाव के साथ 6 अप्रैल, 1980 को इसी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई। यह वह दिन था, जब भाजपा ने एक नई शुरुआत की, जो आज स्थापना दिवस के रूप में हर पार्टी कार्यकर्ता के लिए गर्व का प्रतीक है। हमारी जड़ें 1951 में स्थापित जनसंघ की प्रेरणा से जुड़ी हैं। उसके बाद 1977 में जनता पार्टी में विलय एक अस्थायी पड़ाव था, लेकिन वैचारिक असहमति ने हमें फिर से स्वतंत्र रूप से संगठित होने के लिए प्रेरित किया। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और एकात्म मानववाद भारतीय जनता पार्टी के मूल सिद्धांत बने, जो आज भी हमारी पहचान हैं। हालांकि शुरुआती दिनों में भी चुनौतियां कम नहीं थीं। स्थापना के बाद हुए 1984 के लोकसभा चुनाव में हमें मात्र दो सीटें प्राप्त हुईं। निश्चित रूप से यह एक कठिन दौर था, लेकिन पार्टी कार्यकर्ता अपने विचारों के साथ अडिग रहकर समाज के बीच कार्य करते रहे। 1989 के बाद पार्टी ने राष्ट्रीय मंच पर अपनी उपस्थिति को मजबूत किया। लोकसभा में तो उसकी संख्या बढ़ी ही, कई राज्यों में भी वह प्रभावशाली शक्ति बनकर उभरी। 1999 में अटल बिहारी वाजपेयी के कुशल नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी एनडीए की स्थिर सरकार बनी। भारतीय राजनीति में यह एक ऐतिहासिक क्षण था। वर्ष 2014 से लगातार मिल रहे जन आशीर्वाद के बाद यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि भारतीय जनता पार्टी देश की आशा, आकांक्षाओं और उम्मीदों का प्रतिबिंब बन गई है। यह केवल आंकड़ों की बात नहीं थी, बल्कि यह उस विश्वास का प्रतीक था, जो जनता ने भाजपा पर जताया है। आज, इस अमृतकाल में भारतीय जनता पार्टी भारतीय राजनीति का केंद्र बिंदु बन चुकी है। यह वह तथ्य है, जिसकी कोई भी अनदेखी नहीं कर सकता। अपने सुदीर्घ कार्यकाल में सेवा और सुशासन का लक्ष्य लेकर काम कर रही मोदी सरकार ने देश की प्रगति को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। विरासत और विकास की अवधारणा को मूर्त आकार दिया है। गरीब, वंचित, पिछड़ा, महिला सहित सर्वसमाज को उनके जीवन में बेहतरी के लिए बदलाव की गारंटी का भरोसा हासिल हुआ है। भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा मजबूत हुई है। दुनिया के तमाम देश भारत को वैश्विक मुद्दों पर समाधान की पहल करने वाले देश के रूप में देख रहे हैं। पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को लेकर भारत वैश्विक पटल पर ग्लोबल साउथ की मजबूत आवाज बनकर उभरा है।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 6 अप्रैल की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- राजकुमार खुसरो ने 1606 में अपने पिता मुगल शासक जहांगीर के खिलाफ बगावत की।
- फ्रांस ने 1672 में नीदरलैंड के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- अमेरिकी नागरिक मैथ्यू हैंसन और राबर्ट पियेरी ने 1909 में पहली बार उत्तरी ध्रुव पर पहुंचने का दावा किया।
- प्रथम विश्व युद्ध में अमेरिका ने 1917 में जर्मनी के खिलाफ़ युद्ध की घोषणा की।
- रोलेट एक्ट के खिलाफ शुरू किए गए सविनय अवज्ञा आंदोलन के तहत महात्मा गांधी जी ने 1919 में पहली अखिल भारतीय हड़ताल का आह्वान किया।
- इटली में फासिस्टों ने 1924 के चुनाव में भारी जीत दर्ज किया।
- जापानी विमानों ने 1942 में पहली बार भारत पर बम गिराए।
- अमेरिका ने 1955 में परमाणु परीक्षण किया।
- सोवियत संघ ने 1957 में परमाणु परीक्षण किया।
- भारतीय तैराक मिहिर सेन ने 1966 में पाक जलडमरूमध्य तैर कर पार किया।
- भारत की राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी की 1980 में आज ही के दिन स्थापना हुई।
- दक्षिण अटलांटिक महासागर में स्थित उपनिवेश फ़ाकलैंड पर 1982 में अर्जेन्टीना ने अधिकार किया।
- पाकिस्तान ने मीडियम रेंज मिसाइल 'गौरी बैलिस्टिक' का 1998 में सफलतापूर्वक परीक्षण किया।
- नेपाल में 1999 में पुन: पांच सौ रुपये के भारतीय नोट चलाने की घोषणा।
- इटली में 2009 में आये 6.3 तीव्रता वाले जबरदस्त भूकंप के कारण लगभग 258 लोगों की मौत।
- भारत के वित्त मंत्री प्रणब मुखर्जी और भारत दौरे पर आए अमेरिकी वित्त मंत्री टिमोथी गेथनर ने 2010 में आर्थिक साझेदारी के समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- राही सरनोबत ने 2013 को दक्षिण कोरिया के चांगवान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज़ी खेल परिसंघ विश्व कप प्रतियोगिता की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।
- अफ्रीकी देश नाइजीरिया के मिदलू गांव में 2013 में हुए हमले में 11 लोगों की मौत हो गई।

### 6 अप्रैल को जन्मे व्यक्ति

- हैदराबाद के अंतिम निज़ाम उस्मान अली खान का 1886 में जन्म।
- राजनीतिज्ञ प्यारेलाल खण्डेलवाल का 1929 में जन्म।
- प्रसिद्ध फ़िल्म अभिनेत्री सुचित्रा सेन का 1931 में जन्म।
- प्रसिद्ध क्रिकेटर दिलीप वेंगसरकर का 1956 में जन्म।
- बालीवुड अभिनेता संजय सूरी का 1971 में जन्म।

### 6 अप्रैल को हुए निधन

- सिख धर्मगुरु हर किशन का 1664 में निधन।
- प्रसिद्ध हिन्दी सेवी और प्रकाशक महाशय राजपाल का 1929 में निधन।

# अमेरिकी टैरिफ-भारत को नुकसान या फायदा ?



सुनील कुमार महला

**टैरिफ मैन द्वारा टैरिफ की घोषणा के बाद शेयर बाजार में भी गिरावट देखी गई। पाठकों को बताता चलूं कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रेसिप्रोकल टैरिफ का सीधा असर भारतीय शेयर बाजार पर देखने को मिला है और मार्केट ओपन होने के साथ ही बीएसई सेंसेक्स व एनएसई निफ्टी बुरी तरह टूट गए।शेयर बाजार में गिरावट के साथ ही इंडियन करेंसी भी गुरुवार(3 अप्रैल 2025) को टूटी है और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 26 पैसे गिरकर 85.78 पर आ गया। न केवल भारतीय बाजार बल्कि यूएस स्टोक मार्केट भी क्रैश हुआ। पाठकों को बताता चलूं कि गुरुवार को एस एंड पी 500 में वर्ष 2020 के बाद से सबसे बड़ी एक दिन की गिरावट दर्ज की गई।**

हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने टैरिफ की घोषणा की है। गौरतलब है कि ट्रंप के 60 देशों पर पारस्परिक टैरिफ लगाया है। इनमें भारत भी शामिल है। अमेरिका ने भारत पर 27 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला किया है। यहां यदि हम टैरिफ की बात करें तो यह वस्तुओं के आयात पर लगाए जाने वाला सीमा शुल्क या आयात शुल्क है, जिसे आयातक की तरफ से सरकार को देना होता है। आम तौर पर कंपनियां इनका बोझ उपयोगकर्ताओं पर डालती हैं। दूसरे शब्दों में, इसका असर आम लोगों की जेब पर ही पड़ता है। वहीं यदि हम जबाबी टैरिफ की बात करें तो यह शुल्क व्यापारिक साझेदारों की तरफ से लगाए जा रहे शुल्क में वृद्धि या उच्च शुल्क के जवाब में लगाया जाता है। ट्रंप की टैरिफ घोषणा से वैश्विक व्यापार पर एक नया असर पड़ना स्वाभाविक ही है। डाऊ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 4.0त्न गिरावट के साथ 40,545.93 पर बंद हुआ। इसने 1,600 अंकों से अधिक का गोता लगाया। ट्रंप के टैरिफ ने निवेशकों में दहशत फैला दी है, और बाजार को लग रहा है कि इससे मंदी, महंगाई और कमजोर मुनाफे का दौर शुरू हो सकता है। कुल मिलाकर अमेरिकी बाजार छह प्रतिशत तक गिरा। मार्केट कैप करीब 2 ट्रिलियन डॉलर घट गया। यहां तक कि एप्पल और नाइकी के शेयर 15 प्रतिशत तक टूट गये। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि एप्पल के आईफोन मुख्य रूप से चीन में बनाए जाते हैं और ट्रंप के टैरिफ का सबसे बड़ा असर भी चीन पर ही पड़ा है। बहरहाल,गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में भारत पर 26 प्रतिशत रियायती पारस्परिक शुल्क लगाने की घोषणा की है, जो भारत द्वारा अमेरिकी वस्तुओं पर लगाए गए 52 प्रतिशत शुल्क का आधा है। पाठकों को बताता चलूं कि ट्रंप ने भारत को बहुत कठोर बताया है। उन्होंने यह बात कही है कि, यह मुक्ति दिवस है, एक ऐसा दिन जिसका हम लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। 2 अप्रैल 2025 को हमेशा उस दिन के रूप में याद किया जाएगा, जिस दिन अमेरिकी इंडस्ट्री का पुनर्जन्म हुआ, जिस दिन अमेरिका ने नियति को पुन: प्राप्त किया और जिस दिन हमने अमेरिका को फिर से समृद्ध बनाना शुरू किया। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा है कि हम अमेरिका को अच्छा और समृद्ध बनाएंगे। बहरहाल, जो भी हो डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ घोषणा से वैश्विक व्यापार पर असर पड़ता लाज़िमी ही है। पाठक जानते होंगे कि ट्रंप ने भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के तकरीबन सभी प्रमुख देशों पर पारस्परिक टैरिफ की घोषणा की है। उनकी घोषणा के तुरंत बाद ही बाजारों में हलचल देखने को मिली। अमेरिका का दावा है कि भारत पर 26 फीसदी का शुल्क, भारत द्वारा अमेरिकी उत्पादों पर लगाए गए 52 फीसदी टैरिफ के जवाब में है, जो उनके अमेरिका फर्स्ट एजेंडे का ही हिस्सा है। दरअसल, ट्रंप यह बात बहुत पहले से ही कहते आए हैं कि यदि कोई देश अमेरिकी सामान पर ज्यादा आयात शुल्क लगाता है, तो अमेरिका भी उस देश से आयात होने वाली चीजों पर ज्यादा टैरिफ लगाएगा। कहना ग़लत नहीं होगा कि भारत अमेरिकी वस्तुओं पर सबसे ज्यादा टैरिफ लगाने वाले देशों में शामिल है और इसे देखते हुए हाल ही में ट्रंप द्वारा लगाया गया जवाबी शुल्क अप्रत्याशित नहीं है। वास्तव में भारत अमेरिका को काफी वस्तुओं का निर्यात करता है। पाठकों को बताता चलूं कि अमेरिका की नई टैरिफ पॉलिसी के तहत भारतीय उत्पादों पर 27 फीसदी तक टैरिफ लगाया जाएगा। इसमें एक यूनिवर्सल 10 फीसदी टैरिफ भी शामिल है, जो 5 अप्रैल से प्रभावी हो जाएगा।

वहीं, 27 फीसदी टैरिफ 9 अप्रैल से लागू होगा। अमेरिका द्वारा घोषित इस नए टैरिफ से भारत के कई एक्सपोर्ट सेक्टर्स पर असर पड़ने की आशंका है। इनमें झींगा मछली, कालीन, गोल्ड जूलरी, चिकित्सा उपकरण जैसे उत्पाद शामिल हैं। गौरतलब है कि अमेरिका भारतीय झींगा मछली का सबसे बड़ा बाजार है और हाई टैरिफ के कारण भारतीय झींगा अमेरिकी बाजार में कम प्रतिस्पर्धी हो जाएगी। उपलब्ध जानकारी के अनुसार अमेरिका पहले से ही भारतीय झींगा पर डंपिंग-रोधी और प्रतिपूरक शुल्क लगा रहा है। भारत अपने झींगा निर्यात का 40त्न अमेरिका को भेजता है, जहां इसके मुख्य प्रतिस्पर्धी इक्वाडोर और इंडोनेशिया हैं। वास्तव में, कृषि क्षेत्र में अमेरिका के जवाबी टैरिफ का सबसे अधिक प्रभाव मछली, मांस और प्रसंस्कृत समुद्री भोजन के निर्यात पर पड़ेगा। वर्ष 2024 में इनका निर्यात 2.58 अरब डॉलर था। अब हालिया घटनाक्रम के बीच इस क्षेत्र पर 27.83 प्रतिशत से अधिक टैरिफ का भार बढ़ सकता है। इसी प्रकार से अमेरिका भारत से बड़ी मात्रा में कालीनों का भी आयात करता है। जानकारी के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में यह(कालीन आयात) लगभग 2 अरब डॉलर का था। नए टैरिफ से इस सेक्टर पर भी व्यापक असर पड़ेगा। इतना ही नहीं अमेरिका भारत से रत्न और आभूषणों का भी बड़ी संख्या में आयात करता है।एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में भारत ने वैश्विक स्तर पर 32.85 अरब डॉलर के रत्न और आभूषण निर्यात किए, जिसमें अमेरिका का हिस्सा 30.28त्न (10 अरब डॉलर) था। नए टैरिफ से इस सेक्टर पर भी बहुत असर पड़ेगा। जानकारी के अनुसार तराशे हुए हीरे पर शुल्क 0त्न से 20त्न तक और सोने के आभूषणों पर 5.5-7त्न तक बढ़ सकता है। इतना ही नहीं,अमेरिका द्वारा चिकित्सा उपकरण निर्यात पर 27त्न टैरिफ लगाने से इस सेक्टर की ग्रोथ के लिए चुनौतियाँ पैदा हो सकती हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का अमेरिका को चिकित्सा उपकरण निर्यात 71 करोड़ 43.8 लाख डॉलर था। संक्षेप में कहें तो टैरिफ से हमारे देश के कृषि, ऑटोमोबाइल, दवा, स्वर्ण आभूषण जैसे क्षेत्रों पर बड़ा असर हो सकता है। वहीं, रसायन और दवा क्षेत्र में यह 8.6 प्रतिशत, प्लास्टिक के लिए 5.6, वस्त्र-परिधान 1.4, हीरे, सोने व आभूषणों के लिए 13.3 फीसदी, लोहा, इस्पात और आधार धातुओं के लिए 2.5 प्रतिशत, मशीनरी व कंप्यूटर के लिए 5.3 प्रतिशत, इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए 7.2 फीसदी व ऑटोमोबाइल और ऑटो घटकों के लिए टैरिफ का यह अंतर 23.1 फीसदी है।

## रामनवमी

# श्रीराम के प्रकृति-प्रेम की सकारात्मक ऊर्जा



ललित गर्ग

**भारतीय संस्कृति में हरे-भरे पेड़, पवित्र नदियां, पहाड़, झरनों, पशु-पक्षियों की रक्षा करने का संदेश हमें विरासत में मिला है। स्वयं भगवान श्रीराम व माता सीता 14 वर्षों तक वन में रहकर प्रकृति को प्रदूषण से बचाने का संदेश दिया। ऋषि-मुनियों के हवन-यज्ञ के जरिए निकलने वाले ऑक्सीजन को अवरोध पहुंचाने वाले दैत्यों का वध करके प्रकृति की रक्षा की। जब श्रीराम ने हमें प्रकृति के साथ जुड़कर रहने का संदेश दिया है तो हम वर्तमान में क्यों प्रकृति के साथ खिलवाड़ करने में लगे हैं। हमारा कर्तव्य है कि हम प्रकृति की रक्षा करें।**

एक युगांतरकारी घटना के तहत भगवान श्रीराम पांच सौ वर्षों के बाद टेंट से निकलकर मन्दिर में स्थापित हुए। भारत के जन-जन को रामराज्य की सकारात्मक ऊर्जा मिलने लगी है, भारत ने एक नये युग में प्रवेश किया। जितनी आस्था एवं भक्ति से जन-जन ने श्रीराम के प्रति भक्ति एवं आस्था व्यक्त की है, उतनी ही आस्था एवं संकल्प से अब हर व्यक्ति को श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारना होगा, स्वयं को श्रीराममय एवं प्रकृतिमय बनाना होगा, तभी प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव रामनवमी मनाना सार्थक होगा। श्रीराम के चौदह वर्ष के वनवास से हमें पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा मिलती है। जन्म, बचपन, शासन एवं मृत्यु तक उनका सम्पूर्ण जीवन प्रकृति-प्रेम एवं पर्यावरण चेतना से ओतप्रोत है। आज देश एवं दुनिया में पर्यावरण प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन ऐसी समस्याएं हैं जिनका समाधान श्रीराम के प्रकृति प्रेम एवं पर्यावरण संरक्षण की शिक्षाओं से मिलता है। गोस्वामी तुलसीदास ने 550 साल पहले रामचरित मानस की रचना करके श्रीराम के चरित्र से दुनिया को श्रेष्ठ पुत्र, श्रेष्ठ पति, श्रेष्ठ राजा, श्रेष्ठ भाई, प्रकृति प्रेम और मर्यादा का पालन करने का संदेश दिया है। रामचरित मानस एक दर्पण है जिसमें व्यक्ति अपने आपको देखकर अपना वर्तमान सुधार सकता है एवं पर्यावरण की विकराल होती समस्या का समाधान पा सकता है। भारतीय समाज का तानाबाना दो महाकाव्यों रामायण एवं महाभारत के इर्द-गिर्द बुना गया है। इनमें जीवन के साथ मृत्यु को भी अमृतमय बनाने का मार्ग दिखाया गया है। इनमें सशरीर मोक्ष मार्ग के अद्भुत एवं विलक्षण उदाहरण हैं। रामायण में प्रभु श्रीराम चलते हुए सरयू नदी में समा जाते हैं और महाभारत में युधिष्ठिर हिमालय को लांघकर मोक्ष को प्राप्त होते हैं। इन दोनों ही घटनाओं में महामानवों ने मृत्यु का माध्यम भी प्रकृति यानी नदी एवं पहाड़ को बनाकर जन-जन को प्रकृति-प्रेम की प्रेरणा दी है। लेकिन हम देख रहे हैं कि आज हमने मोक्षदायी नदी और पहाड़ों की ऐसी स्थिति कर दी है कि वहां मोक्ष तो क्या जीवन जीना भी कठिन हो गया है। क्या हम नदियों एवं पहाड़ों को मोक्षदायी का सम्मान पुन: प्रदान कर पाएंगे। यह हमारे जमाने का यक्षप्रश्न है जिसका उत्तर देने श्रीराम और युधिष्ठिर नहीं आएंगे, लेकिन हमें ही श्रीराम एवं युधिष्ठिर बन कर प्रकृति एवं पर्यावरण के आधार नदियों एवं पहाड़ों के साथी बनना होगा, उनका संरक्षण एवं सम्मान करना होगा। आज संपूर्ण विश्व में नदियों, पहाड़ों, प्रकृति के प्रदूषण को लेकर चिंता व्यक्त की जा रही है, लेकिन हजारों साल पहले भगवान श्रीराम ने प्रकृति के बीच रहकर प्रकृति को बचाने के लिए प्रेरित किया। भगवान श्रीराम वनवास काल में जिस पर्ण कुटीर में निवास करते थे वहां पांच वृक्ष पीपल, काकर, जामुन, आम व वट वृक्ष था जिसके नीचे बैठकर श्रीराम-सीता भक्ति आराधना करते थे। जो धर्म की रक्षा करेगा धर्म उसी की रक्षा करेगा। आदर्श समाज व्यवस्था का मूल आधार है प्रकृति एवं पर्यावरण के साथ संतुलन बनाकर जीना। रामायण में आदर्श समाज व्यवस्था को रामराज्य के रूप में बताया गया है उसका बड़ा कारण है प्रकृति के कण-कण के प्रति संवेदनशीलता।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान



अनीष कुमार सैनी
( सिनीयर फार्मासिस्ट )

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं अनीष कुमार सैनी जोकि अलवर सामान्य चिकित्सालय में सिनीयर फार्मासिस्ट के पद पर कार्यरत हैं। जन्म अलवर में ही जन्में स्कूली शिक्षा चिल्ड्रन अकादमी सीनियर सेकंडरी स्कूल ओवर ब्रिज के पास अलवर से की। फार्मेसी की डिग्री अलवर फार्मेसी कॉलेज से की और ऑल इंडिया लेवल का आरपीएटी एग्जाम दो बार क्वालीफाई किया। मास्टर्स इन फार्मेसी के दौरान सरकारी जॉब (फार्मासिस्ट) मे सिलेक्शन हों जाने के कारण मार्स्टस इन फार्मेसी को पूरा नहीं कर पाया तथा जिस दिन सरकारी नौकरी मे सैलेक्श्न हुआ उसके अगले दिन बड़े भाई स्वर्गीय श्री विनय सैनी इस दुनिया मे नहीं रहे। ये वक्त बड़ा ही मार्मिक और अद्भुत था। आज तक मैं खुद इनके घर परिवार का एक हिस्सा रहा हूं इनके बड़े भाई विनय बहुत ही शानदार युवा था इनकी सरकारी नौकरी लगने की खुशी को महसूस भी नहीं कर पाए कोई क्योंकि भाई के चले जाने का वज्रपात इनके ऊपर हुआ। पहली पोस्टिंग सन 2012 मे अजमेर मे राजकीय चिकित्सालय बिजयनगर मे हुई वहां से पीएमओ अलवर में वर्तमान मे राजकीय राजीव गाँधी चिकित्सालय मे सेवा दे रहे हैं। बहुत ही सरल व सहज इंसान के रूप में इन्हें जाना जाता है। मरीज व उनके परिजनों से बेहद शानदार ढ़ंग से पेश आना इनके व्यक्तित्व में चार चाँद लगाता है। अच्छे कार्यो में रूचि और अच्छे लोगों से दोस्ती करना इन्हे सच में अनीष बनाता है। टीम बढ़ता राजस्थान इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## 2025_091
बढ़ता राजस्थान

Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | 8 | | 1 | 6 | 3 |
| | 3 | 7 | | | 1 | | | |
| 9 | | | 3 | 5 | | | 2 | |
| | | 9 | | | | 6 | | 1 |
| 2 | | | | 7 | | 8 | 5 | |
| | 5 | | 6 | | 4 | 9 | 7 | |
| 3 | | 5 | 4 | 6 | 8 | | 1 | |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 9 | 3 | | | 5 |
| 7 | | | 5 | | | 3 | 8 | |

Ans_2025_090

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 4 | 8 | 3 | 2 | 7 | 6 | 9 |
| 3 | 7 | 9 | 6 | 5 | 1 | 2 | 8 | 4 |
| 8 | 6 | 2 | 9 | 7 | 4 | 3 | 1 | 5 |
| 2 | 8 | 5 | 3 | 6 | 7 | 4 | 9 | 1 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 2 | 8 | 5 | 3 | 6 |
| 4 | 3 | 6 | 1 | 9 | 5 | 8 | 7 | 2 |
| 6 | 4 | 7 | 5 | 8 | 9 | 1 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 8 | 2 | 4 | 3 | 6 | 5 | 7 |
| 5 | 2 | 3 | 7 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
गृहस्थ जीवन में सुख-शांति का अनुभव होगा। मित्रों से मुलाकात होगी। आय में वृद्धि होगी। उत्तम वैवाहिक सुख की प्राप्ति होगी। अविवाहितों का रिश्ता पक्का होने की संभावना बनी रहेगी। आज आपके हरेक कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे।

### वृष
शारीरिक अस्वस्थता के साथ-साथ मानसिक चिंता में वृद्धि होगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव होगा। उग्र वाणी और अहं के टकराव से किसी के साथ झगड़े या विवाद की स्थिति बन सकती है।

### मिथुन
विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। संतान के अध्ययन या अन्य मामलों के पीछे धन खर्च या पूंजी निवेश होगी। कलाकारों तथा खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का उत्तम समय है। सरकार से लाभ होने की संभावना है।

### कर्क
पिता तथा अभिभावकों का सहयोग प्राप्त होगा। मन आनंदित रहेगा। फिर भी स्वभाव में उग्रता का असर आपकी वाणी पर न पड़े, इसका ध्यान रखें। वैवाहिक जीवन में प्रेम बना रहेगा। स्वास्थ्य संबंधी मामूली शिकायत रहेगी।

### सिंह
व्यवसाय करने वालों को सरकार की तरफ से लाभ मिलने और नौकरीपेशा को उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि मिलेगी। भाई-बंधुओं और पड़ोसियों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

### कन्या
आप पूरे दिन शारीरिक और मानसिक थकान महसूस करेंगे। परिश्रम की अपेक्षा कम सफलता मिलने से निराशा रह सकती है। नौकरी और व्यापार के संबंध में थोड़ा चिंतित रहेंगे। काम की भागदौड़ में परिवार की तरफ ध्यान नहीं दे पाएंगे।

### तुला
कोर्ट-कचहरी का कामों को आज टाल देना हितकर है। आज विविध क्षेत्र में लाभ मिलने से आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ और प्रफुल्लित रहेंगे। मित्रों के साथ मुलाकात, रमणीय स्थानों पर प्रवास पर्यटन का आयोजन होगा।

### वृश्चिक
किसी के साथ गलतफहमी होने के कारण मनमुटाव हो सकता है। पारिवारिक वातावरण खराब हो सकता है। अत्यधिक धन खर्च होगा। भरपूर आत्मविश्वास और दृढ़ निर्णय के कारण आज आप कोई भी काम त्वरित निर्णय लेकर पूरा करेंगे।

### धनु
गृहस्थ जीवन में आनंद छाया रहेगा। मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी-व्यवसाय में प्रगति होगी। अधिकारी और घर में बड़ों से लाभ मिलेगा। धन लाभ होगा। व्यापारियों को उधार दिया पैसा मिलेगा। संतान की प्रगति से मन खुश रहेगा।

### मकर
आपके व्यवहार से किसी को हानि न पहुंचे, इसका ध्यान रखें। आज आप सभी काम दृढ़ आत्मविश्वास और मनोबल से पूरा करेंगे। नौकरी-धंधे में उच्च अधिकारी या भागीदार के क्रोध का शिकार बनना पड़ेगा।

### कुंभ
लंबे प्रवास का आयोजन संभव होगा। विरोधियों से विजय प्राप्त करेंगे। दिन के दौरान आकस्मिक घटनाओं में व्यस्त रहेंगे। आज आप शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता अनुभव करेंगे। परिणामस्वरूप मन में नकारात्मक विचार पैदा होंगे।

### मीन
शारीरिक स्वास्थ्य बना रहेगा। मित्रों, स्नेहीजनों से लाभ होगा। शरीर में थकान और बेचैनी रहेगी। स्वास्थ्य नरम-गरम रहेगा। मन चिंता से व्याकुल रहेगा। आज यात्रा स्थगित रखने की सलाह दी जाती है। संतान के विषय में चिंता रहेगी। पाचन तंत्र संबंधी कोई तकलीफ हो सकती है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

## मुख्य कार्यकारी अधिकारी बुडानिया ने किया आकस्मिक निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** पंचायत समिति सवाई माधोपुर की ग्राम पंचायत खिलचीपुर रावल एवं कुण्डेरा का शनिवार को जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया ! उन्होंने ग्राम पंचायत खिलचीपुर में उद्यान विकास कार्य एवं लर्निंग सेंटर निर्माण कार्य तथा सांसद कोष के कार्यों का गहनता से निरीक्षण किया ग्राम पंचायत रावल में एसएफसी योजना अंतर्गत बन रहे सीसी रोड निर्माण कार्य माताजी मंदिर चारदीवारी निर्माण कार्य खेल मैदान निर्माण कार्य श्मशान घाट में इंटरलॉकिंग कार्य की गुणवत्ता एवं पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए निरीक्षण कर जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश विकास अधिकारी जगदीश मीणा को दिए को दिए! ग्राम पंचायत कुंडेरा में अस्पताल में बनाए जा रहे सामुदायिक भवन निर्माण कार्य एवं इंटरलॉकिंग कार्य का निरीक्षण भी किया। सीईओ बुडानिया द्वारा ग्रामीण विकास पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं के पर्यवेक्षण एवं समयबद्ध संचालन के निर्देश विकास अधिकारी जगदीश मीणा को जारी किए! साथ ही कार्यों में कोताही बरतने वालों के खिलाफ भी अनुशासनात्मक कार्यवाही समय-समय पर करने के निर्देश दिए! ग़ौरतलब है की बुड़ानिया द्वारा राज्य सरकार द्वारा संचालित ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की योजनाओं को धरातल पर उतारने के प्रयास किये जा रहे हैं ताकि आमजन एवं पात्र लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके।

## भजनलाल सरकार का बड़ा फैसला

# प्रदेशभर में चलेगा रास्ता खोलो अभियान, होंगे बड़े फायदे

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राज्य के नागौर जिले में करीब चार साल पहले चलाए गए 'रास्ता खोलो अभियान' को अब प्रदेशभर में चलाया जाएगा। इसको लेकर राज्य सरकार के राजस्व विभाग ने परिपत्र जारी करते हुए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। गौरतलब है कि नागौर के तत्कालीन जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने वर्ष 2021 में रास्ता खोलो अभियान की शुरुआत करते हुए गांवों में वर्षों से बंद पड़े रास्तों को न केवल खुलवाया, बल्कि उन पर नरेगा के तहत ग्रेवल सड़कें भी बनवाई, जिसके चलते जिले के हजारों किसानों एवं ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली।

नागौर में मिली सफलता के बाद उन्होंने अलवर कलक्टर रहते हुए अलवर तथा अब जयपुर जिले में रास्ता खोलो अभियान चलाया, जिसके सकारात्मक परिणामों को देखते हुए राज्य सरकार ने अभियान को एक महीने तक पूरे प्रदेश में चलाने का निर्णय लेते हुए राजस्व अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। नागौर में जब अभियान चलाया गया था, उस समय रास्ता खुलवाने की कार्रवाई प्रत्येक शुक्रवार को होती थी, लेकिन अब यह कार्रवाई प्रत्येक बुधवार को होगी।

### राजस्व विभाग ने जारी किए ये आदेश

राजस्व विभाग के शासन उप सचिव हरिसिंह मीना ने राज्य सरकार की ओर से जारी परिपत्र में बताया गया कि रास्ते संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए समय-समय पर जारी निर्देशों के बावजूद राज्य के जिलों में भ्रमण और विभिन्न स्तर पर जनसुनवाई में ग्रामीण क्षेत्रों में रास्तों की भूमि पर अतिक्रमण को लेकर बडी संख्या में शिकायतें प्राप्त होती हैं। रास्तों पर किए गए अतिक्रमण से रास्तों के उपभोग में परेशानी होती है।

इस कारण ग्रामीण क्षेत्रों में आपस में लडाई-झगड़े होते रहते हैं। जिससे ग्रामीणों का आपस में सामंजस्य नहीं रहता है तथा ग्राम के सर्वांगीण विकास में बाधा उत्पन्न होती है। परिपत्र में पूर्व में कुछ जिलों में चलाए गए 'रास्ता खोलो अभियान' का हवाला देते हुए बताया कि उक्त अभियान से आमजन को काफी राहत मिली है एवं एक सकारात्मक माहौल भी बना है। इसलिए राज्य सरकार की ओर से रास्ते सम्बंधी समस्याओं के निराकरण एवं आमजन को राहत देने के लिए 'रास्ता खोलो अभियान' चलाए जाने का निर्णय लिया गया है। रास्तों का अतिक्रमण हटाए जाने के लिए 'रास्ता खोलो अभियान' एक माह के लिए चलाया जाएगा।

### 'रास्ता खोलो अभियान' के तहत होंगे ये कार्य

राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 की धारा 25 के तहत रास्ता खुलवाना। राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 251ए के तहत दिए गए रास्तों को राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवाना। मुख्य ग्राम, बाडिया, ढाणियां व मजरा को जोड़ने वाले रास्तों का राजस्व रेकॉर्ड में अंकन। कदीमी रास्तों का राजस्व रेकॉर्ड में अंकन। राजस्व रेकॉर्ड में दर्ज रास्ते, जो मौके पर बन्द हैं, उन्हें खुलवाना। नरेगा में निर्मित रास्तों का राजस्व रेकॉर्ड में अंकन। कृषि



भूमियों पर आवागमन के लिए सार्वजनिक रास्तों का राजस्व रेकॉर्ड में अंकन।

## रणथंभौर में अनियमितता

# वन विभाग के अधिकारियों पर बरसे कृषि मंत्री डॉ किरोड़ी मीणा

### वन विभाग के अधिकारियों को खूब फटकारा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** अपनी कार्यशैली और आक्रामक रवैये को लेकर प्रदेश की राजनीति में हमेशा सुर्खियों में रहने वाले कृषि मंत्री डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा सवाई माधोपुर दौरे के दौरान फुल एक्शन में नजर आए। डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा अपने समर्थकों के साथ गत दिवस देर शाम गणेश धाम पहुंच गए और रणथंभौर में व्याप्त अव्यवस्थाओं और वन अधिकारियों की कार्यशैली से नाराज हो गए। इसके बाद उन्होंने गणेश धाम पर ही रणथंभौर नेशनल पार्क के मुख्य प्रवेश द्वार पर कुर्सी लगाकर धरना शुरू कर दिया।

### खूब खरी-खोटी सुनाई

मंत्री के रणथंभौर के प्रवेश द्वार पर बैठने की सूचना पर वन विभाग, जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया और आनन फानन में अधिकारी गणेश धाम पहुंचे। रणथंभौर के डीएफओ रामानंद भाकर सहित अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और कृषि मंत्री से धरने पर बैठने का कारण जानना चाहा. इस पर मंत्री किरोड़ी लाल मीणा अधिकारियों पर जमकर बरसे और खूब खरी-खोटी सुनाई।

मंत्री ने वनाधिकारियों पर रणथंभौर में अनियमितताएं बरतने सहित वन अधिनियम और कानून की आड़ में आमजन को परेशान करने का आरोप लगाते हुए वनाधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए। मंत्री किरोड़ी लाल ने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि वनाधिकारी, वन अधिनियम और कानून की आड़ में आमजन के साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं। लोगों को बेवजह परेशान कर रहे हैं। एक तरफ तो शाम के 4 बजते ही वनाधिकारी आमजन को रणथंभौर स्थित त्रिनेत्र गणेश मंदिर और कचिदा माता मंदिर जाने से रोक देते हैं। वहीं, वीआईपी, वीवीआईपी और अपनी जान पहचान वालों को रात में भी जंगल में भेज देते हैं। इसी दौरान बामनवास से त्रिनेत्र गणेश मंदिर में शादी का कार्ड देने आए एक व्यक्ति ने मंत्री किरोड़ी मीणा से शिकायत की कि वो शाम चार बजे से यहां बैठा है, पर वन अधिकारियों ने उसे गणेश मंदिर नहीं जाने दिया, जबकि उसके आने के बाद कई गाड़ियों और लोगों को अधिकारियों ने गणेश मंदिर जाने के लिए प्रवेश दे दिया। इस पर किरोड़ी लाल और भड़क गए और डीएफओ रामानंद भाकर को जमकर फटकार लगाई। साथ ही वनाधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही। इसपर अधिकारियों ने रणथंभौर में व्याप्त अनियमितताओं में जल्द सुधार करने और समझाइश और आश्वासन दिया। इसके बाद मंत्री ने धरना समाप्त किया और अपने समर्थकों के साथ मौके से रवाना हो गए।

## देवली में श्री व्यापार महासंघ की कार्यकारिणी का गठन हुआ

बढ़ता राजस्थान



**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** यहां शनिवार को श्री व्यापार महासंघ देवली के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने श्री व्यापार महासंघ की कार्यकारिणी का गठन किया है। इसमें विभिन्न पदों पर नियुक्तियां दी गई है। इसके श्री व्यापार महासंघ के अध्यक्ष ने मंडल संरक्षक में शहर के वरिष्ठ व्यापारी रमेश जिंदल,रतन मंगल,महावीर जैन, राधेश्याम मालू, दिनेश सर्राफ को शामिल किया गया है। इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद पर ओम मंगल, दुर्गालाल जांगिड़, अमरचंद गुप्ता, बनवारी मंगल, जसवंत सिंह चौहान,प्रहलाद साहू,प्रेमचंद माली, को महामंत्री पद पर नियुक्त किया है । इसी प्रकार उमा शंकर खुटेटा, राजेंद्र शर्मा, महेंद्र मंगल, नवल किशोर चतुर्वेदी, सत्येंद्र बड़जात्या, महेश अग्रवाल को, संगठन महामंत्री पद पर बद्रीलाल, मनजीत सिंह,नवीन गोयल, विशन, सोनू, अनिल गोयल, भेरू मल खत्री को मनोनीत किया है। तो वहीं कोषाध्यक्ष राहुल अग्रवाल को बनाया है । मंत्री पद पर सजग,अंकित नाटाणी, पंकज नथेया, मुकेश सिंहल, नवल मुंदड़ा, गणतंत्र सिंहल, नितिन सोनी, रामलाल सेन को नियुक्त किया है। इसी प्रकार कार्यकारिणी सदस्य भी नियुक्त किए गए हैं। जिनमें विनोद गोयल सोमेंद्र बम सुनील जैन दिनेश सिंगल कृष्ण गोपाल शर्मा गोविंद सिंह सेठी बृजेश भारद्वाज लोकेश लश्कार विनोद धर्मानी दौलत जैन रमेश गोयल दीपक मंगल सत्यनारायण साहू प्रितपाल सिंह सलूजा प्रमोद जैन जफर हुसैन,इत्यादि शामिल हैं ।

## सिंधोलिया माता के दरबार में हाजरी लगा खुशहाली की कामना की



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय ) ।** मालपुरा क्षेत्र के सिंधोलिया ग्राम में विराजी पहाड़ो की रानी के नाम सुविख्यात सिंधोलिया माताजी के दरबार में हाजरी लगा जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने प्रदेश व क्षेत्र में खुशहाली की कामना की।

पवित्र चैत्रीय नवरात्रा की दुर्गाष्टमी पर प्रदेश के जलदाय मंत्री एवं क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी शनिवार को भाजपा उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक नरेन्द्र कुमार जैन नीटू नन्दलाल डोई सहित अन्य पदाधिकारियो के साथ माता सिंधोलिया के दरबार में पहुंचे। जहां चौधरी ने सर्वप्रथम सिंधोलिया माता के दर्शन कर प्रदेश व क्षैत्र में खुशहाली की कामना की। दर्शनो के बाद सिंधोलिया माता मन्दिर विकास समिति के अध्यक्ष शंकरनाथ सहित अन्य समिति पदाधिकारियो व सिंधोलिया के ग्रामीणो द्वारा जलदाय मंत्री चौधरी का अभिनन्दन किया गया। अभिनन्दन के दौरान मोजुद श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए जलदाय मंत्री चौधरी ने कहा कि सिंधोलिया माताजी की कृपा क्षैत्र सहित समूचे प्रदेश पर हमेशा बनी रही है और आगे भी बनी रहेगी। चौधरी ने कहा कि सिंधोलिया माताजी दरबार के विकास के लिए धन की कमी नहीं है। इस वर्ष के बजट में सरकार ने रूपाहेली से सिंधोलिया माताजी के मन्दिर तक डिवाइडर सहित सीमेन्ट सड़क निर्माण की धोषणा की है। इसके अलावा भी मन्दिर एवं धार्मिक स्थल विकास योजनान्तर्गत बजट लाकर सिंधोलिया माताजी मन्दिर परिसर का सर्वांगीण विकास करवाया जाएगा।

## विप्र संवाद के राष्ट्रीय संयोजक पाराशर की संत दर्शन यात्रा

### भैरव धाम के महंत हेमराज महाराज से चर्चा



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** विप्र संवाद ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय संयोजक एवं अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय युवा उपाध्यक्ष मनोज पाराशर शनिवार को संत दर्शन यात्रा में श्यारौली भैरव धाम पहुंचे जहां उन्होंने मंदिर के मुख्य अर्चक एवं महंत स्वामी हेमराज महाराज से आशीर्वाद लेकर संत दर्शन यात्रा के प्रयोजन से अवगत कराया! राष्ट्रीय संयोजक पाराशर ने महाराज जी को सनातन बोर्ड के गठन की मांग पर भी विस्तृत चर्चा की! इस अवसर पर महंत स्वामी हेमराज जी ने राष्ट्रीय संयोजक पाराशर के साथ मंदिर परिसर में नव संचालित अन्नपूर्णा रसोई का भी अवलोकन कर श्रद्धालुओं को भोजन कराया! पाराशर ने बताया कि अन्नपूर्णा प्रसाद रसोई का श्यारोली भैरव बाबा मंदिर में प्रतिदिन भोजन प्रसादी वितरित की जाएगी! इस अवसर पर राष्ट्रीय संयोजक पाराशर ने मंदिर में भैरव बाबा की पूजा अर्चना कर सनातन बोर्ड की जल्द स्थापना हेतु पूजा अर्चना की।

## जलदाय मंत्री ने किया अम्बेडकर जयन्ती के पोस्टर का विमोचन

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय ) ।** अम्बेडकर विचार मंच मालपुरा के तत्वावधान में 14 अप्रैल को संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयन्ती पर आयोजित समारोह को लेकर प्रकाशित पोस्टर का प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने विमोचन किया। बीति देर शाम जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी मालपुरा शहर के दौरे पर रहे। इसी दौरान चौधरी ने मंच की ओर से जयन्ती को लेकर प्रचार प्रसार के लिए प्रकाशित पोस्टर का विमोचन किया गया।

## मोहनी कर्म टूटेगा तभी मुक्ति का मार्ग मिलेगा-मुनि सुप्रभ सागर महाराज



बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** जब तक जीव का मोहनी कर्म चक्र नही टूटेगा,तब तक उसे मुक्ति का मोक्षफल नही मिलेगा।पंचम काल में भी मनुष्य भगवान के दर्शन कर अन्त:करण से भक्ति भाव करता है तो संयम दर्शन पाकर जीव मुक्ति का मार्ग प्राप्त कर सकता है। यह अमृतवाणी पंचकल्याणक अंतर्गत केवल ज्ञान समोशरण रचना के दौरान धर्मसभा में कही। उन्होंने कहा कि श्रावकों को जीवन मे आठ मूल गुणों का पालन करना चाहिए।सभा में पूछे गए सवाल पर कहा तीर्थंकरों की वाणी में पद आया था लेकिन लोगों ने उसे पंथ से जोड़कर समाज को विखंडित कर दिया है।जीवन चक्र को समाप्त करने के लिए मोहनी कर्म को तोड़ना होगा।आर्यिका स्वस्तिभूषण माताजी ने कहा की भावना से पाप पुण्य दोनों बनते है जो कुछ होगा भावना से होगा। मुनि वैराग्य सागर महाराज ने कहा कि तप बड़ा है जिसका अर्थ भीड़ से अकेला होना है। ताकि राग द्वेष,मद मोह,माया जैसे विकारों का त्याग हो सके। जीवन में अपनी आत्मा को सुखी बनाए।दूसरों की चिंता व जानकारी से दूर रहे। अगर आत्म कल्याण करना है तो अपनी आत्म शांति में जिएं। शनिवार को तप व ज्ञान कल्याणक मनाया गया।जिसमे प्रात: जाप्यानुष्ठान,आराधना,अभिषेक व शांतिधारा के बाद जन्म कल्याणक पूजन, हवन,कमठ द्वारा उपसर्ग एवं यक्ष का दिव्य देशना,लौकांतिक देवों द्वारा स्वटन,दीक्षा विधि,अंकन्यास संस्कार रोपण,तिलकदान एवं अन्य क्रियाएं प्राण प्रतिष्ठा,दिव्य देशना,आहार चर्या( पारस कुमार)हुई। दोपहर में मंगलकारक जाप,आराधना,अधिवासना,सूर्य मंत्र, केवलज्ञान समोशरण रचना,मुनिराज की देशना हुई।।सांय आरती व शास्त्र प्रवचन किए गए।रात्रि में जैन कवि सम्मेलन का आयोजन है।।मोक्ष कल्याणक में सम्मेदशिखर पर ध्यान मुद्रा में विराजित पार्श्वनाथ भगवान के दर्शन 6 को-पंचकल्याणक के अंतिम दिन 6 अप्रेल रविवार को प्रात: जाप्यानुष्ठान, आराधना,मंगलाष्टक,अभिषेक,नित्यपूजन होंगे।उसके बाद ही मोक्ष कल्याणक में सम्मेदशिखर पर ध्यानमुद्रा में विराजित पार्श्वनाथ भगवान के दर्शन व प्रवचन होंगे।

## मालपुरा में बनेगा आलिशान आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित रोडवेज बस स्टेण्ड पशु चिकित्सालय भवन भी होगा घाटी रोड पर स्थानान्तरित

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय ) ।** प्रदेश के जलदाय मंत्री व मालपुरा टोडारायसिंह क्षेत्र के विधायक कन्हैयालाल चौधरी के अथक प्रयासो से मालपुरा शहर विकास की गति पकड़ेगा। जिसमें कई विकास कार्य होगें। मालपुरा शहर में विकास की संभावनाओं को तलाशने के लिए बीति देर शाम प्रदेश के जलदाय मंत्री व मालपुरा टोडारायसिंह क्षेत्र के विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने जिला कलक्टर डॉ. सोम्या झा, उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी सहित अन्य कई जिला व उपखण्ड स्तरीय अधिकारियो के साथ शहर का दौरा कर स्थिति का अवलोकन किया। मंत्री चौधरी इस दौरान वर्तमान रोडवेज बस स्टेण्ड , बम्ब तालाब, डाक बंगले व विद्युत विभाग की चार दिवारी के पास खाली पड़ी सरकारी भूमि, जयपुर रोड पर प्रशासन की ओर से खाली कराई जमीन पर व्यवसायिक भूखण्ड आवंटन करने की मौका स्थिति, नगरपालिका की ओर से ई निलामी प्रक्रिया से विक्रय किए जा रहे आवासीय भूखण्डो की स्थिति, वर्तमान पशु चिकित्सालय परिसर तथा घाटी रोड पर प्रस्तावित पशु चिकित्सालय निर्माण के भूखण्ड का अवलोकन किया। अंत चौधरी ने सभी अधिकारियो के साथ बैठकर चर्चा की। जिसमें चौधरी ने बताया कि दूध डेयरी सहित डाक बंगले व विद्युत विभाग की चार दिवारी के पास खाली पड़ी सरकारी जमीन पर आधुनिक सुविधाओं के सुसज्जित नया बस स्टेण्ड व व्यवसायिक कामपलेक्स निर्माण की संभावनाऐं तलाशी जाए। साथ बम्ब तालाब को झील सरंक्षण योजना में आकर्षक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करना सहित अन्य कई विकास की योजनाओं को लेकर चर्चा की गई। वहीं जलदाय मंत्री चौधरी ने यह भी निर्देश प्रदान किए कि प्रदेश के





मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली प्रदेश की समूची सरकार समूचे प्रदेश का सर्वांगीण व चहुमुंखी विकास करने की मंशा रखती है। सरकार की मंशानुसार कार्य कर अघिकारी सरकार व आमजन की अपेक्षाओ पर खरा उतरे। वहीं जलदाय मंत्री चौधरी नें चेतावनी देते हुए बताया कि विकास सहित आम जन की समस्याओं के समाधान में लापरवाही अथवा शिथिलता किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियो को पूरी ईमानदारी से कार्य सरकार व आम जन के प्रति जवाबदेही व जिम्मेदारी पर खरा उतरना होगा। विकास की योजनाओं को लेकर जलदाय मंत्री ने जिला कलक्टर व अन्य आला अधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।

# जलापूर्ति व्यवस्था का किया प्रात:कालीन निरीक्षण

## जल की गुणवत्ता, प्रेशर एवं अंतिम छोर तक आपूर्ति सुनिश्चित करें

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, सवाई माधोपुर द्वारा आमजन को सुचारु, संतुलित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को विभाग के अधिकारियों द्वारा जल की गुणवत्ता, प्रेशर एवं अंतिम छोर तक आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु प्रात:कालीन जल वितरण व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरिक्षण के दौरान अतिरिक्त मुख्य अभियंता क्षेत्र सवाई माधोपुर रामनिवास मीणा , अधिशाषी अभियंता खंड सवाई माधोपुर संतोष कुमार मीणा, सहायक अभियंता ग्रामीण उपखंड सवाई माधोपुर विकास मीणा, सहायक अभियंता खंडार हरकेश मीणा द्वारा ग्रामीण क्षेत्र जटवाडा , कुश्तला एवं अधीक्षण अभियंता वृत सवाई माधोपुर भगवान सहाय मीणा, कनिष्ठ अभियंता सिटी सवाई माधोपुर सरोज मीणा द्वारा शहरी क्षेत्र में पेयजल सप्लाई का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता द्वारा शहरवासियों से नलों में टोंटियां लगाने एवं अपने नल कनेक्शनों के लीकेज ठीक करवाने की अपील की गई। जल ही जीवन एवं पानी बचाओ की भावना के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पानी के बहाव (प्रेशर), आपूर्ति की समयबद्धता एवं अंतिम छोर तक जल की उपलब्धता की भौतिक जांच की। इसके अतिरिक्त पेयजल की गुणवत्ता की प्राथमिक जांच भी मौके पर की गई। स्थानीय नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना गया, और मौके पर ही संबंधित अभियंताओं को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। इस अवसर पर आमजन को वृत स्तरीय नियंत्रण कक्ष 07462-220062 की जानकारी प्रदान की गई।

## जनसुनवाई का सम्मान



ये लगभग डेढ़ दशक पुराना मामला है मित्रों, एक कार्यक्रम के दौरान एक नेताजी मुख्यातिथि थे लेकिन आज भी परिपाठी वही नजर आ रही है, इसलिए लिखने का मन कर गया। जरा ध्यान से समझना कि लेखक यहां क्या कहना चाह रहा है। आबा दे मंत्री का बच्चा कू भाई सा गालीन से बात करेंगा,पानी कू तरस गया। वोटन के वख्त तो खहर गया कि गंगा की तरह पानी आऐगा। याह पाणी की मारामारी ही खत्म नाय हो री है। चूंकि सरकारी कार्यक्रम था जनता के साथ रूबरू होने का इसलिए हम सबकी दृष्टि उसी व्यक्ति पर थी जोकि नेताजी को भला बुरा करता घूम रहा था। हमारे एक साथी ने कहा कि भाई इस इंसान का भी ध्यान रखना कहीं मंत्री जी के आते ही हंगामा खड़ा ना कर दे,वैसे मंत्री जी के साथ पुलिस का प्रोटॉकाल रहता है लेकिन फिर भी ध्यान रखना जरा। दस से पद्रंह मिनट तक उस आदमी का गुस्सा सांतवे आसमां पर था। सरकारी लोग भी सर्तक हो गए थे जैसे ही पुलिस की गाड़ी आई हम सब बाहर गेट पर आ गए। मैनें सोचा कि आज तो ये भरी भीड़ में मंत्री जी को गाली ही बक देगा तो हंगामा होगा ही, एक खबर ओर अलग से हो जाएेगी लेकिन ये क्या,, उस इंसान ने किसी के हाथ से माला छीन ली और मंत्री जी के साथ स्वागत करते हुए फोटो खिंचवा ड़ाली। मैं उस इंसान को देखकर दंग रह गया। यही परिपाठी आज भी जारी है मित्रों। यदि जनसुनवाई में काम ही हो गया होता तो वो ही लोग दुबारा क्यों नजर आते हैं इसका मतलब फाईल पर धन्यवाद नहीं लिखा गया इसलिए यहां धक्के खा रहा है। लेकिन माला पहना कर स्वागत करने वाले भी इन्ही परेशानी और परवादियों में से हैं। अब अंधे को क्या चाहिए दो आँखें। मंत्री जी ऐसे लोगों को देखकर गदगद हो जाते हैं। परिपाठी जारी है शायद इसलिए आज भी परेशानी भी उसी मोड पर खड़ी है जहां डेढ दशक पहले खड़ी थी।

**रूपक शर्मा**

# केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव व वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने प्रताप बंध से करणी माता सड़क का किया लोकार्पण

## करणी माता मंदिर व चक्रधारी हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कि कामना

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव एवं पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने शनिवार को प्रतापबंध से करणीमाता, चक्रधारी हनुमान मंदिर, बालाकिला तक 1 करोड 70 लाख रूपये की लागत से बनने वाली 7 किमी की सडक का लोकार्पण किया एवं बाला किला में 50 लाख रूपये की लागत से तैयार वेपन म्यूजियम का अवलोकन किया तथा करणी माता मंदिर एवं चक्रधारी हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की।



केंद्रीय मंत्री यादव ने जिलेवासियों को चैत्र नवरात्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस सडक के बनने पर श्रद्धालुओं को करणी माता व चक्रधारी हनुमान मंदिर के दर्शन के लिए आवागमन में सुविधा होगी तथा पर्यटन को भी बढावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र के कुशल नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार आमजन के कल्याण हेतु निरन्तर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पर्यटन की अपार संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए अलवर को पर्यटन हब बनाने की दिशा में आमजन की सहभागिता से सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव के सार्थक प्रयासों से बालाकिला तक की सडक बनाने की स्वीकृति मिली है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अपने दोनों बजटों में अलवर को सडकों की विशेष सैगातें दी हैं जिनमें अलवर में सडकों के नेटवर्क को मजबूती प्रदान करने हेतु भूगोर तिराहे से हनुमान चौराहे तक एनएच-248ए को टू लेन सडक से फोर लेन सडक निर्माण, मिसिंग लिंक सडकों के कार्य, सरिस्का से पाण्डुपोल तक ईवी बेस्ड ट्रांसपोर्ट सिस्टम, अलवर के आसपास ग्रामीण क्षेत्र की विभिन्न सडकों के निर्माण कार्य जैसी विभिन्न सौगातें शामिल हैं।

**वेपन म्यूजियम का किया अवलोकन :** यूआईटी द्वारा बाला किला में 50 लाख रूपये की लागत से तैयार कराए गए वेपन म्यूजियम का केंद्रीय वन मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव एवं वन राज्यमंत्री श्री संजय शर्मा ने अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि अलवर के पर्यटन के क्षेत्र में यह महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। वेपन म्यूजियम के बनने से भण्डार में रखे ऐतिहासिक हथियारों का न केवल संरक्षण होगा बल्कि पर्यटक इनका अवलोकन कर सकेंगे।

**करणी माता मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना :** केंद्रीय वन मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव एवं वन राज्यमंत्री श्री संजय शर्मा ने करणी माता मंदिर व चक्रधारी हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि नवरात्रों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। नवरात्रों में 9 दिनों तक मातृशक्ति की आराधना की जाती है।

इस दौरान रामगढ विधायक सुखवंत सिंह, जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, सीसीएफ सरिस्का संग्राम सिंह कटियार, डीएफओ अलवर राजेन्द्र हुड्डा, डीएफओ सरिस्का अभिमन्यु सहारण, पूर्व विधायक जयराम जाटव, पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंहल, पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर, बन्नाराम मीणा, पं. जलेसिंह, सतीश यादव, एल.एन गुप्ता, जितेन्द्र राठौड, के.के खण्डेलवाल, राजू सैनी, श्री अरूण जैन,राजेन्द्र कसाणा, दुल्ली चंद सैनी, सीताराम चौधरी सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में श्रृद्धालु मौजूद रहे।

# नंगेंश्वर धाम आश्रम पर आज होगा मेले का आयोजन, निकलेगी भगवान राम की शोभायात्रा मेले से पूर्व रामायण पाठ का हुआ शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**माचाड़ी/राजगढ .( राजकुमार गुप्ता )।** कस्बे के नंगेश्वर धाम में राम मंदिर की स्थापना की प्रथम वर्षगांठ पर आज रामनवमी पर एक दिवसीय मेले का आयोजन होगा। मेले के शुभारंभ से पूर्व पंडित सत्यनारायण शर्मा व पंडित पवन शर्मा ने पूजा अर्चना कर रामायण पाठ शुभारंभ किया। नंगेश्वर धाम आश्रम के महंत माधव दास महाराज ने बताया कि मेले में जयपुर, दिल्ली, हरियाणा, दौसा, बांदीकुई, बालाजी, जोधपुर,अहमदाबाद सहित अनेक जगह से श्रद्धालु बाबा के दर्शनों के लिए आते हैं और अपनी कुशलता की बाबा से प्रार्थना करते हैं। बाबा उनकी कामना पूरी करते है। बाबा के नौ दिनों तक श्रद्धालु नवरात्रें करते हैं। उन्होंने बताया कि वैसे तो नंगेश्वर बाबा के नौ दिनों तक मेला सा लगा रहता है। राममंदिर भामाशाह दिनेश यादव ने बताया कि



माचाड़ी में नंगेश्वर धाम आश्रम पर राममंदिर स्थापना के बाद पहली बार रामनवमी पर मेले का आयोजन होगा।

यादव ने बताया कि इसके बाद हर वर्ष रामनवमी को मेले का आयोजन होगा। मेले के शुभारंभ से पहले भगवान राम की शोभायात्रा प्रात: 6.15 बजे नयागांव ठाकुर जी मंदिर से बैंड बाजे के साथ निकाली जाएगी। शोभायात्रा के नंगेश्वर धाम आश्रम पर पहुंचने पर पूजा अर्चना व आरती कर ध्वजा चढ़ाई जाएगी। उसके बाद छप्पन भोग लगाकर प्रसाद वितरण कर मेले का शुभारंभ श्री महंत माधव दास महाराज के सानिध्य में किया जाएगा। रामायण पाठ के शुभारंभ के दौरान श्रीमहंत माधव दास महाराज,भामाशाह दिनेश यादव, पंडित पवन शर्मा, पंडित सत्यनारायण शर्मा, पंडित अनील शर्मा, शुभम शर्मा, पंडित रघुनंदन शर्मा, पंडित मधुसूदन शर्मा, रतनलाल सैनी,भोलू सैनी,सुरेश चंद जांगिड़, छोटेलाल सैनी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# नेता प्रतिपक्ष जूली ने करणी माता के दर्शन कर मांगी खुशहाली की दुआएं



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( कास. )।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने दुर्गा अष्टमी के पावन पर्व पर सरिस्का की अरावली पर्वतमाला की श्रृंखलाओं के बीच स्थित करणी माता मंदिर पहुंचकर मां करणी का आशीर्वाद लेकर देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना करते हुए विशेष पूजा अर्चना की। जूली ने कहा कि नवरात्र के मौके पर माता के जयकारों से सरिस्का की वादियां गूंज रही है।

उन्होंने कहा कि आज नवरात्रि के अष्टमी के दिन पूरे देश भर में विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। उन्होंने कहा कि अरावली पर्वतमाला की पहाड़ियों के बीचों.बीच यह प्राचीन काल का मंदिर अलवर ही नहीं बल्कि कई राज्यों के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा, राकेश बैरवा, गौरी शंकर विजय, हरकेश मीणा उपस्थित रहे।

# सामूहिक दुष्कर्म की शिकार पीड़िता ने उपखंड अधिकारी के समक्ष इच्छा मृत्यु की लगाई गुहार

बढ़ता राजस्थान

**तिजारा ( मुकेश शर्मा )।** टपूकड़ा थाना अंतर्गत एक विवाहिता को बंधक बनाकर करीब आधा दर्जन लोगों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है, और उसकी अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी के साथ थाने में किसी भी तरह की कोई शिकायत नहीं दर्ज करने की धमकी भी दी है। घटना को करीब दो माह बीत जाने के बाद पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाही पुलिस द्वारा नहीं किए जाने के मामले में आज टपूकड़ा के उपखंड अधिकारी को एक प्रार्थना पत्र सौंप कर इच्छा मृत्यु की गुहार लगाई है। प्रार्थना पत्र में सामूहिक दुष्कर्म की शिकार पीड़िता ने बताया कि घटना दो माह पूर्व की है, मैंने घटना की जानकारी टपूकड़ा पुलिस को भी दी थी, लेकिन टपूकड़ा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की और ना ही मेरी रिपोर्ट दर्ज की। भिवाड़ी जिला पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में भी घटना की जानकारी दी गई थी, लेकिन वहां पर भी पीड़िता की कोई सुनवाई नहीं हुई। आखिर में पीड़िता पुलिस प्रशासन से थक कर टपूकड़ा उपखंड अधिकारी के समक्ष पेश होकर इच्छा मृत्यु की गुहार लगाई है।जब महिलाओं की सुरक्षा नहीं की जाती है तो जीने का भी कोई अधिकार नहीं बचता है, और अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। राजीनामा के लिए तरह-तरह की धमकी भी दी जा रही है। इस घटना को उपखंड अधिकारी ने गंभीरता पूर्वक लेते हुए टपूकड़ा पुलिस को आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के .निर्देश जारी किए हैं। पीड़िता ने आरोपियों के नाम ताहिर, कैफ, रफीक, खालिद, शाहरून निवासी बलेसर थाना टपूकड़ा बताया है। दुष्कर्म की शिकार पीड़िता ने चेतावनी दी है की अगर मुझे न्याय नहीं मिला तो मैं आत्महत्या करूंगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# वाहनों की अवैध पार्किंग से करोड़ों रुपए का पुल हुआ अतिक्रमण का शिकार



बढ़ता राजस्थान

**भिवाड़ी ( मुकेश शर्मा )।** भिवाड़ी में सेंट्रल मार्केट के पास से चढ रहे पुल पर गाड़ियों की अवैध पार्किंग को लेकर धीरे-धीरे अतिक्रमण की भेंट चढ रहा है । स्थानीय लोगों ने बताया कि जब तक पार्किंग नहीं बनेगी, तब तक इसी तरह सड़क पर अतिक्रमण बना रहेगा। भिवाड़ी नगर परिषद व ट्रैफिक पुलिस देखकर भी नहीं उठा रही कोई कदम, भिवाड़ी चौकी इंचार्ज से संवाददाता द्वारा बात करने पर उसने कहा कि यह व्यापार मंडल का मामला है, दो-चार दिन में कार्यवाही करेंगे। रोड पर गाड़ियां खड़ी करने से आने जाने वाले ट्रैफिक को भारी परेशानी होती है, साथ ही दुर्घटना का भय भी बना हुआ है।

# दुर्गा अष्टमी पर घर-घर में देखी ज्योत, कन्याओं का पूजन कर दिए उपहार

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/राजगढ.( राजकुमार गुप्ता )।** कस्बे सहित आसपास के इलाकों में शनिवार को दुर्गा अष्टमी पर घरों में विशेष पूजा अर्चना कर माता की ज्योत देखी गई। दुर्गा अष्टमी के अवसर पर माता को खीर, पुआ,हलवे का भोग लगाया जाता है। लोगों ने माता रानी से अपने परिवार की खुशहाली की कामना की। इस दौरान महिलाओं ने घरों में कन्याओं को भोजन कराकर उनके चरण छूकर आशीर्वाद लिया। कन्याओं को उपहार व दक्षिणा भी दी गई। वहीं आज रामनवमी पर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन होगा।



# श्री महावीर जयन्ती महोत्सव 2025 की आमंत्रण पत्रिका का विमोचन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( कास. )।** श्री महावीर जयन्ती महोत्सव 2025 के लिए शुक्रवार को हुई समिति व उपसमिति की सभा में महोत्सव समिति के महामंत्री नरेंद्र कुमार जैन बडजात्या द्वारा महावीर जयंती पर होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी सदन में दी गई । महोत्सव समिति के प्रचार प्रसार सयोंजक सुनील जैन बैनाडा ने बताया कि श्री महावीर जयन्ती कार्यक्रम की पत्रिका का विमोचन महोत्सव समिति के अध्यक्ष महेन्द्र जैन सचेती व महोत्सव समिति के सभी पदाधिकारियों द्वारा किया गया एतथा इस अवसर पर शहर के सभी मुख्य चौराहों को सजाया जाने का निर्णय भी लिया गया । इस सभा में महोत्सव समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश कुमार जैन, राजेन्द्र प्रसाद जैन,उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार जैन एडवोकेट, अनिल जैन पालावत,मंत्री कैलाश चंद जैन, रविन्द्र कुमार जैन, योगेश जैन सचेती, विजय कुमार जैन, निर्मल कुमार जैन पालावत, समाज अध्यक्ष प्रवीण जैन गोधा ,चीफ़कमाण्डर मनोज जैन डीग वाले, डिप्टी कमाण्डर नवीन जैन, वीरेन्द्र जैन बडजात्या सहित समिति व उपसमिति के सभी पदाधिकारियों उपस्थित हुए । सभा के अंत में महोत्सव समिति के अध्यक्ष महेन्द्र सचेती ने पधारे हुए सभी गणमान्यों को धन्यवाद दिया ।

# बेटियों के चरण धोकर दिए उपहार, दिए संस्कार

बढ़ता राजस्थान

**अलवर( का.स. )।** नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से दाउदपुर में चल रहे शिक्षा संस्कार वृक्ष कक्षाएं में बेटियों के चरण धोकर उनकी पूजा अर्चना कर उन्हें उपहार दिए। कार्यक्रम के मुखय अतिथि एनईबी पुलिस थाना प्रभारी दिनेश मीणा थे जबकि अध्यक्षता संरक्षक दौलत राम हजरती ने की। इस अवसर पर नेक कमाई के कार्यों की जानकारी गुरप्रीत सिंह पवित्र ने दी। कार्यक्रम में पुरुषोतम मनचंदा और धर्मेन्द्र सिंह ने बेटियों की पूजा अर्चना की। अंत में मुखय कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने आभार जताया। इसी प्रकार एनईबी स्थित न्यू महर्षि विद्या मंदिर में संरक्षक मंजू चौधरी अग्रवाल ने बेटियों को ध्यान व सुसंस्कारों के बारे में जानकारी दी। मंजू चौधरी बच्चों में सुसंस्कार विकसित करने के लिए ध्यान की जानकारी दे रही हैं। कार्यक्रम में प्रवीन बत्रा ने आभार जताया।

# कन्याओं का पूजन कर मनाया महा अष्टमी का पर्व

बढ़ता राजस्थान

तिजारा (मुकेश शर्मा)। कस्बे में नवरात्र समापन के अवसर पर महाष्टमी का त्योहार बड़ी धूमधाम के साथ मनाया। महिलाओं तथा पुरुषों ने नवरात्र के दिनों में 9 दिन तक भोजन का त्याग कर व्रत किया और आज अष्टमी की कढ़ाई कर कन्याओं का तिलक लगाकर पूजन करने के बाद उनको भोजन कराया। कस्बे के पुरानी



अनाज मंडी पर स्थित मराठाकालीन दुर्गा माता के मंदिर में विशेष सजावट की गई और प्रतिदिन माता की आरती और पूजा अर्चना की गई।

# ग्राम पंचायत तरवाला के रात्रि चौपाल में जिला कलक्टर ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

- रात्रि चौपाल में नहीं आने वाले जिला स्तरीय अधिकारियों को नोटिस, सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को रात्रि चौपाल में आने के निर्देश
- जिला कलेक्टर ने स्थानीय भाषा में विभिन्न उदाहरण के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण के बारे में किया जागरूक

बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा,( मुकेश शर्मा )।** जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को पंचायत समिति किशनगढ़ बास की ग्राम पंचायत तरवाला, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों द्वारा अपनी समस्याएं जिला कलेक्टर के समक्ष रखी गई तथा समस्याओं का मौके पर निस्तारण हेतु संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देशित किया। रात्रि चौपाल के दौरान कुल 22 परिवाद दर्ज किए गए। इस दौरान पट्टे, राशन कार्ड में नाम जुड़वाने, पावर हाउस के निर्माण, उप स्वास्थ्य



केंद्र की मरम्मत, दिव्यांग स्कूटी हेतु आवेदन, किसान सम्मन निधि, विवादित भूमि, सेग्रीगेशन, आधार कार्ड में नाम बदलवाने, रास्ते पर अवैध अतिक्रमण हटाने बाबत, सड़क बनवाने, खाद्य सुरक्षा में नाम जुड़वाने, पानी, बिजली के संबंध में सहित कुल 22 प्रकरण रात्रि चौपाल में जिला कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किए गए जिसमें प्रकरणों के समाधान हेतु मौके पर अधिकारीयों को निर्देश प्रदान किए। ग्रामीणों द्वारा पानी की समस्या से अवगत कराने पर जिला कलेक्टर ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को प्रत्येक घर तक पानी पहुंचाने के निर्देश दिए साथ ही तत्काल तौर पर टैंकर के माध्यम से पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। ग्रामीणों द्वारा अवगत कराये जाने पर अवैध कनेक्शन जिनके माध्यम से सिंचाई की जा रही है उनको काटने के निर्देश भी दिए। रात्रि चौपाल के दौरान परिवादियों की शिकायतों से अवगत हुआ कि पटवारी के सेग्रीगेशन कार्य सहित अन्य कार्य काफी समय से पेंडिंग है जिस पर जिला कलेक्टर ने पटवारी को सभी सेग्रीगेशन परिवादो का निस्तारण करने के लिए कहा अन्यथा नियम अनुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस दौरान रात्रि चौपाल में बिजली, पानी, शिक्षा, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों के रात्रि चौपाल में अनुपस्थित होने पर जिला कलेक्टर ने कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए साथ ही सभी अधिकारियों को हिदायत दी की रात्रि चौपाल के दौरान स्वयं खुद जिला स्तरीय अधिकारी रात्रि चौपाल में उपस्थित रहे। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने ग्राम वासियों को गांव का पानी गांव में तथा खेत का पानी खेत में रखने एंव जल संरक्षण के महत्व को बताते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया। उन्होंने आने वाली पीढ़ी को पानी की विकराल समस्या से बचने के लिए वर्तमान में सभी ग्रामीणों से घर-घर जल संरक्षण करने साथ ही बरसात के पानी को संरक्षित करने की अपील की। उन्होंने सरकार द्वारा चलाए जा रही पीएम सूर्य घर योजना तथा जल शक्ति अभियान के बारे में ग्रामीणों को बात कर जागरूक किया तथा खेतों में डीएपी की जगह यूरिया और एसएसपी के मिश्रण का उपयोग करने के फायदे गिनाये। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपालजाट, उपखंड अधिकारी किशनगढ़ बास मनीष कुमार जाटव, डिप्टी एसपी किशनगढ़ बास राजेंद्र कुमार, तहसीलदार नरेंद्र कुमार भाटिया, सरपंच व संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी व बड़ी संख्या में आम जन उपस्थित रहे।

# करणी माता मंदिर का बोरवेल खुला पड़ा, हादसे की आशंका, देखभाल के अभाव में पार्क का भी बुरा हाल



बढ़ता राजस्थान

कोटा (विनोद गौड़)। नांता क्षेत्र में स्थित करणी माता मंदिर परिसर में खुले पड़े बोरवेल से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। 400 फीट गहरे बोरवेल पर मात्र पत्थर रख कर औपचारिकता पूरी की गई थी। लोगों ने इसका विरोध किया तो इस पर प्लास्टिक के कट्टे को और बांधकर जैसे इसे पूरी तरह सुरक्षित मान लिया गया है। इसी के साथ सार-संभाल के अभाव में मंदिर परिसर के पार्क का भी बहुत बुरा हाल है। यह मंदिर देवस्थान विभाग, वहीं पार्क यूआईटी की सम्पत्ति है। इस पार्क को विकसित व इसकी सार-संभाल करने का दे ठेका एक निजी फर्म को दिया हुआ है।

यह करणी माता का मंदिर ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल होने के साथ पर्यटक स्थल भी है। इसलिए यहां बड़ी संख्या में महिलाएं व बच्चे भी आते रहते हैं। इसलिए हादसे की आशंका बनी रहती है।

**यह है पूरा मामला :** कोटा नगर विकास न्यास (केडीए) की ओर से पार्कों के रख रखाव का कार्य ठेके पर दिया हुआ है। मगर इस पार्क की देखभाल में सम्बंधित ठेकेदार द्वारा लगातार लापरवाही बरती जाने से इसका बहुत बुरा हाल है। पब्लिक टॉयलेट से लेकर पार्क में लगी सजावटी लाल व भूरे पत्थर की जालियां- रेलिंग टूटी हुई है। घास भी काफी बड़ी और बेतरतीब तरीके से उगी हुई है। झाड़ियां भी उगी हुई हैं। सफाई के अभाव में नालियां जाम हैं। पीने के पानी की उचित व्यवस्था नहीं। पार्क में बैठने के लिए लगी हुई कुर्सियां जमीन में धंसी हुई है।

इस बारे में क्षेत्रीय निवासियों राजू सोनी, नितिन आदि का कहना है कि पार्क की यह दुर्दशा सरकारी उदासीनता के साथ-साथ ठेकेदार फर्म की लापरवाही का भी परिणाम है।



पुजारी सुरेश शर्मा



राजू सोनी



नितिन

### मोटर डाल कर बोरवेल को चालू किया जाए

मंदिर के पुजारी सुरेश शर्मा ने कहा कि, साल डेढ़ साल पहले ट्यूबवेल की मोटर चोरी हो गई थी, तभी से यह खुला पड़ा है। इस पर पत्थर रख दिया गया है। मेरी प्रशासन से मांग है कि यहां पर बगीचा है, हरियाली है, इस बोरवेल को मोटर डाल कर चालू कर दिया जाए।

### आयुक्त ने पहले तो कहा, ऐसा है ही नहीं

इस सम्बन्ध में नगर निगम उत्तर अशोक त्यागी से बात करने पर पहले तो उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र में ऐसा कोई भी खुला हुआ बोरवेल नहीं है। इसका जब उन्हें वीडियो डाला गया तो ठेकेदार की जगह इसके लिए नगर निगम के ही कर्मचारियों को जिम्मेदार बताते हुए, दिखवा लेने की बात कही।

### ऐसी कर दी गई है खानापूर्ति

प्लास्टिक का कट्टा बांधकर फिलहाल तो खुले पड़े बोरवेल का मुंह बंद कर दिया गया है, लेकिन यह हादसे से बचाने में कितना सक्षम है, इसे कोई बच्चा भी समझ सकता है।गाइड लाइन के अनुसार ऐसे खुले हुए बोरवेल पर लोहे का ढक्कन लगा वेल्डिंग करवानी चाहिए या नट बोल्ट लगाने चाहिए।

## सेवा कार्यों के साथ मनाया जाएगा भाजपा का स्थापना दिवस

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशों के अनुरूप 6 अप्रैल 2025 को भाजपा का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। भाजपा शहर मंडल बूंदी के स्थापना दिवस कार्यक्रम के लिए संयोजक अशोक जैन एवं सहसंयोजक मनोज गौतम को नियुक्त किया है । भाजपा मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन ने बताया कि 6 अप्रैल को दोपहर 2ः00 बजे भाजपा जिला कार्यालय देवपुरा में जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा द्वारा ध्वजारोहण के साथ स्थापना दिवस का शुभारंभ होगा। जैन ने बताया की ध्वजारोहण के पश्चात भाजपा कार्यालय में पदाधिकारी, वार्ड पार्षदों विभिन्न मोर्चा एवं कार्यकर्ताओं की एक संगोष्ठी की जाएगी जिसमें वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं राजनीतिक परिस्थितियों से अवगत कराया जाएगा जिनके फलस्वरूप विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में स्थापित भाजपा का प्रादुर्भाव हुआ। शहर मंडल अध्यक्ष राजकुमार श्रृंगी ने बताया कि संगोष्ठी में डीआई आर एवं मीसा बंदियो तथा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा। इसी दिन साय 6ः30 बजे चोगान गेट बाजार में आतिशबाजी की जाएगी। संयोजक सहसंयोजक एवं मंडल अध्यक्ष द्वारा संयुक्त बयान में बताया कि इसके पश्चात 12 अप्रैल तक स्थापना दिवस पखवाड़ा जारी रहेगा जिसके दौरान विभिन्न सेवा कार्य जल स्रोतों मैं श्रमदान, जरूरतमंदों को भोजन करना, गो वंश को चारा डालना ,पक्षियों को दाना डालना, झुगी झोपड़ियां एवं कच्ची बस्तियों में मेडिकल कैंप का आयोजन आदि किए जाएंगे।

## श्रीराम नवमी पर मथुराधीश मंदिर पर होंगे पंचामृत दर्शन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** श्रीराम नवमी पर शुद्धाद्वैत प्रथम पीठ श्री बड़े मथुराधीश मंदिर पाटनपोल पर शालिगराम जी के पंचामृत दर्शन होंगे। प्रथम पीठ युवराज श्रीमिलन बावा ने बताया कि पुष्टिमार्ग में भगवान विष्णु के सभी दस अवतारों में से चार अवतारों श्रीकृष्ण, श्रीराम, श्रीनृसिंह एवं श्रीवामन को विशेष मान्यता दी है। इस कारण इन चारों अवतारों के जन्म दिवस को पुष्टिमार्ग में जयंती के रूप में मनाया जाता है। श्री महाप्रभुजी के अनुसार भगवान विष्णु के दस अवतारों में ये चारों अवतार प्रभु ने निसाधन भक्तों पर कृपा के लिए लिए थे। इनकी लीला को पुष्टि लीला माना गया है।

### ये रहेगा दर्शनों का समय

प्रबंधक मोनू व्यास ने बताया कि श्री रामनवमी पर रविवार को मंगला के दर्शन सुबह 6.30 बजे से 7.15 बजे तक होंगे, जबकि ग्वाल भोग के दर्शन नहीं होंगे। इसके बाद मध्याह्न 12 बजे दर्शन होंगे। उत्सव के दर्शन 12.30 बजे से शुरू होंगे। इस दौरान शालिगराम जी के पंचामृत दर्शन होंगे। उन्होंने बताया कि उद्यापन 4 बजे और भोग आरती के दर्शन शामिल होंगे।

## कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव बोले भाजपा सरकार से एक वर्ष में ही त्रस्त हुयी जनता-धीरज गुर्जर



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** अखिलभारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी पूर्व राज्य मंत्री धीरज गुर्जर ने कहा कि राजस्थान में भाजपा की राज्य सरकार से जनता एक वर्ष में ही त्रस्त हो चुकी है।उन्होंने कहा कि जनता मूलभूत सुविधाओं के लिये भी तरस रही है।एआईसीसी सचिव धीरज गुर्जर शनिवार को बूंदी में एक रिसॉर्ट में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे।गुर्जर ने कहा कि राज्य सरकार को राजनैतिक दुर्भावना छोड़कर जनता की सुध लेनी चाहिये।

### रोजगार के नाम पर युवाओ से छलावा

राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा ने कहा कि युवाओ के साथ रोजगार के नाम पर छलावा किया जा रहा है।युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष संजय तंबोली ने कहा कि कांग्रेस गाँव गरीब किसान की पार्टी है जो सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर देव सेना जिलाध्यक्ष जीएल टाइगर,एनएसयूआई छात्र नेता किशन नेखाड़ी,देव सेना कार्यकारिणी सदस्य राजाराम गुर्जर विनोद गुर्जर,रामचरण कसाना, यश गुर्जर,रामराज बगड़वाल रोहित नेखाड़ी विशाल,बंटी चाड गुर्जर, हरिफूल गुर्जर,राकेश चांदना,महावीर मीणा,भोजराज गुर्जर,जगदीश गुर्जर,कालूलाल मीणा, हरिशंकर वर्मा आदि उपस्थित रहे।देव सेना जिलाध्यक्ष जीएल टाइगर के नेतृत्व में गुर्जर माल्यार्पण व पुष्पवृष्टि के साथ स्वागत किया गया।

### कोटा संभाग के दौरे पर रहे गुर्जर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर शनिवार को कोटा संभाग के सामाजिक दौरे पर रहे।सर्वप्रथम गुर्जर बूंदी पहुंचे।जहाँ देवसेना के जिलाध्यक्ष जीएल टाइगर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में गुर्जर समाज के प्रतिनिधियों ने धीरज गुर्जर का स्वागत किया।

## कोटा में धूमधाम से मनाया जाएगा तीर्थंकर भगवान महावीर का 2625 वां जन्म कल्याणक

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( हरिमोहन मेहरा )।** कोटा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2625वां जन्म कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

सकल जैन समाज समिति के तत्वावधान में दिगम्बर एवं श्वेताम्बर जैन समाज द्वारा तीन दिवसीय विशेष आयोजन 8, 9 और 10 अप्रेल को किया जाएगा। इसमें विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियां होंगी।

सकल दिगम्बर जैन समाज समिति के अध्यक्ष प्रकाश बज, संरक्षक राजमल पाटौदी, विमल जैन नांता, जेके जैन, महामंत्री पदम बड़ला, प्रचार सचिव मनोज जैन आदिनाथ, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र हरसोरा, वरिष्ठ सदस्य नरेश वेद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास अजमेरा, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष निशा वैद, श्वेताम्बर जैन समाज से रेखा हिंगड़, दर्पण जैन, पारस जैन, पारस सौगानी, वीरेंद्र जैन, चेतन जैन, जितेंद्र पापड़ीवाल, प्रदीप जैन, राकेश चपलमन, राजेश बंटी सहित कई लोगों ने पोस्टर का विमोचन किया। कार्यक्रम का संचालन पारस जैन ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, अतिथि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, कोटा उत्तर विधायक एवं पूर्व मंत्री शांति कुमार धारीवाल, विधायक संदीप शर्मा और विधायक कल्पना देवी आदि मौजूद रहेंगे।

## जिला आयोजना समिति की बैठक में आमजन से जुड़े मुद्दों पर हुई चर्चा

### जिला प्रमुख श्रीमती रमा देवी चोपड़ा की अध्यक्षता में बैठक का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जिला प्रमुखरमा देवी चोपड़ा की अध्यक्षता में शनिवार को जिला आयोजना समिति की बैठक का आयोजन हुआ। जिला परिषद सभागार में आयोजित इस बैठक में समिति के सदस्य जनप्रतिनिधियों ने आमजन से जुड़े मुद्दों पर अधिकारियों से चर्चा की। बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत दूदू में राज्य राजमार्ग संख्या- 100 से ग्राम गुर्जरों की ढाणी एवं कोटखावदा के रूपाहेड़ी कलां काशीपुरा रोड से भगवतपुरा गांव तक सड़क निर्माण के प्रस्तावों को समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती प्रतिभा वर्मा, जिला आयोजन समिति के सचिव एवं मुख्य आयोजना अधिकारी श्री रामेश्वर प्रसाद मीणा के साथ सार्वजनिक निमार्ण विभाग, कृषि विभाग, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, विद्युत विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों ने शिरकत की।

## ज्योति मंदिर पर हवन के बाद हुआ ज्वारा विसर्जन, माता का भंडारा आज

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** श्री वैष्णो देवी ज्योति मंदिर दादाबाड़ी पर दुर्गा अष्टमी पर शनिवार को भक्तों का तांता लगा रहा। बड़ी संख्या में भक्त दर्शनों के लिए पहुंचे थे। इस दौरान सुबह हवन, कन्या पूजन तथा दिन में ज्वारा विसर्जन किया गया। शाम को आरती के पश्चात छप्पन भोग का प्रसाद तथा मातारानी का श्रृंगार बांटा गया। इस अवसर पर वैष्णो देवी माता की प्रतिमा का विशेष श्रृंगार किया गया था। प्रबंधक सनमीत सिंह बंटी ने बताया कि 6 अप्रेल को माता का आम भंडारा किया जाएगा।

## 11 वीं की छात्रा ने की घर पर फंदा लगाकर की आत्महत्या, पिता मध्यप्रदेश में टीचर, मां और बहन के साथ कोटा में रहती थी छात्रा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** बोरखेड़ा थाना क्षेत्र के प्रगति विहार निवासी एक ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा ने अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। माना गया है कि उसने यह कदम पढ़ाई के तनाव के कारण उठाया है। बोरखेड़ा थाना के एएसआई मोहम्मद हुसैन ने बताया कि छात्रा प्रतिष्ठा महावर (17) ने अपने घर में शनिवार सुबह फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त वह घर में अकेली थी।प्रतिष्ठा की बड़ी बहन लाइब्रेरी पढ़ने गई हुई थी, वहीं मां दूध लेने गई हुई थी।

## अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन आज स्मारिका अग्र ज्योति का भी होगा विमोचन

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( विनोद गौड़ )।** अग्रवाल समाज कोटा तथा श्री अग्रसेन संस्कार सेवा समिति के तत्वावधान में रविवार को सुबह 10 बजे से अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन श्री रामधाम आश्रम, रावतभाटा रोड़ पर आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर विधायक संदीप शर्मा, रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश बिरला, भाजपा शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन तथा एडीएम सिटी अनिल सिंघल अतिथि होंगे। अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगदीश अग्रवाल चूनेवालों ने बताया कि परिचय सम्मेलन में 750 युवक-युवतियों के पंजीयन हुए हैं। इनमें 2 एनआरआई भी शामिल हैं। अभिभावक अपने बच्चों के लिए जीवनसाथी ढूंढने के लिए परिचय सम्मेलन स्थल पर पहुंचेंगे। महामंत्री अशोक अग्रवाल तथा प्रवक्ता संजय गोयल ने बताया कि परिचय सम्मेलन में डॉक्टर, इंजीनियर, आईआईटीयन, सीए, सीएस सहित उच्च शिक्षित प्रत्याशियों का भी पंजीयन किया गया है। सम्मेलन की सफलता के लिए टेंट, पत्रिका मिलान, परिचय पुस्तिका वितरण सहित 11 से अधिक समितियों का गठन किया गया है। इसमें 100 से अधिक महिला मंडल पुरुषों की टीम कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहकर सम्बन्ध तय करवाने और व्यवस्थाएं सम्भालने का काम करेंगी। इस अवसर पर परिचय स्मारिका अग्र ज्योति का विमोचन भी किया जाएगा।

## भाजपा के स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर महिलाओं को किया गया सम्मानित, आज होंगे कई कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** भाजपा स्थापना दिवस के आयोजन के लिए भाजपा कोटा शहर की ओर 6 अप्रेल, रविवार को सुबह 10 बजे टिपटा स्थित पं. दीनदयाल पार्क में दीनदयाल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण का कार्यक्रम रखा गया है। बूथ स्तर पर कार्यकर्ता अपने घरों पर भाजपा के झंडे लगाएंगे। भाजपा स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजन की जिला टीम में महेश विजय, महेश आहूजा, कुलदीप सिंह तलवार व महावीर नायक शामिल है। 14 अप्रेल डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के लिए जिला टीम में राकेश मिश्रा, देवेन्द्र राही, रामलाल टटवाडिया व अनिल मीणा को जिम्मेदारी दी गई है। भाजपा के स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने जीएमए प्लाजा के सभागार में कोटा शहर की मातृ शक्तियों का अभिनंदन किया। राकेश जैन ने बताया कि स्टेशन फूल कंवर मैरिज गार्डन में डीएस वेलफेयर सोसायटी कोटा द्वारा आयोजित नार एग्जिबिशन में स्टॉल लगाकर कई महिलाओं ने स्वंय के द्वारा बनाए उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई।

# मेवों से 18 भव्य महल व 9 देव प्रतिमाएं तैयार, महालक्ष्मी को लगेगा छप्पन भोग

## श्री अग्रसेन संस्कार सेवा समिति का तीन दिवसीय महा छप्पन भोग आज से, विश्व कीर्तिमान दर्ज करने के लिए गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम कोटा पहुंची

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( राजीव सक्सेना )।** श्री अग्रसेन संस्कार सेवा समिति कोटा संभाग के तत्वावधान में रविवार से श्री राम धाम आश्रम रावतभाटा रोड़ पर आयोजित होने जा रहे छप्पन भोग कार्यक्रम को रिकॉर्ड करने के लिए गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की टीम कोटा पहुंच चुकी है। यह छप्पन भोग के दौरान मेवों, मसालों और केंडी से बनाए गए 18 भव्य महलों और 9 आकर्षक देव प्रतिमाओं को रिकॉर्ड करेंगे। टीम के साथ आए आलोक कुमार ने बताया कि यदि आयोजकों का दावा खरा उतरता है तो रविवार शाम को ही वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज करने का प्रोविजनल सर्टिफिकेट सौंप दिया जाएगा।

**आगरा के 40 कारीगरों ने किए हैं तैयार :** कार्यक्रम संयोजक तथा अग्रसेन संस्कार सेवा समिति के महामंत्री अशोक अग्रवाल ने बताया कि महा छप्पन भोग के लिए आगरा के 40 कारीगरों द्वारा देसी घी से निर्मित विविध व्यंजन तैयार किए गए हैं। ये छप्पन भोग में रखे जाएंगे। छप्पन भोग के दर्शन प्रतिदिन सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक होंगे। इन्हें सर्वसमाज के लिए खोला जाएगा। जिला अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष सहसंयोजक जगदीश अग्रवाल चूनेवाले ने बताया कि छप्पन भोग के लिए चिरौंजी, शुगर फ्री, अंजीर, मूंगफली, बिस्किट, मखाना, नमकीन पिस्ता, चॉकलेट, बादाम, बताशे, अखरोट, हरी इलायची, छुआरा, पीली सरसों, नारियल, काली मिर्च, पोलो गोली, हल्दी आदि के 18 महल बनाए गए हैं।



**इन-इन सामग्रियों से बनी ये प्रतिमाएं :** संस्थापक अध्यक्ष टीसी गुप्ता तथा प्रवक्ता संजय गोयल ने बताया कि राजमा से काली माता, भुने हुए चने से विष्णु भगवान, मिक्स मेवा एवं सुपारी से दुर्गा माता, बादाम और मूंगफली से साईं बाबा, मोतियों से बजरंग बली, काबुली चने और मखाना से गणेश जी, मोतियों से कृष्ण कन्हैया, वर्क वाली इलाइची से लक्ष्मी जी सहित 9 प्रतिमाएं तैयार की गई हैं। इन्हें रविवार से दर्शनों के लिए रखा जाएगा। रुचि अग्रवाल तथा सुनील गर्ग ने बताया कि महा छप्पन भोग की तैयारी में संदीप चांदीवाला, टीकम खांडवाले, अनीता मित्तल, डॉ. आरके राजवंशी, नवल गर्ग, परमानंद गर्ग, जगदीश अग्रवाल प्रॉपर्टी, नत्थीलाल अग्रवाल, हनुमान गुप्ता, सुनील निमोदिया, प्रदीप अग्रवाल, महावीर जैन, किन्नू अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, लोकेश गोयल, सुरेश अग्रवाल सहित कई कार्यकर्ता लगे हुए हैं।

### कोटा के आर्थिक विकास को गति देने के लिए करेंगे प्रार्थना

प्रवक्ता संजय गोयल ने बताया कि महा छप्पन भोग का आयोजन कोटा में कोचिंग स्टूडेंट्स की कमी के चलते अर्थव्यवस्था को हो रहे नुकसान को फिर से गति देने की मंशा के साथ किया जा रहा है। इस उद्देश्य के लिए माता लक्ष्मी को महा छप्पन भोग लगा, उनसे कोटा की समृद्धि, प्रगति और खुशहाली की कामना की जाएगी। छप्पन भोग को तैयार करने के लिए 26 मार्च से 40 कारीगरों की टीम लगी हुई है।

**5 क्विटंल मेवे, 350 लीटर देसी घी और 12 क्विंटल शक्कर से तैयार हुआ छप्पन भोग :** संयोजक अशोक अग्रवाल सब्जी वालों ने बताया कि महा छप्पन भोग में 5 क्विटंल मेवे, 350 लीटर देसी घी और 12 क्विंटल शक्कर का उपयोग किया गया है। महल और मूर्तियां बनाने तथा विभिन्न मिष्ठान तैयार करने में डेढ़ क्विंटल काजू, 70 किलो बादाम, 14 किलो इलायची, 12 क्विंटल चीनी, 22 पीपे देशी घी, 32 किलो मखाने, 40 किलो अंजीर, 30 किलो खुरमानी, 30 किलो पिस्ता, 35 किलो छुआरे, 30 किलो शुगर फ्री, 32 किलो पोलो गोली, 35 किलो अखरोट, 14 किलो काली मिर्च, 14 किलो चिरौंजी, 12 किलो सरसों, 32 किलो हल्दी सहित विभिन्न सामग्री प्रयोग में लाई गई है।

# विधायक बोहरा के निवास के आगे से हटाया अतिक्रमण, कलेक्टर से की धक्का-मुक्की

## नगर परिषद का अतिक्रमण हटाओं अभियान, लोगों को खदेड़ने के लिए बुलानी पड़ी आरएएसी






बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर नगर परिषद का अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान विधायक रोहित बोहरा के निवास के सामने से जैसे ही अतिक्रमण हटाया जा रहा था, उसी समय कुछ लोग और प्रशासनिक अधिकारियों के सामने आ गए। इस दौरान लोगों ने कलेक्टर के साथ धक्का मुक्की भी कर दी। जिसके बाद से शहर में तनाव का माहौल बना हुआ है। शुक्रवार देर शाम लगभग 8 बजे जिला कलेक्टर प्रशासनिक अधिकारियों को लेकर शहर में अतिक्रमण हटवाने पंहुचे थे। उनके नेतृत्व में नगर परिषद ने लाल बाजार से अतिक्रमण हटाने की शुरुआत की।

दुकानों के अवैध चबूतरे और स्लैब तोड़कर चोक नाला खुलवाया। अतिक्रमण अभियान धीरे-धीरे आगे बढ़ते हुए डाक खाना तक जा पहुंचा। जहां राजखेड़ा से कांग्रेस विधायक बोहरा की कोठी है। नगर परिषद ने जब रोहित बोहरा की कोठी के आगे अतिक्रमण हटाने की शुरुआत की, तो विधायक के कुछ समर्थक मौके पर आ गए। इस दौरान समर्थकों और प्रशासनिक अधिकारियों में नोंकझोंक होने लगी। इसी बीच कलेक्टर जब समर्थकों से समझाइश कर रहे थे। उन्होंने समर्थकों से कार्रवाई करने के लिए पीछे हटने के लिए कहा। इसी दौरान एक समर्थक ने कलेक्टर से अभद्रता कर दी और खींचतान होने लगी। विवाद बढ़ता देख कलेक्टर के अंगरक्षक ने अपनी पिस्टल भी निकाल ली। विधायक के समर्थकों ने आयुक्त अशोक शर्मा को घेर लिया और सेनेटरी इंस्पेक्टर नीरज चाहर के साथ खींचतान शुरू कर दी। तनाव देख एसपी पहुंचे मौके पर... तनाव की स्थिति को देखते हुए मौके पर आरएसी को भी बुलाना पड़ा। लॉ एंड आर्डर की स्थिति को संभालने के लिए स्वयं एसपी सुमित मेहरड़ा को कमान संभालनी पड़ी। नगर परिषद ने विधायक रोहित बोहरा की कोठी के आगे तोड़फोड़ कर दबे नाले को अतिक्रमण मुक्त कराया है।



# घुमंतू समुदाय के 50 परिवारों को मिली मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं- महिलाओं को बांटे सैनिटरी नैपकिन, स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर में स्वास्थ्य विभाग ने घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समुदाय के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। यह शिविर बाड़ी ब्लॉक के ग्राम पंचायत नकसौदा में जमुरा अड्डा और मोंगिया अड्डा में लगाया गया। शिविर में 50 परिवारों को स्वास्थ्य सेवाओं का फायदा मिला।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा के अनुसार यह पहल वंचित वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में सफल रही। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शिव कुमार शर्मा के नेतृत्व में करीब 50 परिवारों को स्वास्थ्य सेवाओं का फायदा मिला। शिविर में कई सेवाएं दी गईं। इनमें गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की गई। बच्चों का टीकाकरण किया गया। टीबी की जांच की गई। किशोर-किशोरियों की स्वास्थ्य जांच हुई। परिवार कल्याण सेवाएं दी गईं। सामान्य बीमारियों और गैर-संचारी रोगों की जांच की गई। महिला स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया गया। उन्हें स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। प्रत्येक महिला को तीन-तीन पैकेट सैनिटरी नैपकिन दिए गए। अनुभवी डॉक्टरों ने मरीजों को परामर्श दिया और जरूरी दवाइयां भी दीं। शिविर में बीसीएमओ बाड़ी डॉ. गब्बर सिंह और यूएनएफपीए जिला समन्वयक रिपुंजय कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कई सामाजिक संस्थाओं ने भी इस आयोजन में सहयोग किया।

# मेला मंच से दी गई दिवंगत अभिनेता मनोज कुमार को श्रद्धांजलि

## स्थानीय कवियों ने किया काव्य पाठ, दर्शको की संख्या में दिखी कमी

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर में नगर पालिका द्वारा आयोजित किया जा रहे चैत्रीय नवदुर्गा महोत्सव के तहत शुक्रवार,सप्तमी की रात मेला मंच पर स्थानीय कवियों द्वारा काव्य पाठ किया गया। काव्य पाठ से पूर्व फिल्म अभिनेता मनोज कुमार के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि दी साथ में स्थानीय गीतकार एवं मुकेश के गीत गाने वाले साबिर शाह द्वारा अभिनेता मनोज कुमार के गीतों की जब प्रस्तुति दी तो पूरा पांडाल गूंज उठा। इसके बाद कवियों का काव्य पाठ शुरू हुआ जो देर रात तक चला।

हालांकि दर्शकों और श्रोताओं की संख्या मेला मैदान में कम दिखाई दी। मेला रंगमंच पर मंच संचालन कर रहे बाबूलाल कुलश्रेष्ठ ने बताया कि शुक्रवार की रात स्थानीय कवियों के काव्य पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें शहर और आसपास के क्षेत्र के कवियों ने अपनी कविताओं, व्यंग्य रचनाओं और गीतों की प्रस्तुति दी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व पीएमओ डॉ शिवदयाल मंगल ने शिरकत की साथ में अन्य अतिथियों में अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष मुन्नालाल मंगल, प्रभाकर दीक्षित, राधेश्याम अग्रवाल मौजूद रहे। नगर पालिका अध्यक्ष होतम सिंह, वाइस चेयरमैन अहमद जमा खा के साथ सभी पार्षद गण और मेला अध्यक्ष अमर सिंह पोसवाल ने मंचासीन अतिथियों और कवियों का स्वागत एवं सम्मान किया। मेला मंच से नगर पालिका के कार्मिकों का भी सम्मान किया गया। पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी दिव्यांग श्याम राय का इस दौरान विशेष स्वागत सम्मान हुआ। और उनके कार्यों की सराहना की गई।

# अष्टमी को मातारानी के मंदिर पर दर्शनों के लिए उमड़ी श्रद्धा

## मंदिर ओर आसपास के क्षेत्र में घंटो लगा जाम, ट्रेफिक पुलिस ने नहीं की पूर्व तैयारी

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के राज राजेश्वरी कैला माता मंदिर पर चैत्रीय नवरात्र में नवदुर्गा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शनिवार को अष्टमी को मंदिर पर माता रानी के दर्शन करने सैकड़ो की संख्या में लोग पहुंचे। ऐसे में सुबह से मंदिर और आसपास के क्षेत्र में जाम की स्थिति दिखाई दी। कई घंटे से लगे एग्जाम में यातायात पुलिस द्वारा कोई व्यवस्था नहीं की। पूर्व में भी माता रानी के मेले को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से इतिहात के तौर पर कोई कदम नहीं उठाया गया। शहर के नागरिक प्रमोद शर्मा, दीपक विधोलिया, अज्जू, जितेंद्र सिंह, राजकुमार आदि ने बताया की हर वर्ष माता रानी के मेले में माता राजराजेश्वरी के मंदिर के आसपास के क्षेत्र में जो इधर-उधर की दुकान है। उन पर अतिक्रमण होता है।इससे सड़क सकरी रह जाती है। यह सरमथुरा की ओर जाने वाला मुख्य रास्ता है। ऐसे में जैसे ही कोई बड़ा वाहन आता है तो समस्या खड़ी हो जाती है साथ में माता रानी के मंदिर में आने वाले लोगों के लिए भी पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के वाहन भी मंदिर के बाहर खड़े होते हैं। जिससे जाम के हालात पैदा हो जाते हैं। मंदिर ट्रस्ट द्वारा पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं की है।

# जोगीपुरा में चोरों ने किया 23 लाख के गहनों और 2 लाख की नगदी पर हाथ साफ, परिजनों ने पीछा किया लेकिन चोर भाग निकलने में सफल हुए

बढ़ता राजस्थान

**बयाना /भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** सदर थाना इलाके के गांव जोगीपुरा में बीती रात चोरों ने एक घर में घुसकर ताले तोड़कर करीब 23 लाख रुपये के सोने-चांदी के गहने और 2 लाख रुपये की नगदी चोरी कर ली। इस घटना के दौरान घर के बाहर आंगन में सो रहे परिजनों ने चोरों की आवाज सुनी, लेकिन चोर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। घटना के संबंध में पीड़ित हंसा पुत्र परभाती जोगी ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार और शनिवार की रात उसकी मां उगंती और भाभी कमला घर के बाहर आंगन में सो रही थीं। रात करीब 2:00 बजे चोर घर में घुसे और सबसे पहले कमरों के ताले तोड़े। इसके बाद उन्होंने गोदरेज की अलमारी और बक्सों के ताले तोड़कर सोने-चांदी के गहने और नगदी चोरी कर ली। चोरी गए सामान में दो जोड़ी सोने के कुंडल, पांच अंगूठियां, मांग टीका, जंजीर, ओम, कानों की झुमकी, चांदी की पायजेब, कौंधनी, छागल, तोड़ियां और सरसों बेचने से मिले 2 लाख रुपये शामिल थे। जब भाभी कमला ने आवाज सुनी, तो वह जाग गईं और उन्होंने जींस पेंट और काले रंग की शर्ट पहने हुए एक युवक को घर से निकलते हुए देखा। शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और युवक का पीछा किया। कुछ दूर जाने पर ग्रामीणों को दो व्यक्तियों के पद चिन्ह मिले, जो कैर गांव की ओर जा रहे थे।

# संत सुन्दरदास जयंती आज

## जुरहरा में निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा

बढ़ता राजस्थान

जुरहरा,/ डीग/ भरतपुर ( रेखचन्द्र भारद्वाज)। संत सुंदरदास जयंती के पावन अवसर पर रविवार को जुरहरा कस्बे में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन स्थानीय खंडेलवाल वैश्य समाज के तत्वाधान में किया जाएगा। कार्यक्रमों के तहत रविवार को सुबह प्रभात फेरी व हवन, दोपहर में शोभायात्रा व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शोभायात्रा विभिन्न धार्मिक, सामाजिक झाँकियों व बैंड-बाजों के साथ कस्बे के पुराने रामलीला मैदान से आरंभ होकर पुरानी पुलिस चौकी, चौपड़ा बाजार, मैन बाजार, बस स्टैंड होते हुए खंडेलवाल धर्मशाला में पहुंचेगी जहां रमेशचंद्र खंडेलवाल राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय खंडेलवाल वैश्य महासभा के मुख्य आतिथ्य, प्रकाशचंद टटार राष्ट्रीय प्रधानमंत्री अखिल भारतीय खंडेलवाल वैश्य महासभा, संजीव कट्टा कार्यकारी अध्यक्ष अखिल भारतीय खंडेलवाल वैश्य महासभा जयपुर की उपस्थिति में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जुरहरा खंडेलवाल समाज के अध्यक्ष सुभाष बडाया ने बताया कि खंडेलवाल वैश्य समाज जुरहरा के तत्वावधान में श्रद्धानिष्ट बालयोगी व संस्कृति ज्योतिधर, विश्व विभूति संत शिरोमणि खंडेलवाल कुलभूषण संत श्री सुंदरदास जी महाराज की 429वीं जयंती के अवसर पर रविवार को समाज के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में क़स्बे में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों में जुरहरा कस्बा सहित अन्य शहर, कस्बों के गणमान्य लोग व स्थानीय समाज बन्धु उपस्थित रहेंगे।

## हरिद्वार से गंगाजल लेकर पैदल बाड़ी पहुंचे युवा माता को करेंगे अर्पण, 600 किलोमीटर का किया सफर

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी के 16 युवाओं ने भक्ति की अनूठी मिसाल पेश की है। युवाओं ने हरिद्वार से पैदल चलकर गंगाजल लाने का कठिन सफर पूरा किया है। सात दिन पहले हरिद्वार की हर की पौड़ी से शुरू हुई यह यात्रा अब अंतिम चरण में है। खुशवीर सिंह और उनके साथी चार कावड़ों में गंगाजल लेकर 600 किलोमीटर की दूरी तय कर चुके हैं। बाड़ी से 35 किलोमीटर दूर स्थित कस्बा नगर में कल सुबह वे यह जल माता को अर्पित करेंगे।

# गांव अड्डा को ग्राम पंचायत मुख्यालय बनाने की उठीं मांग- वैर विधायक न गांव आते है, न फोन उठाते हैं : ग्रामीण



बढ़ता राजस्थान

**बयाना /भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** बयाना उपखंड के अड्डा गांव में ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर एक बैठक की। बैठक में ग्राम विकास अधिकारी रसालसिंह ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय में मां सरस्वती मंदिर के निर्माण की घोषणा की। उन्होंने निर्माण कार्य जल्द शुरू करने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने वैर विधायक पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि चुनाव के बाद से विधायक न तो गांव आए और न ही उन्होंने फोन का जवाब दिया।

गांव की प्रमुख मांगों में अड्डा को ग्राम पंचायत मुख्यालय बनाना शामिल है। साथ ही राजकीय प्राथमिक विद्यालय को क्रमोन्नत और अड्डा से बाईजट्ट तक डामर सड़क का निर्माण भी मांगा गया है। ग्रामीणों ने बताया कि इन मुद्दों पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और जिला कलेक्टर को कई बार पत्र लिखे गए। लेकिन किसी ने भी ध्यान नहीं दिया। नाराज ग्रामीणों ने आगामी चुनावों में वोट न डालने की चेतावनी दी है। उन्होंने आंदोलन की भी बात कही है। बैठक में पूर्व सरपंच मानसिंह, लखन सिंह, साहबसिंह और वार्ड पंच संपत्तिदेवी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। सभी ने एकजुट होकर अपनी मांगों पर डटे रहने का संकल्प लिया।

# गेहूं की फसल निकालते समय थ्रेसर मशीन में फंसी महिला मौके पर ही दम तोड़ा, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

बढ़ता राजस्थान

**बयाना /भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** बयाना सदर थाना क्षेत्र के गांव नगला बंसिया महरावर में एक महिला की थ्रेसर मशीन में फंसकर मौत हो गई। शनिवार सुबह की यह घटना है।

46 वर्षीय रूपंती, जो महाराज सिंह की पत्नी थीं, सुबह 5 बजे अपने परिवार के साथ खेत में काम कर रही थीं। वह ट्रैक्टर से जुड़ी थ्रेसर मशीन से गेहूं की फसल निकाल रही थीं। इसी दौरान उनकी साड़ी मशीन के जॉइंट में फंस गई।

ग्रामीणों ने बताया कि साड़ी फंसते ही रूपंती मशीन के अंदर खिंच गईं। मौके पर मौजूद परिवार के सदस्यों और आसपास के लोगों ने तुरंत मशीन बंद कर दी। उन्होंने महिला को बचाने का प्रयास किया। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। रूपंती की मौके पर ही मौत हो गई। चार बच्चों की मां रूपंती के शव को परिजन बयाना उपजिला अस्पताल ले गए। सदर थाना के हैड कांस्टेबल लालसिंह सैनी के अनुसार, शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है। परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



थ्रेसर मशीन में फंसी महिला की साड़ी को निकालते ग्रामीण

# बिणज्यारी माता का तीन दिवसीय वार्षिक मेला का हुआ आगाज

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** गांव मूंडिया में जय भवानी बिणज्यारी माता का तीन दिवसीय वार्षिक मेला शनिवार को विधिवत पूजा अर्चना के साथ शुरू हुआ। मेला समिति के अध्यक्ष पप्पूलाल मीणा ने बताया कि वार्षिक मेले को लेकर शनिवार को कोट्या की ढाणी में स्थित शिव मंदिर से कनक दण्डवत यात्रा निकाली गई। इस दौरान कनक दण्डवत का श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया। रविवार को रामनवमी की शाम मीणा पद दंगल होगा। इसमें राजू मीणा, रामजीलाल मीणा, कानाराम मीणा, पांचुराम बारवाल, कैलाश मीणा, बुद्धिप्रकाश मीणा और सुरजन मीणा प्रस्तुति देंगे। 7 अप्रैल दशमी को शाम 4 बजे दौड़ प्रतियोगिता होगी। शाम 6 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। इसमें गायक मीनू मेवाड़ी, प्रेम मुंडा, धनराज मीणा, समयसिंह पिलवाल, भारत, किशोर छैला, पायल, दिलावर सिंह और महेंद्र सहित कई कलाकार प्रस्तुति देंगे। मेले की तैयारी को लेकर सम्पूर्ण तैयारी कर ली गई। अध्यक्ष पप्पूलाल मीणा ने बताया कि सरपंच कस्तूरी देवी, ग्राम विकास अधिकारी लादूराम बैरवा व उपसरपंच मदनलाल मीणा द्वारा मेले की तैयारियों को लेकर परिसर में साफ सफाई करवाए एवं पंचायत प्रशासन द्वारा पेयजल व्यवस्था की गई है।

# लाड़मपुर गांव को दयेरी में जोड़ने का विरोध : हिनौता ग्राम पंचायत में ही बनाए रखने की मांग की, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** राजाखेड़ा विधानसभा की हिनौता ग्राम पंचायत के लाड़मपुर गांव के लोगों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने अपने गांव को हिनौता ग्राम पंचायत में ही बनाए रखने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया-लाड़मपुर से हिनौता ग्राम पंचायत की दूरी मात्र ढाई किलोमीटर है, जो उनके लिए सुविधाजनक है। वहीं दयेरी ग्राम पंचायत 7.5 किलोमीटर दूर है, जो सरकारी मापदंडों के भी विपरीत है। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ राजनीतिक लोग द्वेष भावना से उनके गांव को दयेरी पंचायत में जोड़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पूरा गांव हिनौता पंचायत में रहना चाहता है, क्योंकि यहां से उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ सुगमता से मिल रहा है।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर उनके गांव को दयेरी पंचायत से जोड़ा गया तो वे धरना-प्रदर्शन करेंगे और मतदान का बहिष्कार भी करेंगे। वर्तमान में हिनौता ग्राम पंचायत की जनसंख्या 4,713 है, जो सरकारी मापदंडों के अनुरूप है।ज्ञापन देने वालों में नागेश कुशवाह, सरपंच प्रतिनिधि प्रताप कुशवाह, जादमसिंह, कल्याण सिंह, प्रेमसिंह, नरेश कुशवाह, मंगल सिंह, आकाश कुशवाह, ठाकुरदास, दिनेश, रामखिलाड़ी और थानसिंह सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे।

# देशी-विदेशी शोधार्थियों का दल पहुंचा बयाना, ऐतिहासिक स्थलों को निहारा, विकास के लिए भेजेंगे प्रस्ताव

बढ़ता राजस्थान



**बयाना/भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** बयाना क्षेत्र में स्थित ऐतिहासिक स्थलों और पर्यावरण पर रिसर्च करने के लिए देशी-विदेशी शोधार्थियों का एक दल बयाना पहुंचा है। दल के साथ भ्रमण के दौरान मौजूद रहे राष्ट्रीय अनहद महायोग पीठ के पीठाधीश्वर रुद्रनाथ महाकाल महाराज और नगर पालिका पार्षद डॉ. शैलेंद्र कुमार गुर्जर ने बताया कि दल ने 3 दिन में ऐतिहासिक विजयगढ़ दुर्ग, ऊषा मंदिर, बन्ध बारैठा बांध, राजा की कोठी, अकबर की झझरी, बिहारीजी मंदिर, लोदी मीनार, तलाकनी मस्जिद, सागर तीर्थ और महाकाल आश्रम का भ्रमण किया। जिन्होंने इन इमारतों की ऐतिहासिकता, शिल्प स्थापत्य कला और पुरा महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी लेकर वीडियो व फोटोग्राफी भी की। दल में यूक्रेन की डायना, उत्तराखंड से राखी, बागपत से आशुतोष चौधरी, झारखंड से ऋतिक और मुंबई से जयंत कुमार शामिल रहे। उन्होंने बताया कि ऐतिहासिक दृष्टि से बयाना कस्बा समृद्धशाली रहा है। उनकी एक संस्था दुनिया भर में इन ऐतिहासिक इमारतों को पहचान दिलाने का काम करेगी।

# गर्मी में खेत की जुताई लाभदायक : सिंह

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** गर्मी में खेत जुताई करना लाभदायक है, इससे जमीन में स्थित कीडे व उनके अण्डे, लार्वा तथा बीमारी के रोगाणु व खरपतवार के बीज तेज धूप की गर्मी से नष्ट को जाते हैं तथा घातक रसायनो का प्रयोग किये बिना कीट, बीमारी व खरपतवारो का नियंत्रण संभव है।यह कहना है कृषि महाविद्यालय भुसावर के डीन डॉ. उदय भान सिंह का। सिंह ने बताया कि सरसों, गेंहू व जौ की कटाई लगभग पूर्ण हो चुकी है , खेतो में अभी नमी है , नमी की वजह से खेत की मिट्टी नरम है,अभी खेत की जुताई करना आसान रहेगा।


किसान अपने खेत की जुताई मिट्टी पलटने वाले हल अथवा डिस्क प्लाउ से करें।

# भीलवाड़ा में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर 5100 अखंड दीपों के साथ माता वैष्णो देवी दरबार के दर्शन, रामनवमी पर होंगे विविध धार्मिक आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** भीलवाड़ा स्थित हरी शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में चैत्र प्रतिपदा नवरात्रि के उपलक्ष्य में भारत में प्रथम बार माता वैष्णो देवी का दरबार गुफा के समक्ष स्थापित किया गया है। यहां हिन्दू राष्ट्र की कामना के उद्देश्य से 5100 दीपकों की अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई है। संकट मोचन हनुमान मंदिर के महंत बाबू गिरी महाराज की पहल एवं महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के सान्निध्य में यह आयोजन पूरे उल्लास के साथ चल रहा है।

देशभर से श्रद्धालु आश्रम पहुंचकर 5100 दीपों की अखंड ज्योत के दर्शन और 120 फीट लंबी गुफा में स्थित माता वैष्णो देवी दरबार के दर्शन कर रहे हैं। चावंड (उदयपुर) से पधारे मेवाड़ महामंडलेश्वर स्वामी हितेश्वरानंद सरस्वती ने दर्शन कर बताया कि इस दृश्य को देखकर ऐसा प्रतीत होता है मानो स्वयं मां भगवती आशीर्वाद प्रदान कर रही हों। उन्होंने कहा कि माँ ने भीलवाड़ा की इस पावन भूमि को अपने दिव्य स्वरूप के दर्शन हेतु चुना है। इस मौके पर पंचमुखी दरबार के महंत लक्ष्मण दास त्यागी, संत हिरदाराम नगर के संत तुलसी कलतारी, सीओ सदर श्याम सुंदर विश्नोई, भारतीय सिंधु सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र तीर्थाणी, अहमदाबाद से रमेश और जयराम अभिचंदानी, चित्तौड़गढ़ से मनोज मेठानी, अजमेर से प्रकाश मूलचंदानी, सूरत से अशोक आहूजा सहित देश के कई हिस्सों से संतगण और श्रद्धालु दर्शन लाभ ले रहे हैं। 23 मार्च से 6 अप्रैल 2025 तक चल रहे इस सत्संग पखवाड़े में प्रतिदिन रात्रि 8 से 10 बजे तक डॉ. विष्णु सांगवत और उनकी मंडली द्वारा भजन संध्या का आयोजन हो रहा है, जिसमें मातृशक्ति की भागीदारी भी सराहनीय रही है। आश्रम परिसर में संत मयाराम, संत राजाराम, संत गोविंदराम, ब्रह्मचारी इंद्रदेव, कुनाल, सिद्धार्थ, मिहिर, गजानंद बजाज, कन्हैयालाल स्वर्णकार, बद्रीलाल सोमानी, हीरालाल गुरनानी, गोपाल नानकानी, पंकज आडवाणी, इंद्र अवतानी, रमेश नेभवानी, देवीदास गेहानी, महेश नावानी, राजा टिकयानी, लक्ष्मण लालवानी, विजय मोटवानी, सूरज सेन, परमानंद तनवानी, दिनेश अमरवासी, राजकुमार खुशलानी, ललित, कमलेश, राम, स्वरम त्रिपाठी, दिव्यांशु दाधीच, अक्षत सोनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## तक्षकं नाग महाराज मन्दिर में धूम धाम से मनाया जा रही है नवरात्र

बढ़ता राजस्थान

**झालरापाटन ( नि.स. )।** तक्षक नाग महाराज सेवा समिति द्वारा नवरात्रि के उपलक्ष्य में तक्षक नाग महाराज मंदिर पर श्रृद्धालु के द्वारा श्रृदा के साथ नवरात्रा महोत्सव मनाया जा रहा है ।प्रतिदिन यहां कालका माता एवं तक्षक नाग महाराज की पूजा अर्चना होती है और शाम को कालका माता की महाआरती होती है जिसमें प्रतिदिन सभी महिलाएं पुरुष एवं बच्चे इस महा आरती में सम्मिलित होते हैं । समिति के प्रवक्ता सत्यनारायण शर्मा एवं विक्की सक्सेना ने बताया कि हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी तक्षक नाग महाराज सेवा समिति द्वारा तक्षक नाग महाराज मंदिर नवरात्रि का त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है यहां प्रतिदिन माता की आरती होती है श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरण होती है मंदिर पर प्रतिदिन माता और बहनों द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन होता है। नवमी के दिन मंदिर पर कन्याओं की प्रसादी होगी।

## कक्षा पांचवी बोर्ड परीक्षा हेतु क्षेत्र के समस्त संस्था प्रधानों की बैठक ली

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चौमहला में जिला शिक्षा अधिकारी हेमराज पारेता ने निरीक्षण कर बैठक ली । माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर की कक्षा 12वी के परीक्षा केंद्र का अवलोकन करने के पश्चात सोमवार से शुरू हो रही ।जिसको लेकर कक्षा पांचवी बोर्ड परीक्षा हेतु क्षेत्र के समस्त संस्था प्रधानों की बैठक ली एवं आवश्यक निर्देश प्रदान किये एवं विद्यालय में संचालित मूल्यांकन केंद्र का भी अवलोकन किया। आवश्यक निर्देश दिए गए ।इस दौरान बैठक में विद्यालय के प्रधानाचार्य कालू लाल शर्मा रणायरा प्रधानाचार्य मनोहर दास बैरागी, बोर्ड परीक्षा पेपर कोऑर्डिनेटर ओम प्रकाश शर्मा, प्रधानाचार्य रमेश चंद जैन, प्रकाश मीणा तथा क्षेत्र के समस्त संस्था प्रधान मौजूद रहे।

## हनुमान जयंति पर लगेगा 2500 किलो केसरयुक्त गुलाबजामुन का महाभोग

## भीलवाड़ा के श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर पर होंगे भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** भगवान राम के अनन्य भक्त श्री हनुमानजी महाराज की जयंति नजदीक आने के साथ भीलवाड़ा शहर में मुख्य डाकघर के नजदीक स्थित श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर पर होने वाले आयोजन की तैयारियां तेज हो गई है। हनुमान जयंति के उपलक्ष्य में 12 अप्रेल को मंदिर के महन्त बाबूगिरीजी महाराज के सानिध्य में विभिन्न आयोजन होंगे। हनुमान जयंति पर इस बार हनुमानजी महाराज को पहली बार 2500 किलो केसरयुक्त गुलाबजामुन का महाभोग लगाया जाएगा। राजस्थान में हनुमान जंयति के अवसर पर किसी भी मंदिर में लगाया जाने वाला यह सबसे बड़ा महाभोग माना जा रहा है। श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर के ट्रस्टी महावीरप्रसाद अग्रवाल एवं रमेश अग्रवाल ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां जारी है एवं भक्तों को अलग-अलग दायित्व सौंपे गए है। आयोजन की तैयारियों में भक्तगण भी सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे है। भक्तगणों के सहयोग से होने वाले आयोजन में 12 अप्रेल को हनुमान जयंति पर हनुमानजी महाराज की प्रतिमा को स्वर्ण चोला चढ़ाया जाएगा।

## झालावाड़ जिले में युवक की गुमशुदगी और हत्या के मामले में प्रदर्शन, ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच की मांग



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला/झालावाड़ ( आबिद हुसैन )।** जिले के डग थाना क्षेत्र में गुमशुदा युवक की फंदे पर लटकी मिली लाश के बाद मामला गरमाया। ग्रामीणों ने 1 घंटे डग चौमहला रोड़ पर शव रखकर प्रदर्शन किया। डग थाना क्षेत्र के देवगढ़ गांव का जो गत 28 मार्च से घर से लापता था जिसकी रिपोर्ट परिजनों ने 29 मार्च को डग थाने में दर्ज करवाई वही मामले ने तूल तब पकड़ा जब आज गांव के जंगल में बकरी चरा रहे चरवाहे ने लाश देख कर ग्रामीणों को सूचित किया घटना की सूचना पर डग पुलिस मौके पर पहुंची जहां युवक की तलाश नहीं करने पर आक्रोश जताया जिसके बाद तहसीलदार सत्यनारायण नरवरिया मौके पर पहुंचे और समझाइश कर शव को फंदे से उतारकर डग के लिए ट्रेक्टर से रवाना किया मगर डग थाने के सामने आते ही ग्रामीणों ने ट्रेक्टर बीच रोड पर खड़ा कर प्रदर्शन शुरू कर दिया और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करने लगे। इस बीच पुलिस से ग्रामीणों की कहासुनी भी हुई 1 घंटे तक ड्रामा चलता रहा जिसके बाद सीआई पवन मीणा, तहसीलदार की समझाइश पर परिजन माने ओर जाम हटवाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए डग अस्पताल ले गए जहां शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के सुपुर्द किया।

## जनप्रतिनिधि गुट में न रह कर एकजुट रहे : सैनी



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां, ( टी.आर सैनी )।** खानपुरा व टोपा गांव के वांशिदो द्वारा 58 दिनो के क्रमिक धरने के बाद राज्य सरकार द्वारा नगरीय सीमा से हटा कर यथास्थिति का आदेश जारी कर दिया है। शनिवार को पूर्व कृर्षि मंत्री डॉ प्रभूलाल सैनी धरना स्थल पर पहुॅचे जहां खानपुरा व टोपा गांव के वांशिदो ने सैनी को सॉफा एंव माला पहना कर स्वागत किया गया। इस दौरान पंचायत समिति प्रधान पदम कुमार नागर, सरपंच संघ के अध्यक्ष सत्यप्रकाश शर्मा,पूर्व चैयरमैन प्रमोद कुमार जैन, शहर अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह सोलंकी,दीक्षांत सोनी, दीपक चैपड़ा,भॅवर सिंह सोलंकी, पार्षद ओम प्रकाश गुर्जर सहित खानपुरा व टोपा संघर्ष समिति के लोग मौजूद रहे। इस मौके पर पूर्व कृर्षि मंत्री डॉ प्रभूलाल सैनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश की भजन लाल सरकार कथनी एंव करनी में अंतर नहीं करती। लीप सर्विस पर नहीं रियल सर्विस पर विश्वास करती है। हाल में नगर पालिका क्षेत्र एंव पंचायतराज में पुर्नगठन एंव पुर्नसीमांकन का कार्य चल रहा है। सरकार चाहती है,कि एक देश एक चुनाव हो।

प्रक्रिया के तहत लोगो की जनभावनाओ की कद्र भी होना चाहिए। खानपुरा एंव टोपा गांव के लोगो ने अपने गांव के हीतो को देखते हुए लम्बा संघर्ष किया। बीच में उन्होने धरने पर पहुॅच कर समीक्षा की गई थी। लोगो को आश्वस्त किया गया था कि गांव की जनभावनाओ से प्रदेश के मुखिया को बतायेगें।

## शिक्षक संघ शेखावत की बैठक में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर राज्यव्यापी आंदोलन करने का निर्णय

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** अध्यापकों के स्थानांतरण एवं पदोन्नति सहित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के खिलाफ राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत ने शनिवार को आवश्यक बैठक का आयोजन कर व्यापक स्तर पर राज्यव्यापी आंदोलन संगठित करने का निर्णय लिया है। शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष जयपाल बुरड़क ने बताया कि राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत की शिक्षक संघ शेखावत की आयोजित स्थाई समिति की बैठक में उपस्थित शिक्षकों से सुझावों के साथ विस्तृत चर्चा बाद उक्त निर्णय लिया गया ।बैठक में सरकार एवं संबंधित विभाग द्वारा प्रताड़ित एवं भय पैदा करने हेतु शिक्षकों को निलंबित करने की कड़ी आलोचना करते हुवे लक्षित प्रताड़ना के समस्त प्रकरणों में निलंबित शिक्षकों को तुरंत बहाल कर न्याय प्रदान करने की बैठक में मांग हुई ।बैठक में रेखांकित किया कि शीर्ष विभागीय स्तर से शिक्षा अधिकारियों व शिक्षकों को प्रताड़ित किया जाता है ।जो उचित नहीं है ।इससे विभागकर्मियों एवं शिक्षकों में तीव्रतापूर्वक रोष व्याप्त हो रहा है ।साथ ही जबरन थोपे जा रहे गैर शैक्षिक कार्यो ने शैक्षिक व्यवस्था की कमर तोड़ दी है ।इस दौरान विद्यालय के संचालन हेतु देय अनुदान राशि वित्तीय वर्ष के अंतिम कार्य दिवस को आधी जारी करने की निंदा के साथ विद्यालय उपयोग की समस्त प्रकार की धनराशि सत्र प्रारंभ होते ही जारी करने सहित शिक्षक संघ बैठक में विद्यालयो को मिलने वाली खेल सामग्री एवं प्रश्न पत्रों में बढ़ते भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की मांग उठी। इस दौरान राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत द्वारा पदोन्नत व्याख्याताओं व प्रधानाचार्यो के पदस्थापना हेतु समस्त रिक्त पदों को दर्शाने एवं काउंसलिंग माध्यम से इच्छित स्थान पर पदस्थापन करने की मांग की गयी है। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष महावीर सिहाग की अध्यक्षता में प्रदेश कार्यकारिणी पूर्व सदस्य वीरेंद्र सिंह पंवार के असामयिक निधन पर शोक प्रकट किया गया ।बैठक में संगठन महामंत्री उपेंद्र शर्मा,सभाध्यक्ष याकूब खान,कोषाध्यक्ष राधेश्याम यादव,संघर्ष संयोजक पोखरमल,उपाध्यक्ष भंवरलाल कसवा,हेमंत खराड़ी,अशोक लोदवाल,सुनीता सिहाग,पवन छिपा, विजय सिंह गौर आदि शिक्षक संघ शेखावत के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# केवट नगर को पालिका क्षेत्र में रखे जाने के प्रस्ताव हुए तैयार

## पूर्व कृर्षि मंत्री सैनी को बताई ग्रांमीणो ने पेराफेरी बेल्ट की पीड़ा

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां, ( टी.आर सैनी )।** खानपुरा पंचायत का मजरा केवट नगर नैनवां पालिका की पेराफेरी बेल्ट में है। जिसको राजस्थान नगरपालिका परिसीमांकन एंव पुर्नगठन में वार्ड तीन में शामिल किया गया था। नगरीय क्षेत्र में मिलाये जाने के बाद यहां के वांशिदो ने राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया गया था। लेकिन हाल में राज्य सरकार द्वारा खानपुरा एंव टोपा गांव को यथास्थिति के आदेश के बाद केवट नगर भी अधर झूल में फंस गया है। शनिवार को केवट नगर के वांशिदो ने हाईवे तिराहे पर पूर्व कृर्षि मंत्री डॉ प्रभूलाल सैनी को आमजन की पीड़ा से अवगत करवाया। ग्रांमीणो ने बताया कि आजादी के बाद से यहां के वांशिदो को आवासीय पट्टे नहीं मिल पाये है। आधी आबादी नैनवां पटवार मंडल द्वितीय में तथा आधी आबादी खानपुरा पटवार मंडल में होने से आबादी का प्रस्ताव भी खारीज किया जाता है।

वर्षो से यहां के वांशिदे केवट नगर को राजस्व गांव का दर्जा दिलवाने की मांग करते आ रहे है,लेकिन मजरा को राजस्व गांव का दर्जा भी नहीं दिया जा रहा है। नगरीय क्षेत्र में शामिल किया जाने से गांव में खुशी की लहर थी। ग्रांमीणो ने पूर्व कृर्षि मंत्री सैनी से केवट नगर को नैनवां पालिका में शामिल रखा जाने की मांग की है।

मौके पर ग्रांमीणो की पीड़ा को सुनने के बाद सैनी ने जिला कलक्टर को मामले से अवगत करवाते हुए केवट नगर की जनभावना को देखते हुए केवट नगर को नैनवां पालिका क्षेत्र में रखा जाने का प्रस्ताव तैयार किया जाने के लिए कहा गया। जिला कलक्टर ने आश्वत करते हुए कार्यवाही किया जाने का भरोसा दिया गया। ग्रांमीणो ने शनिवार को भी राज्यपाल के नाम का एक ज्ञापन उपखण्ड अधिकारी को दिया गया। पंचायत समिति प्रधान कक्ष में सैनी ने एसडीएम से इस संदर्भ में चर्चा करके शीघ्र ही प्रस्ताव तैयार किया जाने के लिए कहा गया। पूर्व कृर्षि मंत्री डॉ प्रभूलाल सैनी ने एसडीएम को बताया कि केवट नगर पेराफेरी बेल्ट में होने से स्वत: नगरीय क्षेत्र में है। इसलिए इनका अधिकार भी बनता है, कि केवट नगर की बस्ती को पालिका क्षेत्र में शामिल किया जाना चाहिए।



## शहर में दो माह में चौथा नेत्रदान संपन्न

### अब तक शहर से 9 नेत्रदानियों के नेत्रदान का हुआ संकलन, वाद्य यंत्र व्यापारी ने लिया था 2 साल पहले नेत्रदान व देहदान का संकल्प

बढ़ता राजस्थान



**झालरापाटन (नि.स.)।** कहते हैं इंसान के मरने के बाद बस उनकी यादें ही रह जाती हैं। मगर कुछ लोग ऐसे अविरल होते हैं, जो की मरने से पहले अपने अंगों को दान करने की इच्छा जता देते हैं। फिर भले वो इंसान रहे या न रहे, उनके शरीर का अंग किसी जरूरतमंद के काम आ जाता है। ऐसा ही कुछ हुआ झालरापाटन के प्रसिद्ध वाद्य यंत्र व्यापारी रमेश चंद जांगिड़ के साथ हुआ । मंजुश्री स्नेह संस्थान के सचिव व शाइन इंडिया फाउंडेशन के ज्योति मित्र अजय मोमिया ने कोटा में डॉ कुलवंत गौड़ को सूचना दी कि,गुरुवार देर रात कोटा के एक निजी अस्पताल में रमेश के निधन के बाद देर रात साढ़े ग्यारह बजे बड़े भाई महेश जांगिड़ व बहन रामभरोसी ने नेत्रदान के लिए सहमति दी है । सूचना के बाद शाइन इंडिया के माध्यम से नेत्रदान का कार्य कुन्हाड़ी स्थित महेश के निवास पर संपन्न हुआ । निधन से लगभग 2 साल पहले नेत्रदानी रमेश ने अपने ताऊ स्व विद्याशंकर जांगिड़ की पुण्यतिथि पर देहदान व नेत्रदान का संकल्प लिया था ।

## वैष्णो देवी ज्योति मंदिर दादाबाड़ी पर दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। वैष्णो देवी ज्योति मंदिर दादाबाड़ी पर अष्टमी के अवसर पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा ।इस अवसर पर वैष्णोदेवी ज्योति माता का विशेष श्रृंगार किया गया था। अष्टमी के उपलक्ष्य में यहां हवन के साथ कन्या पूजन भी हुआ। 1.30 बजे ज्वारा विसर्जन हुआ। रात को छप्पन भोग का आयोजन भी हुआ।

# मुला माता मंदिर पर आयोजित चैत्र नवरात्रि मेले का जनप्रतिनिधियों ने अवलोकन कर माता का आशीष लिया

## महाभंडारे में माता के प्रसाद हेतु उमड़ रहा श्रद्धालुओं का हुजूम

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** नगर के प्राचीन शक्तिपीठ मूला माता मंदिर पर आयोजित नो दिवसीय चैत्र नवरात्रि मेले के छठे दिवस शुक्रवार को मेले के रंगमंच पर कलाकारों द्वारा भव्य बगड़ावत मंचन कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया ।जिसमे मुख्य कलाकार किशन पनोतिया,सहगायक जीवाराम रायथलियास एंड पार्टी द्वारा भव्य बगड़ावत मंचन कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया ।उक्त पारंपरिक बगड़ावत कार्यक्रम रात्रि दो बजे तक संचालन हुआ ।जिसका श्रद्धालुओं एवं मेलार्थियों द्वारा भरपूर आनंद उठाया गया।

शक्तिपीठ मूला माता मंदिर ट्रस्ट सदस्य राकेश आचार्य ने बताया कि मुला माता मंदिर पर आयोजित चैत्र नवरात्रि मेले के छठे दिवस क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर द्वारा भाजपा नगर अध्यक्ष पंकज सिरोया,नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी,भाजयुमो अध्यक्ष विकास बारेगामा,भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिनेश पाराशर सिंहपुर,नगर पालिका कपासन पार्षद अशोक विजयवर्गीय,रोलिया सरपंच रतननाथ योगी,उमंड सरपंच प्रकाश चौधरी,पूर्व नपाक अध्यक्ष गजेंद्र बाघमार,सेवानिवृत शिक्षा अधिकारी रामसिंह चुंडावत आदि गणमान्यजनों द्वारा मेले में शिरकत कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया ।जिसमें नगर पालिका द्वारा मंदिर परिसर में छाया हेतु निर्माणाधीन डोम का निरीक्षण किया गया ।आगंतुक अतिथियों का मुला माता ट्रस्ट द्वारा उपरना ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इधर पुरातात्विक महत्व के शक्तिपीठ मुला माता मंदिर पर चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में आगंतुक श्रद्धालुओ एवं मेलार्थियों हेतु जनसहयोग से महाभंडारे का आयोजन किया जा रहा है ।महाभंडारे में मातारानी के प्रसाद का लाभ लेने हेतु श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ रहा है ।यहां उपनगरीय बस्ती भुपालखेड़ा निवासी भक्त की मनोकामना पूर्ण होने पर डीजे पर मातारानी के भजनों एवं मातारानी के जयकारों के साथ झूमते- नाचते हुए सैकड़ों भक्तों का हुजूम पैदल यात्रकार मुला माता मंदिर पहुंचे ।मेले के रंगमंच पर आज 6 अप्रैल को यश म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भजन संध्या का आयोजन तथा 7 अप्रैल को भव्य आतिशबाजी के साथ रावण दहन के साथ उक्त नो दिवसीय चैत्र नवरात्रि मेले का समापन होगा। मेले की व्यवस्थाओं में सत्यनारायण सेन,हरीश सोनी, भंवरलाल माली,विष्णु खटीक,जगदीश माली,गोपाल सुथार आदि श्रद्धालु सहयोगपूर्वक जुटे हुवे है।




## भीलवाड़ा पुलिस ने औद्योगिक संस्थानों में 20 से अधिक चोरी की वारदातों का किया खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** पुलिस थाना मंगरोप द्वारा की गई कार्रवाई में सोलर प्लांट की केबल, मशीनों के पार्ट्स और वाहनों की बैटरियां जब्त की गई हैं। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरोह के सदस्यों ने पूछताछ में 20 से अधिक चोरी की वारदातों को अंजाम देने की बात कबूली है। चोरी की घटनाओं में उपयोग किए गए टेम्पो को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। यह मामला 15 फरवरी 2025 को उस समय प्रकाश में आया जब प्रार्थी राजीव सेन, निवासी 13/433 नेहरू विहार थाना भीमगंज भीलवाड़ा, वर्तमान में मैनेजर सांवरिया जी टेक्स फेब इंडस्ट्रीज लिमिटेड, गुवारड़ी थाना मंगरोप, ने मंगरोप थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। उन्होंने बताया कि दिनांक 12 फरवरी 2025 की रात उनके संस्थान में अज्ञात लोगों द्वारा सोलर प्लांट का सामान चुरा लिया गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अनुसंधान प्रारंभ किया। जांच के दौरान दिनांक 2 अप्रैल 2025 को पुलिस ने शर्मा बंजारा पुत्र कालू बंजारा उम्र 25 वर्ष, निवासी बंजारा बस्ती पटेल नगर थाना प्रतापनगर जिला भीलवाड़ा, और राहुल सोनी पुत्र ओमप्रकाश सोनी उम्र 26 वर्ष, निवासी गर्ल्स स्कूल के पास, बिगोद थाना बिगोद जिला भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया। आरोपियों से सोलर केबल और वाहनों की बैटरियां बरामद की गईं।

पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपी दिन में रेकी करते थे और रात के समय औद्योगिक संस्थानों से सोलर प्लांट की केबल और मशीनों के पार्ट्स चोरी करते थे। इसके अलावा, संस्थानों में खड़े वाहनों की बैटरियां भी निकाल लेते थे। चुराए गए सामान को टेम्पो से ले जाकर सुनसान इलाके में ले जाया जाता था, जहां केबलों को जलाकर उनमें से कॉपर निकाला जाता था।

इस कार्रवाई में थाना मंगरोप की टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई, जिसमें थानाधिकारी प्रोबेशनर आरपीएस श्री शिवा शर्मा के नेतृत्व में श्री सुरेन्द्र सिंह, श्री राजुलाल, श्री सूर्यप्रकाश (विशेष योगदान), श्री अविनाश और श्री नरेश शामिल रहे।



# मैं पिपलांत्री की तीर्थ यात्रा पर आया हूँ : न्यायमूर्ति बी. आर. गवई

## भारत ही नहीं, विश्वभर में गूंजता है पिपलांत्री मॉडल - केन्द्रीय विधि राज्यमंत्री अर्जुनराम मेघवाल

## मंथन करें कि आने वाले पीढ़ी को हम कैसा पर्यावरण देने जा रहे हैं - न्यायमूर्ति संदीप मेहता



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( सुरेश बागोरा )।** शनिवार को राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पिपलांत्री में वन संरक्षण एवं बालिका संरक्षण - विधिक चेतना शिविर तथा नाथद्वारा में 'हरित न्याय - हरित एवं स्वच्छ वातावरण, सतत विकास के लिए विधिक सेवा संस्थाओं की भूमिका' विषयक कॉन्फ्रेंस का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति बी. आर. गवई, न्यायमूर्ति संदीप मेहता, भारत सरकार के केन्द्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव श्री हरिओम अत्रि आदि की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। इन कार्यक्रमों में राजस्थान उच्च न्यायालय के अन्य सभी न्यायाधिपतिगण तथा राज्य के समस्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के सचिवगण उपस्थित रहे। यह पहला अवसर था जब इतनी बड़ी संख्या में न्यायमूर्ति एवं न्यायाधिपति एक साथ किसी जिले में उपस्थित हुए। इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुँचा, बल्कि भविष्य के लिए एक मार्ग भी प्रशस्त हुआ।

**पिपलांत्री में पर्यावरण संरक्षण के कार्य देखकर अभिभूत हुए न्यायमूर्ति :** जिला एवं सेशन न्यायाधीश श्री राघवेंद्र काछवाल ने बताया कि जब न्यायमूर्ति एवं न्यायाधिपतगण शनिवार प्रातः ग्राम पिपलांत्री पहुँचे, तो वहाँ पर्यावरणविद् श्री श्याम सुंदर पालीवाल (पद्मश्री) एवं सरपंच श्रीमती अनीता पालीवाल द्वारा अपनी पुत्री की सच्ची श्रद्धांजलि स्वरूप किए गए पर्यावरण संरक्षण के अद्वितीय कार्यों को देखकर सभी अभिभूत हो गए।

सभी ने एक स्वर में कहा - यही है पर्यावरण संरक्षण का मॉडल, जहाँ हर कोई वृक्षों की अपने भाई या बहन की तरह देखभाल करता है। यहाँ पहुँचते ही सभी न्यायाधीशों द्वारा पौधारोपण किया गया। तत्पश्चात मंच पर श्री जस्टिस बी. आर. गवई ने संत तुकाराम की पंक्तियाँ सुनाते हुए पेड़-पौधों को अपनों की तरह संरक्षित रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पक्षियों की आवाज़ से अधिक सुखद संगीत कोई नहीं है। श्री गवई ने पिपलांत्री आने को एक तीर्थ यात्रा पर आने जैसा बताया, तो पूरा पाँडल तालियों से गूंज उठाया।

**नाथद्वारा में हुआ ग्रीन जस्टिस पर मंथन :** नाथद्वारा स्थित होटल रेडिसन में आयोजित हरित न्याय - हरित एवं स्वच्छ वातावरण, सतत विकास के लिए विधिक सेवा संस्थाओं की भूमिका विषयक कॉन्फ्रेंस में न्यायमूर्तियों ने अपने विचार व्यक्त किए। जस्टिस गवई ने विधिक सेवा संस्थाओं की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए पर्यावरण संरक्षण से संबंधित अपने कई निर्णयों का उल्लेख किया। उन्होंने महिला शिक्षा के संदर्भ में श्रीमती सावित्रीबाई फुले एवं श्री ज्योतिबा फुले के कार्यों का उदाहरण भी प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक न्याय को एक समान महत्व देते थे। पौधारोपण के साथ-साथ उनका संरक्षण और संवर्धन भी अनिवार्य है। यदि एक पेड़ कटे तो उसकी एवज में कम से कम दस पेड़ अवश्य लगाए जाएं। जस्टिस श्री गवई ने राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यों की सराहना की।

# विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बांटी 195 लोगों को सहायता राशि

## विवेकानुदान, स्वेच्छानुदान से किया लाभान्वित, 10 लाख की राशि का वितरण, निर्धन विद्यार्थियों, विधवा व गरीब महिलाओं को बांटी राशि, राशि पाकर जरूरतमंदों के चेहरे पर झलकी खुशियां



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** 5 अप्रैल अजमेर विधानसभा क्षेत्र के 195 परिवारों के लिए खुशियां लेकर आया। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने अपने विवेकानुदान से प्रतिभाशाली निर्धन विद्यार्थियों, विधवा एवं गरीब महिलाओं तथा जरूरतमंद लोगों को पांच-पांच हजार रूपए वितरित किए। नकद राशि पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

इन परिवारों को राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी दिलवाया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शनिवार को ज्ञान विहार कॉलोनी रोड़ स्थित के.डी. साहू समारोह स्थल में विवेकानुदान तथा स्वेच्छानुदान कोटे से 10 लाख की राशि से 195 परिवारों को सहायता दी। दो कैंसर पीड़ित परिवारों को 10-10 हजार एवं शेष परिवारों को 5-5 हजार रूपए के चैक वितरित किए गए। इन परिवारों में प्रतिभावना गरीब विद्यार्थी, विधवा एवं गरीब महिलाएं, गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों के परिजन शामिल रहे।

देवनानी ने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के उत्थान का आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे कड़ी मेहनत और दृढ़ निश्चय के साथ अध्ययन करें और सफलता प्राप्त कर अपने परिवार, समाज और देश का नाम रोशन करें। अभिभावक अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें। वे बड़ों एवं गुरुओं का सम्मान करें। साथ ही माता-पिता की आज्ञा का पालन करें।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा निशुल्क चिकित्सा प्रदान की जा रही है। जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय में भी स्पीकर हेल्प डेस्क स्थापित की गई। यह हेल्प डेस्क 24 घंटे संचालित रहती है। इसके माध्यम से अब तक 3000 से ज्यादा रोगियों को स्वास्थ्य लाभ दिया गया है। साथ ही अनेक वार्डो में जनता क्लीनिक खोले गए है। इससे आमजन को निशुल्क एवं सुलभ चिकित्सा सुविधा प्राप्त हो सकेगी । इसी क्रम में कोटड़ा में 50 बेड का सैटेलाइट अस्पताल स्वीकृत किया गया है। इससे चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार होगा। शहर में पेयजल समस्या के समाधान के लिए भी निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रीष्मकाल में भी प्रत्येक 48 घंटे में जल आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस योजनाएं बनाई गई हैं। उन्होंने बताया कि सनातन संस्कृति में मानव सेवा ही ईश्वर सेवा पाया गया है। उन्होंने समाज के सक्षम नागरिकों से आग्रह किया कि वे जरूरतमंदों की हर संभव सहायता करें। साथ ही विद्यार्थियों को परस्पर सहयोग की भावना अपनाने और अपने से कमजोर साथियों की मदद करने की प्रेरणा दी। मानव जन्म का सदुपयोग कर मानव सेवा करें। उन्होंने संकल्प दिलाया कि सभी नागरिक मिलकर श्रेष्ठ, स्वच्छ और सुंदर अजमेर के निर्माण में योगदान दें और राष्ट्रीय प्रगति में अपनी भूमिका निभाएं। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री रमेश सोनी, श्री राजेश शर्मा, श्री सीताराम शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मध्य रेलवे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया, व्यापारियों ने की ठहराव ट्रेनों की मांग

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** पश्चिम मध्य रेलवे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने शनिवार को रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया।

वे दोपहर 12.30 बजे विशेष ट्रेन से स्टेशन पहुंचीं।उनके साथ कोटा रेल मंडल के डीआरएम और विभिन्न विभागों के इंजीनियर मौजूद थे। महाप्रबंधक ने स्टेशन अधीक्षक कार्यालय में यातायात पुस्तिका का अवलोकन किया। उन्होंने प्लेटफॉर्म नंबर एक पर नवनिर्मित यात्री प्रतीक्षालय का भी निरीक्षण किया।बंदोपाध्याय ने बाजना फाटक के पास रेलवे ट्रैक पर चल रहे सुधार कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने इंजीनियरों से तकनीकी कार्यों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अमृत भारत स्टेशन सौंदर्यकरण योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों का भी जायजा लिया।करीब एक घंटे के निरीक्षण के दौरान स्थानीय व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल और भाजपा पदाधिकारियों ने महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। इसमें हिंडौन से मुंबई, इंदौर और अन्य प्रमुख शहरों के लिए चलने वाली ट्रेनों के ठहराव की मांग की गई। ज्ञापन देने वाले पार्षद दिनेश सैनी, ओपी मंगल, बबली चतुर्वेदी, सुनील, सोनू, जितेंद्र गर्ग, आदि व्यापारी शहर वासी मौजूद रहे ।

# श्री गोमती धाम में ब्रह्मलीन संत श्री गोमती दास महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** श्री गोमती धाम में शनिवार को ब्रह्मलीन संत श्री गोमती दास महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। दोपहर 12.30 बजे जय श्री गुरु चरणा के मंत्रोच्चार के साथ सामूहिक महाआरती का आयोजन किया गया।सैकड़ों दीपों की आरती में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। गुरुदेव की समाधि स्थल को पुष्पों से सजाया गया। संत की प्रतिमा का मनमोहक श्रृंगार किया गया। सुबह के समय गुरु चरण वंदना का कार्यक्रम हुआ।महाआरती के बाद कन्याओं का पूजन किया गया और उन्हें प्रसाद वितरित किया गया। गुरुदेव की आराधना में शाम तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम चलते रहे। इस अवसर पर हिंडौन, करौली, कोटा, जयपुर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में शिष्य एकत्र हुए। कार्यक्रम में महाआरती के साथ-साथ गुरु वंदना और श्री राम जी की आरती भी की गई।

# शाहपुरा जिला बचाओ आंदोलन 95वें दिन भी अनवरत जारी

## शाहपुरा जिला समाप्त करने के विरोध में क्रमिक अनशन धरने पर अंबेडकर विचार मंच संगरिया एवं जूनियर हॉकी क्लब शाहपुरा के सदस्य बैठे

बढ़ता राजस्थान

**शाहपुरा( नि.स. )।** शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति द्वारा चलाया जा रहा आंदोलन आज 95वें दिन भी लगातार जारी रहा। आज के कार्यक्रम में अंबेडकर विचार मंच संगरिया और जूनियर हॉकी क्लब शाहपुरा के सदस्य उपखंड कार्यालय शाहपुरा के बाहर क्रमिक अनशन धरने पर बैठे। उन्होंने शाहपुरा जिले को समाप्त करने के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सरकार से शाहपुरा को वापस जिला बनाने की मांग की। कार्यक्रम में अंबेडकर विचार मंच संगरिया के रामदयाल आरटीया, रमेश चंद्र मेघवंशी, शाहपुरा अध्यक्ष सुरेश चंद्र घूसर, राजेन्द्र खटीक, और जूनियर हॉकी क्लब शाहपुरा के कोच गोपाल गोड, सुनील पाराशर, और अन्य कई सदस्य शामिल हुए। 14 वर्षीय जूनियर हॉकी क्लब के खिलाड़ी सीताराम कहार, नितेश कोली, कृष्णा कोली, अमन खटीक, दीपक खटीक, गोपाल शर्मा, विनोद तेली, शुभम गुर्जर, महेंद्र कहार, गणेश कहार, और देवराज कहार ने भी धरने में भाग लिया। संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा ने राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें शाहपुरा को वापस जिला बनाए जाने की मांग की गई। इस मौके पर संघर्ष समिति के सदस्य, जैसे कि रामप्रसाद जाट (संयोजक), कमलेश मुंडेतिया (महासचिव), गोपाल पंचोली (अणुव्रत संस्थान), और अन्य सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। संघर्ष समिति के महासचिव कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि आंदोलन को लगातार आम जनता और विभिन्न सामाजिक संगठनों का समर्थन मिल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक शाहपुरा को जिला का दर्जा नहीं मिल जाता। आज, 6 अप्रैल 2025 को अंबेडकर विचार मंच कनेछन कला के सदस्य भी क्रमिक अनशन धरने पर बैठेंगे।

# विधायक डॉ. लाला राम बेरवा ने सणगारी में किए 1.38 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास



बढ़ता राजस्थान

**शाहपुरा ( नि.स. )।** शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र के विकास को गति देने के उद्देश्य से शनिवार को विधायक डॉ. लालाराम बेरवा ने ग्राम पंचायत सणगारी में विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया।इन कार्यों में स्वास्थ्य, सड़क एवं आधारभूत संरचना के महत्त्वपूर्ण प्रोजेक्ट शामिल हैं।डॉ. बेरवा ने सबसे पहले सणगारी में उपस्वास्थ्य केंद्र के नवीन भवन निर्माण का शिलान्यास किया। इस स्वास्थ्य केंद्र के लिए 55 लाख की राशि स्वीकृत की गई है, जिससे क्षेत्रवासियों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएँ सुलभ हो सकेंगी। उन्होंने बताया कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त इस भवन का निर्माण पूर्ण होते ही ग्रामीणों को इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।इसके पश्चात उन्होंने सणगारी से बागरी खेड़ा तक सड़क मार्ग के नव निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। इस सड़क के निर्माण हेतु 88 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि अच्छी सड़कों से न केवल आवागमन सुगम होता है, बल्कि क्षेत्र का सामाजिक व आर्थिक विकास भी सुनिश्चित होता है।

शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. बेरवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा दिए गए विकसित भारत - विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने हेतु वे पूरी टीम के साथ मिलकर शाहपुरा क्षेत्र को विकास की नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि शाहपुरा विधानसभा का सर्वांगीण विकास ही उनका एकमात्र लक्ष्य है।डॉ. बेरवा ने भरोसा दिलाया कि आगे भी इसी प्रकार विकास की रफ्तार बनी रहेगी और शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र राज्य के विकसित क्षेत्रों की सूची में शामिल होगा।इस अवसर पर सणगारी के सरपंच भागचंद चाड़ा ने विधायक सहित सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए ग्रामवासियों की ओर से आभार जताया और कहा कि इन विकास कार्यों से गाँव का कायाकल्प होगा। उन्होंने बताया कि लंबे समय से स्वास्थ्य केंद्र और सड़क की माँग की जा रही थी, जो अब पूरी होने जा रही है। कार्यक्रम में प्रधान प्रतिनिधि धर्मराज जाट, समाजसेवी चिनार बेरवा, ग्राम पंचायत सदस्य, ग्रामीण जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# केंद्रीय कोयला और खान मंत्री से सांसद मेवाड़ की भेंट, खनन क्षेत्र की समस्याओं पर हुई चर्चा

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद माननीय केंद्रीय कोयला और खान मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी से सांसद श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान संसदीय क्षेत्र की खनन समस्याओं पर सकारात्मक चर्चा हुई।

केंद्रीय खान मंत्री श्री रेड्डी ने रेवन्त पहाड़ियों में टंगस्टन और लिथियम के पुनः उत्खनन की अनुमति सभी औपचारिक प्रक्रियाओं के साथ शीघ्र प्रदान करने का आश्वासन दिया। साथ ही, अभ्रक, क्वार्ट्ज जैसे छोटे खनन पट्टाधारकों के हितों का भी प्रमुखता से ध्यान रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय महत्व का विषय है और सरकार इसके लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।यह प्रयास खनन क्षेत्र में समृद्धि और समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा जिससे स्थानीय रोजगार में वृद्धि होगी और आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

# श्री राम जी के प्रकटोत्सव पर जिले भर में होंगे विविध आयोजन और निकलेंगे शोभायात्राएं

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामजी के प्रकटोत्सव पर जिले भर में विविध आयोजन होंगे। शोभायात्राएं निकलेगी। वहीं सेंधवा में रामनवमी पर निकलने वाली शोभायात्रा में सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था रहेगी। शोभायात्रा में 500 से अधिक कैमरों और ड्रोन कैमरे से पुलिस निगरानी रखेगी। जुलूस मार्ग पर 21 स्थानों पर 67 कैमरों से पुलिस निगरानी करेगी। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने शोभायात्रा के मार्ग का निरीक्षण किया। वहीं पर्व को लेकर आयोजित शांति समिति की बैठक में एसडीएम आशीष ने हुड़दंगियों को लेकर कड़े शब्दों में कहा कि लॉ एंड आर्डर में बाधा डालने वाले बक्शे नहीं जाएंगे। चाहे वो कोई भी हो, कानून की सामान्य धाराओं के साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा कानून और सख्त धाराएं लगाकर हुड़दंगियों को नेस्तनाबूत करेंगे।

# मगराज सतलाना उपाध्यक्ष मनोनीत, समाज खुशी की लहर

बढ़ता राजस्थान

**बालोतरा, ( कैलाश गोस्वामी )।** मगराज जोशी सतलाना को आठ गांव जोशी समाज पाली के उपाध्यक्ष बनने पर देशांतरी समाज बालोतरा के लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई संदेश भेजकर शुभकामनाएं प्रषित कर आठ गांव पाली के स्वजाति बंधुओं का आभार जताया। फारमासिस्ट भेरूलाल एल सलुन्दिया ने बताया कि सतलाना निवासी मगराज जोशी को आठ गांव जोशी समाज पाली के उपाध्यक्ष पद पर सुशोभित करने पर स्थानीय देशांतरी समाज के लोगों खुशी जाहिर की। साथ नव मनोनीत जोशी को बधाई संदेश भेजकर शुभकामनाएं प्रेषित की है। ज्ञात रहे मगराज जोशी पूर्व में भी आठ गांव जोशी समाज पाली के अध्यक्ष रह चुके हैं। अध्यक्षीय कार्यकाल में इनकी सराहनीय सेवाओं के मद्देनजर मगराज जोशी सतलाना को एक बार फिर उपाध्यक्ष बना कर समाज के अविरल चहुंमुखी विकास करते हुए समाज को विकास की मुख्यधारा में जोड़ने उम्मीद की है।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक अमीचंद जोशी, सेवानिवृत्त अध्यापक मांगीलाल सलुन्दिया, सेवानिवृत्त अध्यापक अमृतलाल जोशी, सेवानिवृत्त डाकपाल सोहनलाल जोशी, सेवानिवृत्त सीनियर नर्सिंग अधिकारी शिवलाल देशांतरी, पंडित शिवलाल जोशी, सेवानिवृत लूणकरण जोशी, पुखराज जोशी, केमिस्ट कुन्दनमल बी. जोशी, रामलाल बी. जोशी, पत्रकार सदाशिव सलुन्दिया, ओए सुरेश जोशी, भाजपा युवा नेता सुभाष जोशी, मेलनर्स सुरेन्द्रकुमार जोशी, विजय सलुन्दिया तथा भूपेन्द्र, संपत, शांतिलाल, देवीलाल, जसराज, सवाई व स्वरूप बी. जोशी सहित समस्त देशांतरी समाज बालोतरा के लोगों ने बधाई संदेश भेज कर शुभकामनाएं प्रेषित की।

# चित्रकार प्रकाश सोनी को अयोध्या कला भूषण अवॉर्ड 2025 से किया अयोध्या मे सन्मानित

बढ़ता राजस्थान



**बालोतरा, ( कैलाश गोस्वामी )।** स्वदेश संस्था अयोध्या के तत्वाधान मे एयरपोर्ट कलावती पैलेश मे आयोजित 5 दिवसीय भव्य समारोह मे स्वदेश संथा के सयोंजक एस बी सागर ने बताया की 1 से 5 अप्रेल अयोध्या कला महोत्सव मे बालोतरा राजस्थान के ख्याति प्राप्त चित्रकार प्रकाश सोनी को मुख्य अतिथि पद्मश्री राम बिहारी अग्रवाल विशिष्ट अतिथि अनिरुद्ध सिंह ऋऋ कला कुम्भ प्रभारी व सरंशक डिम्पल तिवारी व कई अतिथियों द्वारा अंग वस्त्र दुपट्टा पहनना कर स्मृति चिन्ह मोमेंटो से चित्रकार प्रकाश सोनी को अयोध्या कला भूषण अवार्ड 2025 से किया सन्मानित सोनी पहले भीअयोध्या से कला श्री व स्वदेश भूषण अवॉर्ड 2024 मे सन्मानित हो चुके थे।

# बिजयनगर के केशव इंटरनेशनल स्कूल में पांचवी बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों को दी गई शुभकामनाएं

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।**अजमेर जिले के बिजयनगर मैं केशव इंटरनेशनल स्कूल आज विद्यालय परिवार के द्वारा सोमवार 7 अप्रैल से शुरू होने वाली पांचवी बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों से सरस्वती पूजन कराकर साथ ही विद्यार्थियों को रोली मौली लगाकर पेन भेट करके शुभकामनाएं दी गईद्य कार्यक्रम में डायरेक्टर ब्रजराज पुरोहित द्वारा विद्यार्थियों को परीक्षा में अच्छे अंक कैसे प्राप्त करें इसकी जानकारी दी गई कार्यक्रम में राकेश कलवार,रजिया सुल्ताना,राकेश वैष्णव रामेश्वर प्रसाद खाती, हंसराज चौधरी, सोनू ओझा,बनवारी लाल प्रजापत, कुलदीप चौधरी,पुष्प लता जांगिड़, संगीता सवालका,सीमा शर्मा, हेमा उपाध्याय,अंकित शर्मा,सुनीता तेली,नीरू वैष्णव,सरिता शर्मा,खुशबू वैष्णव,सरोज खंगारोत,भारती तोमर,रीना शाह मुस्कान बानो,नीलम कंवर सहित अन्य शिक्षक अन्य कक्षाओं के विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# चलने या खड़े होने पर ठीक नहीं रहता शरीर का संतुलन? बॉडी को बैलेंस करने के लिए करे ये एक्सरसाइज

फिटनेस का मतलब है कि आपकी अपर बॉडी और लोअर बॉडी संतुलित दिखनी चाहिए। जबकि कई लोगों को ऊपरी हिस्सा निचले हिस्से की तुलना में अधिक भारी होता है। असल में अपर बॉडी में फैट जमा होने के कारण आपकी ईटिंग हैबिट, लाइफस्टाइल और वर्कआउट रूटीन हो सकती है, जिसके कारण आपका शरीर बैलेंस नहीं बना पाता है और आपको चलने या अधिक देर तक खड़े रहने में परेशानी होती है। जांघों और पैरों के पास जमा चर्बी के कारण आप अधिक समय तक एक तरीके से बैठ भी नहीं पाते हैं और पैरों में दर्द भी हो सकता है। लेकिन इस समस्या को आप वर्कआउट की मदद से कम कर सकते हैं। इससे आपके संपूर्ण स्वास्थ्य को काफी लाभ मिलता है। साथ ही लेग्स को टोन करने में भी मदद मिलती है। इससे आपके पैरों की एक्स्ट्रा चर्बी कम हो सकती है क्योंकि केवल डाइटिंग से आपका फैट कम नहीं हो सकता है। बिना एक्सरसाइज के आप अपने पैरों को टोन नहीं बना सकते हैं।

## अल्टरनेटिव हिट लिफ्ट्स

इस एक्सरसाइज की मदद से पैरों की पीछे की मांसपेशियों को मजबूत करने में मदद मिलती है। साथ ही इससे आपकी एड़ियां भी मजबूत होती है। अल्टरनेटिव हिट लिफ्ट्स एक्सरसाइज करने के लिए आप अपने पैरों को अलग रखें और सुनिश्चित करें कि आपकी पीठ सीधी है। आप चाहे तो संतुलन के लिए दीवार या किसी मजबूत चीज का सहारा भी ले सकते हैं। अब घुटने को मोड़ते हुए धीरे-धीरे अपनी बाईं एड़ी को फर्श से ऊपर की ओर उठाएं। फिर दूसरे पैर को सीधा रखते हुए, एक से दो सेकंड के लिए इसी मुद्रा में रहें। फिर प्रारंभिक मुद्रा में वापस आ जाएं।



## लंजेस

अपने शरीर के वजन को कम करने के लिए आप वॉल लंजेस कर सकते हैं। इससे मांसपेशियों में मजबूती आती है। साथ ही पैरों को टोन करने में भी मदद करता है। इसके लिए आप दीवार की ओर मुंह करके खड़े हो जाएं और अपने हाथों को दीवार पर रखें। इसके बाद अपने दाहिने पैर को दीवार से छूते हुए आगे की ओर रखें। अब अपने शरीर के ऊपरी हिस्से को तब तक नीचे करें, जब तक कि यह जमीन से कुछ ऊपर न हो जाएं, जिससे दोनों घुटनों पर 90 डिग्री का कोण बन जाए। अब 3 सेकंड के लिए इसी मुद्रा में रहे और प्रारंभिक स्थिति में वापस आ जाएं।

## वॉल सिट

वॉल सिट पोज आपके पैरों को टोन करने में मदद कर सकता है। यह तेजी से पैरों के फैट को कम कर सकता है। यह आपके वेटलॉस के लिए काफी फायदेमंद हो सकता है। इससे मांसपेशियों की सहनशक्ति भी बढ़ती है। इसके लिए आप दीवार की तरफ पीठ करके खड़े हो जाएं। फिर अपने पैरों को जमीन पर मजबूती से और दीवार से दो फीट की दूरी पर रखें। इसके बाद धीरे-धीरे पीछे की ओर झुकें और नीचे की ओर खिसकें जैसे कि वापस कुर्सी पर बैठे हों। इससे आपके कोर, घुटने और कूल्हे मजबूत हो सकते हैं। इसे आप 1 मिनट के तीन सेट्स कर सकते हैं।

## रिलिव

ये एक्सरसाइज आपके घुटने और पैरों की मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद कर सकता है। लेकिन अगर आपको किसी तरह का दर्द महसूस हो, तो आपको ये व्यायाम नहीं करना चाहिए क्योंकि इससे पैरों का दर्द बढ़ सकता है। इसे करने के लिए आपको एक सतह पर खुद को स्थिर करें और संतुलन बनाए रखना आसान हो। इसके बाद अपने पैरों पर खड़े हों और अपने घुटनों को सीधा रखें। अपनी दोनों एड़ी को फर्श से ऊपर उठाएं, जहां तक आपसे संभव हो। साथ ही अपने शरीर को ऊपर की ओर धकेलें। फिर धीरे-धीरे फर्श पर आ जाए।



# कई औषधीय गुणों से भरपूर हैं कनेर के पत्ते

कनेर के फूल दिखने में जितने खूबसूरत होते हैं, इनके गुण भी उतने ही अधिक हैं। औषधीय गुणों से भरपूर कनेर क फूल जितने उपयोगी होते हैं, इसकी पत्तियां भी उतनी ही फायदेमंद साबित होती है।

इसमें कुछ एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-सेप्टिक गुण होते हैं, जिसे आप इस्तेमाल कर अपनी कई समस्याओं से छुटकारा पा सकते हैं। कनेर के पत्तों का इस्तेमाल आप कई तरह के दर्द और पुरानी दाद या खुजली में लेप के तौर पर भी कर सकते हैं। यह घरेलू उपचार आपको राहत पहुंचाएगा।

**दाद पर असरकारक कनेर के पत्ते :** दाद से छुटकारा पाने के लिए कनेर के पत्तों को नारियल तेल के साथ पकाएं और इस तेल का इस्तेमाल दाद के ऊपर करें। कनेर में पाए जाने वाले एंटी-बैक्टीरियल गुण दाद खत्म करते हैं। वहीं इसमें पाया जाने वाला है एंटी-सेप्टिक गुण दाद के निशान को हल्का करता है।



**जोड़ों के दर्द में असरकारक :** कनेर के पत्तों का लेप बनाने के लिए कनेर की ताजी पत्ती लें। इसे पीसकर इसमें जैतून का तेल मिलाकर हल्का गर्म करें। अब इस लेप को दर्द वाली जगह पर लगा कर हल्के-हल्के मसाज करें। फिर इसे ऐसे ही लगा रहने दें। यह लेप हड्डियों को अंदर तक आराम पहुंचाता है और जोड़ों की सूजन कम करता है।

**पुराने घाव को ठीक करे :** आपका कोई घाव बहुत पुराना हो गया है और वह ठीक नहीं हो रहा है, तो उसके लिए कनेर की पत्ती को पीस लें और इसमें एलोवेरा जेल मिलाकर घाव पर लगाएं। इस लेप से आपका पुराना घाव जल्दी ठीक होने लगेगा।

### खुजली कम करने में असरकारक

कनेर के पत्तों में किसी भी तरह की खुजली को कम करने वाले गुण पाए जाते हैं। इसके लिए आप कनेर के पत्तों को लौंग या फिर पुदीना के तेल में पकाकर इस तेल का इस्तेमाल खुजली होने पर करें। आपको खुजली से राहत मिलेगी।

### कीड़े-मकोड़े के काटने पर असर कारक

कनेर के पत्ते को आप नारियल के तेल में पकाकर इसमें थोड़ी सी काली मिर्च पीसकर मिला लें। इस तेल को कीड़े काटने वाली जगह पर लगाएं। इससे आपको आराम मिलेगा और रैशेज भी नहीं होंगे।

# कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए रोज करें ये एक्सरसाइज

शरीर में कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल के जमा होने से आगे चलकर आपको हाई बीपी, हार्ट अत्तैक और स्ट्रोक की समस्या हो सकती है। शरीर में हाई कोलेस्ट्रॉल एलडीएल नामक कोलेस्ट्रॉल के बढ़ने से होता है। शरीर में कोलेस्ट्रॉल बढ़ने पर शुरुआत से ही कई लक्षण दिखने शुरू हो जाते हैं। हाई कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए रोजाना एक्सरसाइज का अभ्यास करना बहुत फायदेमंद होता है। आज के समय में खानपान से जुड़ी गड़बड़ी, फास्ट फूड्स और बहुत अधिक तला-भुना खाने की वजह से युवाओं में भी हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या देखने को मिलती है। शरीर में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए आप अपनी खानपान की आदत को सुधारने के साथ रोजाना एक्सरसाइज का अभ्यास जरूर करें। हेल्दी लाइफस्टाइल, रेगुलर एक्सरसाइज और खानपान में बदलाव कर आप शरीर में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को कम कर सकते हैं। आपको बता दें कि शरीर में मौजूद कोलेस्ट्रॉल दो तरह का होता है, इसे गुड कोलेस्ट्रॉल और बैड कोलेस्ट्रॉल के नाम से जानते हैं। गुड कोलेस्ट्रॉल हाई डेंसिटी



लिपोप्रोटीन और बैड कोलेस्ट्रॉल को लो डेंसिटी लिपोप्रोटीन कहा जाता है। शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से मोटापा, दिल से जुड़ी बीमारियां, ब्लड प्रेशर की समस्या और डायबिटीज जैसी बीमारियां हो सकती हैं। इसीलिए डॉक्टर हमेशा मरीजों को कोलेस्ट्रॉल का स्तर संतुलित रखने की सलाह देते हैं। शरीर में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए इन एक्सरसाइज का अभ्यास बहुत फायदेमंद होता है।

**कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए ब्रिस्क वॉक :** शरीर में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए रोजाना तेजी से चलना या ब्रिस्क वॉक करना बहुत फायदेमंद होता है। कई शोध और अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं कि रोजाना ब्रिस्क वॉक करने से शरीर में हाई कोलेस्ट्रॉल कम होता है। इससे हार्ट से जुड़ी समस्याओं का जोखिम भी कम होता है। ब्रिस्क वॉक यानी रोजाना कुछ किलोमीटर तक तेज गति से चलना बहुत फायदेमंद होता है।

**कोलेस्ट्रॉल कम करने में फायदेमंद रनिंग :** शरीर में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए रनिंग बहुत फायदेमंद है। रोजाना कुछ किलोमीटर तक रनिंग करने से आप वजन और कोलेस्ट्रॉल दोनों को ही कंट्रोल कर सकते हैं। आर्काइव्स ऑफ इंटरनल मेडिसिन में प्रकाशित एक शोध के मुताबिक रोजाना लंबी दूरी की रनिंग करने वाले लोगों में कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का खतरा और दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है। अगर आपको हाई ब्लड प्रेशर और घुटनों से जुड़ी कोई समस्या है तो रनिंग करने से पहले एक्सपर्ट या डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

**कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए साइकिलिंग करें :** कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से शरीर में हार्ट से जुड़ी गंभीर बीमारियों का खतरा रहता है। हाई कोलेस्ट्रॉल की वजह से हार्ट अटैक और हार्ट स्ट्रोक का खतरा बना रहता है। शरीर में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए रोजाना साइकिलिंग करना बहुत फायदेमंद होता है। आप रोजाना कुछ किलोमीटर तक साइकिल चलाकर शरीर में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को कम कर सकते हैं। कोलेस्ट्रॉल को कम करने के अलावा शरीर को हेल्दी और फिट रखने व वजन कम करने के लिए भी साइकिलिंग करना बहुत फायदेमंद है।

**कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए योग :** शरीर को निरोगी और हेल्दी रखने के लिए नियमित रूप से योगासनों का अभ्यास बहुत फायदेमंद है। अगर आप शरीर में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को कम करना चाहते हैं तो नियमित रूप से कुछ योगासनों का अभ्यास बहुत फायदेमंद है। रोजाना 40 मिनट से 1 घंटे तक योगाभ्यास करने से हाई कोलेस्ट्रॉल कम होता है और हार्ट से जुड़ी बीमारियों का खतरा कम होता है। कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए आप रोजाना सर्वांगासन, शलभासन, सूर्य नमस्कार, कपालभाति, वज्रासन और चक्रासन का अभ्यास कर सकते हैं।

### कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए वेट ट्रेनिंग

शरीर में कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम करने के लिए एरोबिक एक्सरसाइज के साथ-साथ वेट ट्रेनिंग भी बहुत फायदेमंद होती है। ऐसे लोग हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या से पीड़ित हैं उन्हें रोजाना एक्सपर्ट की देखरेख में वेट ट्रेनिंग एक्सरसाइज करनी चाहिए। कई शोध और अध्यन इस बात की पुष्टि करते हैं कि नियमित रूप से वेट ट्रेनिंग करने से हाई कोलेस्ट्रॉल कम होता है और हार्ट से जुड़ी बीमारियों का खतरा कम होता है।

# बालों में प्याज का रस लगाने से मिलते हैं कई लाभ, रुक सकता है बालों का झड़ना-टूटना

प्याज न सिर्फ खाने का स्वाद बढ़ाता है, बल्कि कई तरह के पोषक तत्वों, खासकर एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि यही प्याज आपके बालों के लिए भी बहुत फायदेमंद है? प्याज में मौजूद कैटालेस नामक एंटी-ऑक्सीडेंट को प्याज सिर में बूस्ट करता है। यह एंजाइम सिर से हाइड्रोजन पेरोक्साइड को खत्म करने में और बालों की ग्रोथ के लिए काफी लाभदायक होते हैं। प्याज में मौजूद सल्फर से बालों के हेयर फॉलिकल्स नरिश होते हैं। वैसे भी हेयर फॉलिकल्स के दोबारा से बनने के लिए सल्फर का होना काफी जरूरी होता है। सल्फर से भरपूर होने के कारण प्याज बालों का टूटना कम करती है और बालों को पतला होने से भी बचाती है।



### प्याज से मिलने वाले अन्य लाभ

- प्याज का प्रयोग करने से बाल जल्दी सफेद नहीं होते हैं और आप समय से पहले सफेद बालों की समस्या से निजात पा सकते हैं।
- प्याज में एंटी बैक्टीरियल गुण होते हैं जो आपको इंफेक्शन से मुक्त करने में मदद करते हैं।
- यह आपकी रुकी हुई बालों की ग्रोथ को तेज करने में भी मदद करता है।
- प्याज के ये गुण बालों में डेंड्रफ की समस्या को भी कम करते हैं।
- प्याज का रस बालों में ब्लड सर्कुलेशन में सुधार लाता है।

### प्याज का रस लगाने के लिए टिप्स

- इसके लिए आपको एक पूरा प्याज और एक कॉटन (रुई) पैड की जरूरत होगी।
- सबसे पहले प्याज को कद्दूकस कर लें और उसका रस निकाल कर एक साइड रख लें।
- अब कॉटन पैड को प्याज के रस में भिगो लें और अपने सिर पर थपथपाते हुए लगाएं।
- जब आपका पूरा स्कैल्प कवर हो जाए तो थोड़ी देर सिर की मसाज करें।
- इस रस को सिर में 15 मिनट से लेकर एक घंटे तक लगा रहने दें।

### ऑलिव ऑइल और प्याज का रस

- तीन चम्मच प्याज के रस और डेढ़ चम्मच ऑलिव ऑयल को लें और इन दोनों इंग्रेडिएंट्स को अच्छे से मिक्स कर लें।
- इस मिश्रण को अपने स्कैल्प पर अप्लाई करें और गोल गोल मोशन में मसाज करनी शुरू कर दें।
- तेल को दो घंटों के लिए ऐसे ही लगा रहने दें।
- अब अपने बालों को धो लें।

# बालों की कई समस्याओं को दूर करता है आर्निका का तेल

आर्निका एक जड़ी-बूटी है, जो औषधीय गुणों से भरपूर होती है। इसका उपयोग आयुर्वेद और होम्योपैथी में सदियों से किया जा रहा है। यह जड़ी-बूटी अपने एंटीबैक्टीरियल, एंटी एनाल्जेसिक, एंटीसेप्टिक और एंटी इंफेल्मेटरी गुणों के लिए जानी जाती है। आप चाहें तो इस जड़ी-बूटी का इस्तेमाल बालों के लिए भी कर सकते हैं। आर्निका का तेल बालों के लिए काफी फायदेमंद होता है। इससे स्कैल्प के सारे डेड स्किन सेल्स आसानी से निकल जाते हैं। यह हेयर फॉलिकल्स को मजबूत बनाने में मदद करता है।

**हेयर लॉस ठीक करे :** आर्निका ऑयल का इस्तेमाल हेयर फॉलिकल्स को स्टिमुलेट करता है और बालों को जड़ से मजबूत बनाने में मदद करता है। यह तेल बालों के स्ट्रैंड्स को मजबूत बनाने में में भी सहायक है। इससे बाल झड़ना काफी हद तक कम हो जाते हैं। यह हेयर इलास्टिसिटी में सुधार लाता है। आर्निका ऑयल को अगर कंसेंट्रेटेड फॉर्म में लगाया जाए तो एलोपेसिया को ठीक करने में भी काफी मददगार है।

**स्कैल्प के लिए लाभदायक :** इस तेल में एंटीबैक्टीरियल और एंटीइंफ्लेटरी गुण होते हैं। यह तेल इंफ्लेमेशन को कम करता है और इससे होने वाले दर्द से भी मुक्ति दिलाता है। यह स्कैल्प को सारे प्रकार की गंदगी जैसे सीबम, डिब्रिस, एक्स्ट्रा ऑयल, प्रदूषण आदि से बचाता है। यह तेल बैक्टीरिया को बनने से रोकता है और स्कैल्प के ऑयल को साफ करने में भी सहायक है, जिससे स्कैल्प की सेहत में सुधार आता है।

**बालों में चमक लाता है :** आर्निका ऑयल बालों को पूरा पोषण प्रदान करने में मदद करता है। इस ऑयल का नियमित प्रयोग करने से बालों में एक चमक आ जाती है और आपके बाल काफी शाइनी और सिल्की लगने लगते हैं। इससे बाल पहले से ज्यादा सॉफ्ट और स्मूद भी बनते हैं।

**डैंड्रफ ठीक करने में मददगार :** अगर स्कैल्प पर डैंड्रफ की समस्या देखने को मिल रही है, तो आर्निका तेल का इस्तेमाल किया जा सकता है। यह फंगल इंफेक्शन, ड्राई स्किन और स्कैल्प इरिटेशन की समस्या से राहत दिलाता है। यह स्कैल्प टेक्सचर में सुधार करता है, खुजली से राहत दिलाता है।

अगर सिर में इंफ्लेमेशन के कारण कोई समस्या है, तो उसे ठीक करने में भी यह ऑयल आपकी मदद करता है।

# लोगों के बीच बोलने से घबराता है बच्चा तो इन तरीकों से बनाएं उसको एक्स्ट्रोवर्ट

कई बच्चे लोगों के साथ बात करने या घुलने-मिलने में घबराते हैं। कुछ बच्चे ऐसे भी होते हैं जो फैमिली और दोस्तों के साथ तो खूब बात करते हैं लेकिन स्कूल में टीचर्स के सामने नहीं बोल पाते या रिश्तेदारों के सामने बोलने में घबराते हैं। ऐसे बच्चों को शर्मीला मान लिया जाता है। लेकिन जरूरी नहीं कि ऐसे बच्चे शर्मीले ही हों। कई बार बच्चे कुछ खास लोगों के सामने या खास स्थितियों में बोलने से डरते हैं। इसे सेलेक्टिव म्यूटिज्म कहा जाता है। अगर आपका बच्चा भी लोगों के बीच जाने या बोलने से घबराता है, तो कुछ खास तरीकों से आप उसकी मदद कर सकते हैं। इन टिप्स को फॉलो करने से बच्चे में कॉन्फिडेंस आएगा और वो दूसरों के सामने खुद को व्यक्त कर पाएगा।

**सवाल करें और बात करने दें :** बच्चे कई बार खुद से कोई बात शुरू करने से डरते हैं। ऐसे में जब आपका बच्चा दूसरों के सामने हो और कोई बात न कर रहा हो, तो बातचीत शुरू करने के लिए आप उससे छोटे-छोटे सवाल करें और उसे जवाब देने दें। आप ऐसे सवाल कर सकते हैं, जिनके जवाब उन्हें बड़े वाक्यों के साथ देने पड़ें। इस तरह बच्चे की झिझक कम होगी और उसमें बोलने का कॉन्फिडेंस आएगा।



**एक्टिंग करने या डायलॉग्स कॉपी करने को कहें :** आप फन टाइम में या मूवीज, टीवी सीरियल्स देखते समय बच्चे को किसी खास कैरेक्टर की एक्टिंग करने या डायलॉग्स कॉपी करने के लिए बोल सकते हैं। घर के सदस्यों के बीच अक्सर बच्चे नहीं शर्माते हैं और इस तरह की फन एक्टिविटीज आसानी से कर लेते हैं। ये प्रैक्टिस धीरे-धीरे उनमें बोलने और बात करने की प्रेरणा जगाएगी।

**बच्चे की नए दोस्त बनाने में करें मदद :** अगर आपका बच्चा बहुत ज्यादा शर्मीला है और किसी के सामने भी जाने या बात करने में घबराता है, तो उसकी ये घबराहट उसके दोस्त कम कर सकते हैं। बच्चे अक्सर दोस्तों के साथ ज्यादा कंफर्टेबल होते हैं, इसलिए उनके सामने खुलकर मन की बात बोल पाते हैं। इसलिए आप अपने बच्चे की नए दोस्त बनाने में मदद कर सकते हैं। इसके लिए घर पर छोटी पार्टी रख सकते हैं, बच्चे को बाहर जाकर दूसरे बच्चों के साथ खेलने के लिए प्रेरित कर सकते हैं या दूसरे बच्चों को अपने घर ग्रुप स्टडी के लिए इनवाइट कर सकते हैं।

**दूसरों के सामने उसे शर्मीला न कहें :** आपका बच्चा भले ही शर्मीला है, लेकिन ध्यान रखें कि आप दूसरो के सामने उसे शर्मीला, चुप्पा, कम बात करने वाला, चुप रहने वाला आदि न कहें। इस तरह की बातें कहने से बच्चों में अक्सर रहा-सहा कॉन्फिडेंस भी कम हो जाता है और वो खुद को इसी तरह का मानने लगते हैं। इसके बजाय दूसरों के सामने उसे खोलने के लिए आप उन्हें बोलने के लिए प्रोत्साहित करें।

**मदद करने और खुद के लिए बोलना सिखाएं :** बच्चे में बचपन से ही ये आदत डालें कि वो दूसरो के मदद मांगने पर उनकी मदद करे, खुद किसी परेशानी में होने पर दूसरों की मदद मांगे और अगर कोई उसके साथ गलत कर रहा है। इस तरह की आदतों से बच्चे की झिझक, डर और शर्मीलापन कम होता है। बच्चे को सिखाएं कि मुहल्ले, परिवार या रिश्तेदारों में जहां कहीं भी उसे किसी अन्य की वजह से कोई परेशानी आ रही है, तो वो स्थिति को झेलकर आकर आपसे बताने के बजाय अपने लिए खुद आवाज उठाए।

क्षमा धर्म है, क्षमा यज्ञ है, क्षमा वेद है और क्षमा शास्त्र है। इसको जानने वाला सब कुछ क्षमा करने योग्य हो जाता है।

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# आगरा में 4 दुकानें गिरीं, 2 जनों की मौत

## मलबे में दबा युवक चिल्लाता रहा, बहन को कॉल कर बोला-बचा लो, 10 को निकाला



बढ़ता राजस्थान

**आगरा ( एजेंसी )।** आगरा में शनिवार को 4 जर्जर दुकानें भरभराकर गिर गईं। हादसे के बाद 10 को मलबे से निकाला गया। जिनमें से 2 की इलाज के दौरान मौत हो गई। अभी भी कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। पुलिस, दमकल और एसडीआरएफ टीम का रेस्क्यू जारी है। मलबे में दबे अजय चाहर के जीजा अवध किशोर ने बताया- अजय कमर तक मलबे में दबा था। वह काफी देर तक चीखता-चिल्लाता रहा। फिर अपनी बहन को फोन कर कहा- मैं दुकान में दब गया हूं। मुझे बचा लो। ये सुनकर मेरी पत्नी रोने गली। तुरंत दुकान के बाहर पहुंची, तो वो दबा हुआ था। आधे घंटे की मशक्कत के बाद उसे मलबे से निकाला गया। हादसा शनिवार शाम जगदीशपुरा के आवास विकास कॉलोनी के सेक्टर-4 में हुआ। सीएफओ डीके सिंह ने बताया कि मलबे से निकाले गए सभी लोगों को अस्पताल भेजा गया है। उनमें से 2 की मौत हो गई। जेसीबी से मलबे को हटाया जा रहा है।

**बिल्डिंग की मरम्मत के दौरान हुआ हादसा** -प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया, यहां एक मंजिल कामर्शियल बिल्डिंग में लाइन से 4 दुकानें बनी थी। इसमें एक देसी शराब का ठेका भी था। बिल्डिंग के मालिक आज दुकानों की मरम्मत करा रहे थे। शाम 3.30 बजे अचानक चारों दुकानें भरभरा कर गिर गईं। हादसे की सूचना पर लोगों की भीड़ लग गई। मौके पर पहुंचे परिजनों की चीख-पुकार मच गई। हादसे में 2 सगे भाई किशन उपाध्याय और विष्णु उपाध्याय की मौत हो गई। जबकि अर्जुन, सोनू, दीपक, ब्रजेश, अजय चाहर और पुष्कर उपाध्याय समेत 2 लोगों का इलाज चल रहा है।

## ग्रीष्मावकाश में चलेगी मैसूरू-भगत की कोठी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

**जोधपुर।** रेलवे प्रशासन की ओर से ग्रीष्मावकाश के दौरान यात्रियों की सुविधा को देखते हुए मैसूरू-भगत की कोठी (जोधपुर) -मैसूरू साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जाएगा। इस रेल में 16 थर्ड एसी व 2 गार्ड श्रेणी सहित कुल 18 कोच होंगे। जिससे यात्रियों को लंबी वेटिंग से भी काफी निजात मिल सकेगी। जोधपुर डीआरएम अनुराग त्रिपाठी के अनुसार गाड़ी संख्या 06533 मैसूरू-भगत की कोठी (जोधपुर) साप्ताहिक स्पेशल रेल 7 अप्रैल से 26 मई तक 8 ट्रिप करेगी। यह ट्रेन मैसूरू से हर सोमवार को 21:20 बजे रवाना होकर बुधवार को 17:00 बजे भगत की कोठी पहुंचेगी। इसी तरह, गाड़ी संख्या 06534 भगत की कोठी (जोधपुर)-मैसूरू साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 10 अप्रैल से 29 मई तक 8 ट्रिप करेगी। जो, भगत की कोठी से हर गुरूवार को 22:30 बजे रवाना होकर शनिवार को 17:20 बजे मैसूरू पहुंचेगी। यह रेल मार्ग में बेंगलुरू, यशवन्तपुर, तुमकूर, अरसीकेरे, कडूरू, दावणगेरे, हावेरि, हुबली, धारवाड, बेलगावि, घटप्रभा, मिरज, पुणे, लोणावला, कल्याण, बसई रोड, वापी, सूरत, वडोदरा, साबरमती, महेसाना, पालनपुर, आबूरोड, पिंडवाडा, जवाईबांध, फालना, रानी, मारवाड जं., पाली मारवाड व लूनी स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

# ट्रम्प ने कहा- चीन का कदम गलत और घबराहट भरा

## अमेरिकी टैरिफ के जवाब में बीजिंग ने भी लगाया 34% टैरिफ, 10 अप्रैल से होगा लागू

बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन के 34% टैरिफ लगाने के फैसले को घबराहट भरा बताया है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए लिखा, चीन ने गलत कदम उठाया है। वे घबरा गए हैं। यह एक ऐसी चीज है जिसे वे बर्दाश्त नहीं कर सकते। चीन का जवाबी टैरिफ उन्हें बहुत भारी पड़ेगा। अमेरिका ने दुनिया के 60 देशों पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। इसमें चीन पर 34ल टैरिफ लगाया है। इससे पहले ट्रम्प चीन पर एक महीने में दो बार 10ल-10ल टैरिफ लगा चुके हैं, जिससे कुल टैरिफ 54ल तक पहुंच चुका है।

इसके जवाब में चीन ने शुक्रवार को अमेरिका पर 34% जवाबी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। नया टैरिफ 10 अप्रैल से लागू होगा। चीन सरकार ने एक बयान जारी कर कहा कि अमेरिका का यह कदम अंतरराष्ट्रीय ट्रेड नियमों का उल्लंघन करता है। इससे चीन के कानूनी अधिकार और हितों का नुकसान हो रहा है। यह साफ तौर पर एकतरफा दबाव डालने की कोशिश है।

### अब अमेरिका आने वाले चीनी सामान पर 54% टैरिफ

जनवरी में सत्ता में लौटने के बाद से ट्रम्प ने अब तक चीन से आने वाले सभी इंपोर्ट्स पर दो बार 10ल अतिरिक्त शुल्क लगाए हैं। व्हाइट हाउस का कहना है कि यह कदम अमेरिका में चीन से अवैध रूप से आने वाले फेंटेनाइल को रोकने के लिए जरूरी था। इसका मतलब यह है कि अब अमेरिका में आने वाले चीनी सामानों पर प्रभावी रूप से कुल 54ल टैरिफ लागू हो गया है।

### चीन ने 11 अमेरिकी कंपनियों को अविश्वसनीय बताया

शुक्रवार को जवाबी टैरिफ का ऐलान करने के साथ चीन ने 11 अमेरिकी कंपनियों को उन कंपनियों की लिस्ट में डाल दिया है जिन पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। इनमें ड्रोन बनाने वाली कंपनियां भी शामिल हैं। इसके अलावा 16 अमेरिकी कंपनियों पर एक्सपोर्ट नियम लागू किए गए हैं, जिससे वे चीनी



के दोहरे उपयोग वाले सामान का निर्यात न कर सकें।

### अमेरिका-चीन में ट्रेड वॉर से दुनिया में आर्थिक मंदी का खतरा

अर्थशास्त्री और 'द ग्लोबल ट्रेड पैराडाइम' के लेखक प्रो. अरुण कुमार के मुताबिक पहले और दूसरे नंबर की आर्थिक महाशक्ति अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वॉर दुनिया को आर्थिक मंदी में धकेल सकता है, लेकिन ट्रम्प के मनमाने टैरिफ से चीन का पलड़ा भारी रहने वाला है। कई देश अब ट्रेड के लिए चीन की ओर रुख कर सकते हैं।

34% टैरिफ से चीन के निर्यात, विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी और उपभोक्ता सामान, में बड़ी गिरावट आ सकती है। इससे चीनी अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ेगा। चीन को नए बाजार तलाशने होंगे। अमेरिका पर टैरिफ लगाने से चीनी घरेलू उद्योगों को भी कुछ राहत मिल सकती है, क्योंकि अमेरिकी सामान महंगे होने से स्थानीय उत्पादों की मांग बढ़ सकती है।

### कनाडा ने अमेरिका पर 25% टैरिफ लगाया

इससे पहले कनाडा ने गुरुवार को अमेरिकी कारों पर 25% टैरिफ का ऐलान किया है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अमेरिका में अपने सभी निवेश रोक दिए हैं। मैक्रों ने कहा, ट्रम्प को यूरोपीय यूनियन के ऊपर लगाए 20% टैरिफ को वापस लेना होगा।

# 4 दिन हीटवेव की चपेट में होगा आधा राजस्थान

## 44 डिग्री तक पहुंच सकता है गर्मी का पारा, अलर्ट जारी



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में गर्मी तेज होने लगेगी। अगले तीन-चार दिन राज्य के आधे से ज्यादा जिलों में हीटवेव चलने और तेज गर्मी पड़ने की आशंका है। इसको देखते हुए आज दो जिलों में हीटवेव चलने की संभावना है। जो 8 अप्रैल तक जारी रहेगी। 8 अप्रैल को 23 जिलों में हीटवेव चलने का अलर्ट जारी किया गया है।

पश्चिमी राजस्थान के जिलों में इस दौरान पारा 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचे की आशंका है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक पाकिस्तान-राजस्थान की सीमा पर एक एंटी साइक्लोन बनने और उसके असर से पश्चिमी हवाओं का प्रभाव बढ़ने के कारण अचानक गर्मी तेज होगी। राज्य में कल भी दिनभर तेज गर्मी रही।

### बाड़मेर सबसे गर्म रहा, 6 जिलों में तेज गर्मी

जालोर, जोधपुर, बाड़मेर, चित्तौड़गढ़, कोटा और वनस्थली (टोंक) एरिया में दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज हुआ। कल सबसे ज्यादा तापमान बाड़मेर जिले में दर्ज हुआ, जहां 42.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। बाड़मेर, कोटा, चित्तौड़गढ़, जोधपुर के एरिया में कल दिन में हीटवेव भी चली।

### जयपुर में पारा औसत से 3 डिग्री ऊपर पहुंचा

राजधानी जयपुर में अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो यहां के औसत तापमान से 3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। जयपुर में सुबह 10 बजे बाद से ही धूप तेज रही और देर शाम तक तेज गर्मी रही। शाम सूरज ढलने के बाद हल्की ठंडक हुई, जिससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली। जयपुर के अलावा चूरू, धौलपुर में भी कल अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### इन जिलों के लिए येलो अलर्ट

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने बाड़मेर, जैसलमेर जिले में हीटवेव चलने की संभावना जताते हुए इसके लिए दोनों जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। जो 6 अप्रैल को 8 जिलों, 7 अप्रैल को 19 जिलों और 8 अप्रैल को 23 जिलों में हीटवेव का येलो अलर्ट है।

## मणिपुर में शांति बहाली पर दिल्ली में बैठक हुई केंद्र से मिले मैतेई-कुकी समुदाय के प्रतिनिधि; राज्य में 23 महीने से हिंसा जारी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शनिवार को दिल्ली में मैतेई और कुकी समुदायों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक का मकसद दोनों समुदायों के बीच विश्वास बहाली और स्थायी शांति स्थापना था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बैठक में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और सामुदायिक मेल-मिलाप की रणनीति पर चर्चा हुई। मैतेई समुदाय की ओर से ऑल मणिपुर यूनाइटेड क्लब्स ऑर्गेनाइजेशन और फेडरेशन ऑफ सिविल सोसाइटी ऑर्गेनाइजेशन के 6 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया, जबकि कुकी समुदाय की ओर से 9 प्रतिनिधि शामिल हुए। इंटेलिजेंस ब्यूरो के पूर्व स्पेशल डायरेक्टर ए.के. मिश्रा केंद्र सरकार के वार्ताकार के तौर पर मौजूद रहे। गृह मंत्री अमित शाह ने 3 अप्रैल को लोकसभा में कहा था कि मंत्रालय मैतेई और कुकी संगठनों के साथ पहले भी बातचीत कर चुका है और जल्द ही संयुक्त बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की प्राथमिकता मणिपुर में शांति बहाल करना है। मई 2023 में मैतेई समुदाय को स्ज्ञ दर्जा देने के खिलाफ हुए आदिवासी एकजुटता मार्च के बाद हिंसा भड़क उठी थी। अब तक लगभग 250 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। 50 हजार से ज्यादा विस्थापित हैं। राज्य में 13 फरवरी को राष्ट्रपति शासन लगाया गया था। विधानसभा को निलंबित किया गया था। पूर्व गृह सचिव रह चुके मणिपुर के नए राज्यपाल अजय कुमार भल्ला लोगों से मिलकर शांति बहाली के प्रयास कर रहे हैं।

**राहत शिविरों की स्थिति दयनीय, बिना दवा-इलाज मरीज मर रहे :** 21 मार्च को सुप्रीम कोर्ट के 6 जजों की टीम ने मणिपुर का दौरा किया था। राहत शिविरों का दौरा किया था। टीम में जस्टिस कोटेश्वर सिंह, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस केवी विश्वनाथन शामिल थे।

# अगले चैत्र-नवरात्रि तक लाल आतंक खत्म हो जाएगा : शाह

## दंतेवाड़ा में कहा- नक्सली सरेंडर करें, बस्तर पंडुम को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाएंगे

बढ़ता राजस्थान

**दंतेवाड़ा।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दंतेवाड़ा में कहा कि अगले चैत्र नवरात्रि तक लाल आतंक खत्म हो जाएगा। बस्तर से नक्सलवाद खत्म होने के कगार पर है। नक्सलियों से अपील है कि वो सरेंडर करें। लोगों से कहा नक्सलियों को सरेंडर कराकर गांवों को नक्सल मुक्त बनाइए। हर गांव को एक करोड़ मिलेगा। शाह ने कहा कि बस्तर पंडुम को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाएंगे। कांग्रेस ने 75 साल तक गरीबी हटाओ का नारा लगाया। पीएम मोदी ने करोड़ों लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला। करोड़ों गरीबों को फ्री राशन मिल रहा है। नक्सलियों से फिर कहा कि किसी को कोई मारना नहीं चाहता, नक्सली सरेंडर करें। भारत सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार संरक्षण देगी। इससे पहले मंच पर पहुंचने पर सीएम साय ने उन्हें गौर मुकुट पहनाकर स्वागत किया। उन्हें कोंडागांव का प्रसिद्ध ढोकरा आर्ट भेंट किया।

### सरेंडर्ड नक्सलियों में 66 पुरुष और 20 महिलाएं शामिल हैं।

आईजी चंद्रशेखर रेड्डी ने कहा कि उन्होंने तेलंगाना सरकार द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन चेयुथा कार्यक्रम के तहत आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वालों को तत्काल सहायता के रूप में 25 हजार रुपये दिए गए।



### आने वाले 1 साल में बस्तर लाल आतंक से मुक्त होगा : विजय शर्मा

गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि आने वाले 1 साल में बस्तर लाल आतंक से मुक्त होगा। गृहमंत्री अमित शाह लौह पुरुष हैं। उन्होंने संकल्प लिया है कि बस्तर से नक्सलवाद का खात्मा किया जाएगा। बस्तर के इस कार्यक्रम में सभी जनजातियों के विभिन्न पारंपरिक और सांस्कृतिक परंम्पराओं को लेकर आए हैं। इसी को लेकर बस्तर पंडुम का आयोजन हुआ। 32 जनपद, 7 जिलों में आयोजन हुआ। अब संभाग स्तरीय आयोजन किया जा रहा है। आज का यह कार्यक्रम विश्व रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। इतनी विविधताएं लेकर एक कार्यक्रम हुआ है। बस्तर पंडुम को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। बस्तर के गांव नौ जवान विश्व पटल पर सामने आकर अपने मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। बस्तर और देश से नक्सलवाद का खात्मा किया जाएगा। जिसके बाद बस्तर पूरे विश्व में बदलता दिखेगा।

### शाह का छत्तीसगढ़ दौरा, तेलंगाना में 86 नक्सलियों का सरेंडर

अमित शाह छत्तीसगढ़ दौरे पर पहुंचे हैं। वहीं पड़ोसी राज्य तेलंगाना के कोत्तागुडम में छत्तीसगढ़ के 86 नक्सलियों का सरेंडर हुआ है। भद्राद्रि कोठागुडेम जिला: मल्टी जोन - 1 आईजी चंद्रशेखर रेड्डी ने कोठागुडेम हेमचंद्रपुरम पुलिस मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी।

छत्तीसगढ़ के 86 माओवादी पार्टी सदस्यों ने भद्राद्री कोठागुडेम जिले और मुलुगु जिले की पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया।

### बस्तर की शांति, विकास के लिए काम चल रहा- रामविचार नेताम

मंत्री राम विचार नेताम ने कहा कि गांव गांव में बस्तर पंडुम शुरू हुआ। ब्लॉक से लेकर जिला स्तर तक चला। अब संभाग स्तरीय कार्यक्रम है। जिसका समापन है। बस्तर में शांति के लिए, विकास के लिए संस्कृति के संवर्धन के लिए काम चल रहा है। अमित शाह की उपस्थिति में समापन है। मैं बस्तर में मां दंतेश्वरी की धरा पर उनका स्वागत करता हूं।


बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com